राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत


वर्ष : 13 , अंक : 195, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 29 जनवरी 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


## मुख्य अपडेट


जागरण के दौरान कालकाजी मंदिर में स्टेज गिरा, 17 लोग घायल; एक महिला की हुई मौत .... पेज 03

रामनगरी के 2.97 लाख से अधिक घरों तक नल से जल पहुंचाने की सारथी बनी डबल .... पेज 05

सिनर ने मेदवेदेव को हराकर जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल का खिताब .... पेज 07


विरोध प्रदर्शन



पटना में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के आवास के बाहर राजद समर्थकों ने जदयू प्रमुख नीतीश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# नौवीं बार...मैं नीतीश कुमार

## नीतीश 9वीं बार बिहार के सीएम बने, 2 डिप्टी सीएम सहित 8 मंत्रियों ने शपथ ली



पटना। नीतीश कुमार ने रविवार शाम 5 बजे 9वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष रहे विजय सिन्हा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। शपथ ग्रहण के बाद सीएम नीतीश ने कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा। साथ ही कहा कि अब कहीं जाने का कोई सवाल नहीं है।

नीतीश ने कल सुबह 11 बजे ही इस्तीफा दिया था। इस्तीफे के साथ नई सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इसके बाद दोपहर में भाजपा ने नई सरकार को समर्थन का औपचारिक ऐलान किया था।

शाम पांच बजे हुए समारोह में नीतीश के साथ कुल 8 मंत्रियों ने शपथ ली। मंत्रियों में मुख्यमंत्री समेत 2 कुर्मी, 2 भूमिहार, 1-1 राजपूत, दलित, कहार, कोइरी और यादव हैं। सभी का संक्षिप्त ब्योरा नीचे दिया गया है...


### उपमुख्यमंत्री

1. सम्राट चौधरी (भाजपा) 2. विजय सिन्हा (भाजपा)

### मंत्री

3. डॉ. प्रेम कुमार (भाजपा)
4, विजेंद्र प्रसाद (जदयू)
5. श्रवण कुमार (जदयू)
6. विजय कुमार चौधरी (जदयू)
7. संतोष कुमार सुमन (हम)
8. सुमित सिंह (निर्दलीय)

### गिरगिटों को टक्कर देने वालों को माफ नहीं करेगी बिहार की जनता



कांग्रेस ने जनता दल (यू) के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम लिए बिना उन पर तीखा हमला करते हुए रविवार को कहा कि रंग बदलने में गिरगिटों को टक्कर देने और विश्वासघात करने वालों को पूरा देश देख रहा है और बिहार की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा, देश में आया राम-गया राम जैसे कई लोग हैं।

### प्रशांत किशोर बोले- नीतीश की तरह मोदी-शाह भी पलटूमार हैं



राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने नीतीश के एनडीए में मिलने को लेकर कहा- मैं पहले भी कई बार कह चुका हूं कि नीतीश किसी भी समय पलट सकते हैं। यह उनकी राजनीति का हिस्सा बन चुका है, लेकिन आज के घटनाक्रम ने बता दिया कि बिहार में सब पलटूमार है। अमित शाह, नरेंद्र मोदी और भाजपा वाले भी नीतीश जितने ही पलटूमार हैं।

### भाजपा के साथ सरकार बनाना घोर अवसरवाद

कांग्रेस ने नीतीश कुमार के महागठबंधन से नाता तोड़ने के बताए गए बहाने को हास्यास्पद बताया और कहा कि यह उनका घोर अवसरवाद और सिद्धांतहीन कदम है । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद प्रेमचंद्र मिश्रा ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी से हाथ मिलाकर सरकार बनाने वाला कदम अपने आप में घोर अवसरवाद और सिद्धांतहीन है। उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार ने महागठबंधन छोड़ने के जो कारण बताए हैं कांग्रेस की नजर में वह हास्यास्पद है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय को भारत के जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त बनाने और संविधान निर्माताओं के सपनों को साकार करने का लगातार प्रयास करने वाला बताते हुए रविवार को कहा कि केंद्र सरकार समाज के हर तबके तक सुलभ तरीके से न्याय पहुंचाने के लक्ष्य के तहत शीर्ष अदालत के साथ-साथ अन्य न्यायालयों में ढांचागत आधुनिक सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में हर संभव मदद करेगी। मोदी ने उच्चतम न्यायालय के हीरक जयंती के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत के संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के सिद्धांतों वाले स्वतंत्र भारत का स्वप्न देखा था। भारत के उच्चतम न्यायालय ने इन सिद्धांतों के संरक्षण का निरंतर प्रयास किया है। मोदी ने कहा, अभिव्यक्ति की आजादी हो, व्यक्तिगत स्वतंत्रता हो, सामाजिक न्याय, सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त किया। प्रधानमंत्री ने सशक्त न्याय व्यवस्था को विकसित भारत का आधार बताते हुए कहा कि न्यायालयों में आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ-साथ अन्य ढांचागत आधुनिक सुविधाएं बढ़ाना उनकी सरकार की प्राथमिकता रही है। इसी दिशा में पिछले कुछ वर्षों में 7000 करोड़ से अधिक की राशि दी गई।

## कर्नाटक में धार्मिक ध्वज हटाने पर बवाल

मांड्या। कर्नाटक के मांड्या में 108 फीट ऊंचे स्तंभ पर हनुमान ध्वज को हटाने वाले मामले पर राज्य की सिद्दारमैया सरकार निशाने पर है। सिद्धारमैया सरकार के आदेश पर इस कदम ने प्रदेश में नया राजनीतिक विवाद खड़ा दिया है। भाजपा ने इस घटना के बाद इलाके में हुई हिंसक घटनाओं के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। अब इस पूरे प्रकरण पर सीएम सिद्दारमैया ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि मांड्या के केरागोडु गांव में 108 फीट ऊंचे खंभे से हनुमान ध्वज को हटाने के अधिकारियों का कदम सही था। उन्होंने कहा कि इसके बजाय उस स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना चाहिए था ।झ्ठ्ठसमाचार एजेंसी एएनआई ने सिद्धारमैया के हवाले से कहा, राष्ट्रीय ध्वज की जगह भगवा झंडा फहराना सही नहीं है। उन्हें राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए था। हालांकि इस कदम से राज्य में बड़े पैमाने पर राजनीतिक विवाद पैदा हो गया है और भाजपा ने इस घटना के आसपास अशांति के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बावाई विजयेंद्र ने कहा, जब ग्राम पंचायत बोर्ड ने मांड्या जिले के केरागोडु गांव में हनुमान ध्वज फहराने का फैसला किया, तो राज्य सरकार ने पुलिस बल के माध्यम से ध्वज को नीचे उतारने का दुस्साहस दिखाया।

# बरेली में तीन बच्चों सहित पांच लोग घर में जिन्दा जले

## कमरा बंद करके सोया था परिवार; न चीखें आईं न पड़ोसियों का पता चला

बरेली। बरेली में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां परिवार के पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मरने वालों में पति-पत्नी और 3 बच्चे हैं। सुबह धुआं उठता देखा तो आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम अंदर पहुंची, तो वहां सभी की मौत हो चुकी थी।

पुलिस को आशंका है कि शॉर्ट सर्किट या किन्हीं अन्य कारण से घर में आग लग गई। परिवार सो रहा था ऐसे में शायद उन्हें जब तक पता चला तब तक आग बढ़ चुकी थी और वह बाहर नहीं निकल पाए। एक और आशंका यह भी है कि कमरे में धुआं भरने के चलते सभी की मौत हो गई। हालांकि, पुलिस अन्य एंगल पर भी जांच कर रही है।

डीएम रविंद्र कुमार ने कहा, जिला प्रशासन की ओर से मृतक के परिवार वालों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही अंतिम संस्कार का खर्च भी प्रशासन उठाएगा।



पुलिस मौके पर पहुंची, दरवाजा तोड़कर सभी के शवों को बाहर निकाला गया।

### कमरे में हीटर जलाकर सोया था परिवार

पुलिस के मुताबिक, मृतकों में अजय गुप्ता, उनकी पत्नी अनिता और 3 बच्चे- दिव्यांश (9), दिव्यांग्या (6 ) और छोटा बेटा दक्ष (3) हैं। रात में पूरा परिवार कमरे में सोया हुआ था। कमरे में हीटर चलने की बात भी सामने आ रही है।

सुबह पड़ोस के रहने वाले युवक ने देखा, तो दरवाजा बंद था। घर से धुआं उठ रहा था। इसके बाद उसने आस-पास के लोगों को इसके बारे में बताया। देखते ही देखते आस-पास के लोगों को भीड़ जुट गई। फिर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर सभी को बाहर निकाला गया।

### चेहरे काले, कपड़े जलकर शरीर में चिपके

फोरेंसिक टीम हीटर में शॉर्ट सर्किट से ही कमरे में आग लगना मान रही है। वजह है कि एक हीटर का वायर जला हुआ था। सभी के चेहरा काले पड़े मिले हैं। कपड़े जलकर शरीर से चिपक गए हैं। चारपाई और बेड भी जले मिले हैं। अजय गुप्ता, उसकी पत्नी और बच्चों के शव दरवाजे के पास नहीं मिले हैं। इससे पुलिस और फोरेंसिक टीम मान रही है कि आग लगने पर भागने का प्रयास या दरवाजा खोलने का प्रयास नहीं किया।

### हीटर का वायर जला हुआ मिला

फोरेंसिक टीम की जांच में सामने आया है कि अजय गुप्ता के मकान में 2 कमरे हैं। जिस कमरे में परिवार सोया हुआ था। उस कमरे में दो लोहे के हीटर बिजली के बोर्ड में लगे हुए मिले हैं। कमरे का लकड़ी का दरवाजा है। उसमें अंदर कुंडी नहीं थी। रात में परिवार अंदर से हाथ डालकर बाहर से कुंडी लगा देता था। पड़ोस में रहने वाले राजेश ने पुलिस को बताया कि अजय से हमने कई बार कहा था, जिस कमरे में सोते हो, उसमें अंदर से कुंडी लगवा लो।

# संसद में विजिटर्स के लिए बदला एंट्री सिस्टम, बायामीट्रिक जांच होगी

## स्मार्ट कार्ड सबमिट करना होगा; 13 दिसंबर के हमले के बाद फैसला

नई दिल्ली। संसद भवन परिसर में विजिटर्स की एंट्री के लिए नया सिस्टम बनाया गया है। ये बदलाव 31 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र से ही लागू हो जाएंगे। यह प्रक्रिया तीन चरणों में होगी। इसके तहत संसद की कार्यवाही देखने के लिए गेस्ट को त्तक्रकोड लेना होगा।

संसद में आते समय विजिटर्स को त्तक्र कोड का प्रिंट आउट और आधार कार्ड लाना होगा। इसके बाद उसे स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा। जिसे टैप कराने और बायोमीट्रिक जांच के बाद ही वह संसद में एंट्री कर सकेगा।

संसद में जाते समय अपना स्मार्ट कार्ड जमा करना होगा, अगर वह ऐसा नहीं करता तो ऑटोमेटिकली ब्लॉक और ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। फिर वह दोबारा कभी संसद कैंपस में एंट्री नहीं कर सकेगा।



दरअसल, यह बदलाव 13 दिसंबर की घटना के बाद किया गया है। जब विजिटर्स गैलरी से 2 शख्स सांसदों के बीच कूद गए थे और उन्होंने स्मोक कैन जलाकर नारेबाजी की थी।

### सांसदों को निर्देश- केवल एक पास, ऑनलाइन आवेदन करें

बजट सेशन के लिए पास लेने विजिटर्स 31 जनवरी शाम 4 बजे तक ही आवेदन कर सकते हैं। इतना ही नहीं सांसदों को उस दिन के लिए विजिटर्स गैलरी के लिए केवल एक पास का आवेदन करने के लिए कहा गया है। इसमें भी सांसद के जीवनसाथी को प्राथमिकता दी जाएगी। सांसदों को सलाह दी गई है कि वे इस बात पर जोर दें कि उनके मेहमान/आगंतुक पब्लिक गैलरी पास के लिए आवेदन के साथ अपना सही पता, फोन नंबर और आधार कार्ड की एक कॉपी जमा करें।

# एक दशक में पद्म सम्मान मिलने की प्रक्रिया में आया बड़ा बदलाव : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद्म सम्मान पाने वाली हस्तियों को शुभकामनाएं देते हुए रविवार को कहा कि पिछले एक दशक में पद्म सम्मान मिलने के सिस्टम में बड़ा बदलाव आया है और पद्म सम्मान के प्रति लोगों का भाव भी बदला है।



मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं कड़ी में कहा कि जो लोग निस्वार्थ भावना के साथ समाज को, देश को, सशक्त करने का काम कर रहे हैं, उन्हें पद्म सम्मान से सम्मानित करने का तरीका बदला है और यही वजह है कि अब इस सम्मान के लिए लोग बड़ी संख्या में अपने विशिष्ट कार्यों के साथ खुद आगे आकर पद्म सम्मान के लिए नामांकन कर रहे हैं। उन्होंने कहा मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि पिछले एक दशक में पद्म सम्मान का सिस्टम पूरी तरह से बदल चुका है।

## कोविड के 182 नए मामले आए सामने

नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 182 नए मामले सामने आए हैं। वहीं, कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 1,525 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे की अवधि में केरल में एक मौत की सूचना मिली है। देश में कोविड-19 के दैनिक मामलों की संख्या 5 दिसंबर तक घट गई थी, लेकिन नए संस्करण के उभरने और ठंड के मौसम की स्थिति के बाद इसमें वृद्धि देखी गई।

# ट्रक में पीछे से जा भिड़ी कार, 6 लोगो की मौत

**पुलिस का कहना है कि ड्राइवर को कार चलाते हुए नींद आ गई थी**

तेनकासी। तमिलनाडु के तेनकासी में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें 6 लोगों की जान चली गई। जानकारी के मुताबिक एक कार सामने जा रही ट्रक में पीछे से जाकर भिड़ गई। तेज रफ्तार से आ रही कार सीमेंट से लदे ट्रक से भिड़ गई। इसके बाद कार के परखच्चे उड़ गए।




जानकारी के मुताबिक कार पर सवार लोग वीकेंड ट्रिप के बाद घर लौट रहे थे। इनकी पहचान कार्तिक, वेल मनोज, सुब्रमणि, मनोहरन और पोथीराज के रूप में हुई है।

पुलिस का कहना है कि ड्राइवर को कार चलाते हुए नींद आ गई थी। इसी वजह से कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। घटना सुबह के करीब 3.30 बजे की है। ट्रक केरल जा रहा था। हादसे के बाद मौके पर ही 6 में से पांच की मौत हो गई। वहीं एक ने अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। कार की ऐसी हालत हो गई थी कि उसमें से शवों को निकालने में आधा घंटा का समय लग गया। शवों को निकालने में फायर डिपार्टमेंट की भी मदद लेनी पड़ी। इसके बाद शवों को ऑटोप्सी के लिए तिरुनेलवेली के सरकारी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। पुलिस ने भी हादसे को लेकर जांच करने की बात कही है। तीन दिन पहले ही धर्मापुरी के थोप्पुर घाट में इसी एक भीषण हादसा हुआ था जिसमें चार लोगों की जान चली गई थी ।घटना में कम से कम 8 लोग घायल भी हुए थे। बाद में हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था जिसमें देखा गया एक ट्रक कई वाहनों को रौंदता चला गया। चार वाहन इसकी चपेट में आ गए थे।

**साइबर अपराध**

**इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉस टीम (सीईआरटी-इन) ने जारी की एडवाइजरी**

# हाई प्रोफाइल सोशल मीडिया अकाउंट पर साइबर अपराधियों की नजर

एजेंसी

नई दिल्ली। सोशल मीडिया आज के समय में हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। हम अपने दोस्तों और परिवार के साथ जुड़ने, समाचारों से अपडेट रहने और मनोरंजन के लिए इंटरनेट मीडिया का उपयोग करते हैं।

हालांकि, सोशल मीडिया अकाउंट को हैक होने का खतरा भी होता है। हैकर्स आपके अकाउंट तक पहुंचकर आपके निजी डेटा को चुरा सकते हैं, आपके अकाउंट का उपयोग गलत जानकारी फैलाने के लिए कर सकते हैं या आपके अकाउंट को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### 'स्कैमर के निशाने पर हाई प्रोफाइल लोगों के अकाउंट'

भारत की संघीय साइबर सुरक्षा एजेंसी ने एक एडवाइजरी में कहा कि हाल में ऐसी घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिसमें स्कैमर हाई प्रोफाइल लोगों और सरकारी संगठनों के इंटरनेट मीडिया खातों को अपने नियंत्रण में कर दुष्प्रचार अभियान चलाते हैं। इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉस टीम (सीईआरटी-इन) ने कहा कि ऐसे खातों की सुरक्षा जरूरी है। उसने सोशल मीडिया अकाउंट से छेड़छाड़ पर नजर रखने के लिए कुछ कदम उठाने का भी सुझाव दिया।



### सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव के साथ सुरक्षा खतरे भी

एडवाइजरी में कहा गया है कि आज की दुनिया में सोशल मीडिया जनमत बनाने और सूचना फैलाने में अहम भूमिका निभाता है। ये मंच व्यक्तियों, सरकारों और उद्यमों के लिए आवश्यक और संचार तथा सामाजिक गतिविधियों के लिए एक शक्तिशाली माध्यम बन गए हैं। इसमें कहा गया है कि हालांकि, सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव के साथ सुरक्षा खतरे भी हैं।

### अपने सॉफ्टवेयर और ब्राउजर को अपडेट रखें

सोशल मीडिया खातों के दुरुपयोग को रोकने और विश्वसनीय सूचना के प्रसार के लिए उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है। एडवाइजरी में कहा गया है कि अपने सॉफ्टवेयर और ब्राउजर को अपडेट रखें। अपडेट में अक्सर सुरक्षा पैच शामिल होते हैं जो आपके अकाउंट को हैक होने से बचा सकते हैं। इसके साथ ही अनजान लोगों के लिंक पर क्लिक न करें या संदिग्ध ईमेल न खोलें। हैकर्स अक्सर लोगों को अपने अकाउंट की जानकारी देने के लिए लिंक या ईमेल का उपयोग करते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट को हैकिंग से सुरक्षित रख सकते हैं।

# न्यायपालिका में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी : न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका के काम-काज महिलाओं की भागीदारी बढ़ने के तथ्यों का हवाला देते रविवार को कहा कि 12 से अधिक राज्यों में आयोजित जूनियर सिविल जजों की भर्ती परीक्षा में 50 फीसदी से अधिक चयनित उम्मीदवार महिलाएं थीं।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत की हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कानूनी पेशा परंपरागत रूप से कुलीन पुरुषों का पेशा माना जाता था, क्योंकि परंपरागत रूप से इस पेशे में महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम था। हालांकि, समय के साथ बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि जूनियर सिविल जजों की भर्ती के मामले में महिलाओं की संख्या आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे कई राज्यों में बढ़ी है। उन राज्यों में आयोजित जूनियर सिविल जजों की भर्ती परीक्षा में 50 फीसदी से अधिक चयनित उम्मीदवार महिलाएं थीं।



न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि शीर्ष अदालत में इस वर्ष न्यायाधीशों की सहायता के लिए नियुक्त कानून क्लर्क-सह-शोध सहयोगियों में से 41 उम्मीदवार महिलाएं हैं।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वर्ष 2024 से पहले पिछले 74 वर्षों में शीर्ष अदालत के इतिहास में केवल 12 महिलाओं को %वरिष्ठ वकील% के रूप में नामित किया गया था, जबकि पिछले हफ्ते देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाली 11 महिलाओं को एक चयन प्रक्रिया के बाद वरिष्ठ वकील के रूप में नामित किया था।

## शार्ट न्यूज

### खट्टर ने इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का किया शुभारंभ

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रविवार पानीपत के नए बस स्टैंड सिवाह से इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पानीपत में पहले सात दिन इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा मुफ्त करने की घोषणा की, ताकि लोग अपनी कार व निजी वाहनों को छोड़ सार्वजनिक परिवहन से यात्रा कर सकें। सिटी बस सेवा का रूट भी शहर के लोगों की मांग व आवश्यकता को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। पानीपत में फिलहाल तीन इलेक्ट्रिक सिटी बस चालू की गई हैं। शीघ्र ही पांच अन्य बसों को भी बेड़े में शामिल किया जाएगा। सिटी बस सेवा यात्री किराया 10 से 50 रुपये के बीच होगा और रूट 28 से 30 किलोमीटर का होगा। शहर के लगते गांवों में सिटी बस सेवा का चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जाएगा। खट्टर ने पानीपत के लोगों को सिटी बस सेवा शुरू होने पर शुभकामना दी और स्वयं भी सिटी बस से यात्रा की। उनके साथ राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, सांसद संजय भाटिया, शहर विधायक प्रमोद विज और परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप विर्क ने भी यात्रा की।

### पंजाब केसरी ने लाला लाजपत राय का 159वां जन्मदिन मनाया गया

लुधियाना। स्वतंत्रता संग्रामी, पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जी का 159वां जन्म दिन रविवार को देश भक्ति यादगारी सोसायटी पंजाब की तरफ से राजगुरू नगर में मनाया गया। सोसायटी के पंजाब प्रधान कृष्ण कुमार बावा, संजय ठाकुर, दीपक मौर्य और बेटी मन्नत ने लाला लाजपत राय को श्रद्धा के फूल भेंट किए। बावा ने कहा कि लाला जी का जीवन देश के लिए कुछ करने और मानवता की सेवा की प्रेरणा देता है। वह पंजाब नेशनल बैंक के निर्माता थे। उन्होंने समाज को गौरमयी इतिहास और ज्ञान प्राप्त करने के लिए द्वारका दास पुस्तकालय बनाई जो पहले लाहौर में थी। अब चंडीगढ़ में बन रही है। उन्होंने अपनी माता के नाम पर तपेदिक के मरीजों के लिए जालंधर में गुलाब देवी हस्पताल बनाया। उन्होंने अमरीका जा कर संघर्षशील संगठनों की सहायता की। लाला जी ने साइमन कमीशन गो बैक के नारे लगातें हुए अंग्रेज़ हकूमत की जानलेवा लाठियां खाई और शहीद हुए। उन्होंने आखिरी दम तक यह ही कहा कि अंग्रेज़ हकूमत की एक-एक लाठी अंग्रेज़ हकूमत के कफ़न में आखिरी कील साबित होगी।

### झपटमार गिरोह का भंडाफोड़ , चार गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को बताया कि पुलिस ने चार अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि स्नैचरों का एक समूह सक्रिय है जो छुरी (दात) का उपयोग करके लोगों से कीमती सामान छीनता है । उन्होंने बताया कि यह गिरोह चोरी का सामान किसी और को बेच देता था। स्वपन शर्मा ने कहा कि सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने निर्दिष्ट क्षेत्र में जांच शुरू की, जिसके परिणामस्वरूप 40 क्वार्टर के पास से संदिग्धों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस ने गौरव उर्फ गोरी निवासी जालंधर, राज कुमार उर्फ नागराज निवासी जिला बेहराइच उत्तर प्रदेश , कुँवर बहादुर निवासी जालंधर और रोहित अरोड़ा निवासी जालंधर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि बल ने गिरोह से विभिन्न ब्रांडों के चोरी के 10 मोबाइल फोन, एक बिना नंबर की मोटर साइकिल सीटी-100 और एक छुरी (दात) बरामद की है। उन्होंने कहा कि गौरव, कुंवर बहादुर और रोहित अरोड़ा का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, लेकिन राज कुमार के खिलाफ लुधियाना, अमृतसर और जालंधर में पांच मामले दर्ज हैं।

### भाजपा ने उप मुख्यमंत्री बनाकर सम्राट की 'पगड़ी' का बढ़ाया मान

पटना। वंशवाद और परिवारवाद से परे की राजनीति का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने श्री सम्राट चौधरी को पार्टी के साथ महज सात साल के छोटे सफर में ही बिहार का उप मुख्यमंत्री बनाकर उनकी पगड़ी का मान बढ़ा दिया है। भाजपा में वर्ष 2017 में शामिल हुए सम्राट चौधरी ने वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन में शामिल हो कर सरकार बनाने के बाद प्रण लिया था कि 'नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतारने के बाद ही वह अपनी पगड़ी खोलेंगे।' बिहार में सियासी हालात ऐसे बने कि श्री नीतीश कुमार को कुर्सी छोड़नी पड़ी और फिर एक नये समझौते के साथ उनकी (श्री कुमार) अगुवाई में सरकार बनी तब भाजपा ने श्री सम्राट चौधरी की आन-बान को कम नहीं होने दिया और उन्हें उप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाकर उनकी 'पगड़ी' का मान और बढ़ा दिया। चौधरी के भाजपा में आने के एक साल बाद वर्ष 2018 में ही उन्हें बिहार भाजपा का उपाध्यक्ष बना दिया गया। इतना ही नहीं वर्ष 2020 में प्रदेश की राजग सरकार में उन्हें पंचायती राज मंत्री की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके बाद 27 मार्च 2023 को वह बिहार भाजपा के अध्यक्ष बनाए गए। इससे पहले वर्ष 1999 में वह तत्कालीन राबड़ी देवी सरकार में पहली बार कृषि मंत्री बनाए गए थे लेकिन उस समय उनकी उम्र को लेकर विवाद हुआ था।

### झारखंड एक बेचैन राज्य का सुख पुस्तक का विमोचन मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया

रांची। वरिष्ठ पत्रकार और लेखक श्याम किशोर चौबे कृत सद्य प्रकाशित पुस्तक झारखंड एक बेचैन राज्य का सुख का विमोचन झारखंड के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया। रांची प्रेस क्लब में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त ने किया द्य प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक झारखंड एक बेचैन राज्य का सुख का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस पुस्तक में लेखक ने झारखंड के लिए अपनी बेचैनी को दर्शाया है । झारखंड के विकास के लिए इस तरह की बेचैनी राज्य के सभी लोगों में होना चाहिए जिससे झारखंड का भविष्य सुनहरा और अच्छा होगा। उन्होंने कहा की सभी लेखकों को भी राज्य के विकास के प्रति अपनी बेचैनी दर्शानी होगी , तब ही राज्य का विकास तेजी से हो सकेगा द्य उन्होंने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद राज्य की सत्ता में स्थानीय लोगों की भागीदारी हो रही है यह अच्छी बात है। श्री मरांडी ने कहा कि कोई भी देश या राज्य का विकास अचानक नहीं हो जाता है उसमें समय लगता है द्य झारखंड अलग बनने के बाद राज्य का विकास हुआ है कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। राज्य बनने से पहले जो भाई का वातावरण था अब वह यहां नहीं है।

### पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों का भरपूर लाभ मिलेगा मध्यप्रदेश और राजस्थान को

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की आज पड़ोसी राज्य राजस्थान की राजधानी जयपुर की यात्रा के दौरान वहां के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ महत्वपूर्ण बैठक के बाद पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों के जल के बेहतर प्रबंधन एवं उपयोग को लेकर नयी उम्मीद जगी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के लोगों को पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों के पानी का भरपूर लाभ मिलेगा। इन नदियों के जल के बंटवारे से दोनों राज्यों के लाखों किसानों का जीवन बदलेगा। विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। पर्यटन से लेकर औद्योगिक विस्तार मे तेजी आएगी। जल बंटवारे संबंधी नए निर्णय से दोनों राज्यों में विकास के अनेक द्वार खुलेंगे। नदियों की जल राशि के उपयोग से जुड़े वर्षों पुराने मुद्दों का समाधान होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जयपुर प्रवास के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री शर्मा के साथ इस मुददे पर आयोजित बैठक में चर्चा की। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने, मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत कर स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। बैठक में दोनों राज्यों के हित में तीन नदियों के जल बंटवारे से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुयी। केन्द्र सरकार से विमर्श कर निर्णय लिया जायेगा। जयपुर में अनेक जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी मुख्यमंत्री डॉ यादव का पुष्प गुच्छों से स्वागत किया।

# प्राधिकरण पर किसान बोलेंगे हल्ला

**प्राधिकरण पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप, गांव-गांव जाकर की जनसभा**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसान 30 जनवरी को हल्ला बोलेंगे। इसको लेकर किसान अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। किसान ज्यादा से ज्यादा प्राधिकरण पर पहुंचे इसको लेकर किसान सभा के कार्यकर्ता गांव-गांव जनसभाएं कर रहे हैं और लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्राधिकरण पर पहुंचने की अपील कर रहे हैं।

किसान सभा 30 जनवरी से दूसरे चरण का आंदोलन शुरू कर रही है। 10त्न आबादी प्लाट, नए कानून को लागू करना और आबादियों के निस्तारण सहित अन्य मुद्दों को लेकर आंदोलन पक्का मोर्चा लगाकर चलेगा। 30 जनवरी के आंदोलन की तैयारी के सिलसिले में किसान सभा गांव में नुक्कड़ सभाएं, पंचायतें, जनसभाएं प्रचार अभियान चला रही हैं।



प्राधिकरण ने 10 प्रतिशत आबादी प्लाट के मुद्दे को सालों लंबित रखा है। किसानों में भारी आक्रोश है। हजारों की संख्या में किसान आंदोलन में हिस्सा लेंगे, आज इसी सिलसिले में सादोपुर के बाबा समाज खेल मंदिर पर बड़ी पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला पुरुषों नौजवानों ने हिस्सा लिया।

#### 10 प्रतिशत प्लाट की लड़ाई अंतिम दौर में

पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि 10त्न प्लाट की लड़ाई अपने अंतिम दौर में है। प्रस्ताव बोर्ड बैठक से पास होकर शासन के अनुमोदन के लिए चला गया है, जिसे मंजूर कराकर ही किसान सभा दम लेगी। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि नए अधिग्रहण कानून के संबंध में प्रस्ताव पास हो चुका है, उसका भी शासन से अनुमोदित होना शेष है, अनुमोदन करा कर ही आंदोलन खत्म होगा।

#### 124 दिन तक पहले चला था आंदोलन

किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने ऐलान किया कि रोजगार और भूमिहीनों के मुद्दों पर किसान सभा गंभीर हैं। वेंडिंग जोन के आरक्षण को लागू करवाना आवंटित करवाना इस आंदोलन का मकसद है। सुरेंद्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान सभा 30 जनवरी से पक्का मोर्चा लगाकर आंदोलन करेगी, जिस तरह पहले चरण में 124 दिन तक लगातार आंदोलन चला इसी तरह अबकी बार भी लगातार आंदोलन चलाया जाएगा।

# खड़गे ने देहरादून में मोदी सरकार पर कसा तंज

**देहरादून।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को उत्तराखंड के देहरादून में रविवार को केन्द्र की मोदी सरकार पर जमकर तंज कसे।



खड़गे ने देरी से यहां पहुंचने पर क्षमा मांगते हुए कहा, आजकल उड़ने के लिए मोदी जी की आज्ञा लेना पड़ती है। फिर हेलिकॉप्टर में चढ़ने, उतरने, हेलिकॉप्टर लैंडिंग में भी उनकी आज्ञा लेनी पड़ती है। वह हम सबको सताते हैं। ताकि लोग लंबा इंतजार करके हमारे भाषण के समय चले जाएं। हमें ऐसी सरकार को हटाना है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा , आप उत्तराखंड के लोग हिम्मत वाले हैं। पूरे देश को बचाने वाले हैं। उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा पर आरोप लगाया, आजकल देश को बचाने का क्रेडिट वह उत्तराखंड या हिमालय को नहीं देते। पूरा क्रेडिट मोदी जी खुद लेते हैं। जो चल रहा है, आप सब सुबह अपने धर्म के गुरु की फोटो या चेहरा नहीं देखेंगे। टीवी लगाकर आप मोदी का चेहरा देखेंगे।

इसीलिए अब वो विष्णु के 11वां अवतार बनने को निकले हैं। हर व्यक्ति धर्म पर भरोसा रखता है, लेकिन राज्य अलग होता है। लेकिन यहां सब मिक्स चल रहा है। अच्छे और बुरे का पता नहीं चल पा रहा।

# मेट्रो की मांग को लेकर निवासियों ने किया प्रदर्शन

**लंबे समय से कर रहे हैं प्रदर्शन, लेकिन नहीं हो रही कोई सुनवाई**

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो की मांग को लेकर एक बार फिर प्रदर्शन किया। रविवार को यह सभी लोग एक मूर्ति गोल चक्कर पर इकट्ठा हुए और जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि सरकार उनकी कोई भी सुनवाई नहीं कर रही है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि सरकार एक तरफ़ क्लीन/ग्रीन एनर्जी पर जोर दे रही है, दूसरी तरफ मेट्रो जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं की देरी पर ख़ामोश है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो के सिविल स्ट्रक्चर हेतु 2020 के बाद चार बार निविदा निकल चुकी है, बावजूद इसके अभी तक संशोधित डीपीआर में ही एनएमआरसी के अधिकारी अटके हैं।

एक दशक में भी एक प्लान न बनाने वाली संस्था के सहारे विकास का खाँचा खींचने का प्रयास कितना सफल होगा, ये वर्तमान सरकार के ज़िम्मेदार नेताओं के लिए विचारणीय विषय है। आज एक बार फिर सार्वजानिक परिवहन की व्यवस्था के लिए एक मूर्ति चौक पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी जुटे और प्रदर्शन किया।

रोहित मिश्रा ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में, निवासी कई हफ्तों से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन सुनने वाला कोई नहीं ,ऐसा लग रहा है जैसे लाखों लोगों के लिए रोज रोज आने वाली समस्याओं से इनका कोई सरोकार नहीं।

दीपांकर कुमार ने मेट्रो की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि इससे न केवल रोज लाखों कार्य के घंटे बचेंगे, बल्कि धुंए में उड़ते ईंधन पर जो विदेशी मुद्रा भारत सरकार का बर्बाद हो रहा है उसमें भी भरी कमी आएगी।

# फिल्म सिटी को लेकर यमुना प्राधिकरण में हुई अहम बैठक

**फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, बोनी कपूर सहित कई दिग्गजों ने दिया प्रेजेंटेशन**

**गौतम बुद्ध नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म सिटी को लेकर यमुना प्राधिकरण के सभागार में एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में फिल्म सिटी परियोजना में बिड डालने वाली चारों कंपनियों के द्वारा अपना प्रेजेंटेशन दिया गया। इस दौरान फिल्म स्टार अक्षय कुमार ऑनलाइन जुड़े और उन्होंने भी अपनी राय रखी।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म सिटी परियोजना में शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में फ़िल्म सिटी प्रोजेक्ट हेतु बिड करने वाली चारों कम्पनीज़ के प्रतिनिधियों द्वारा प्रेज़ेंटेशन दिया गया।

इसमें प्रमुख सचिव व अध्यक्ष यमुना प्राधिकरण अनिल कुमार सागर, निदेशक सूचना शिशिर सिंह, अंशुमन त्रिपाठी सहायक निदेशक द्वारा ऑनलाइन तथा प्राधिकरण की तरफ़ से




मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुण वीर सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कपिल सिंह तथा विपिन कुमार जैन, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, शैलेंद्र कुमार सिंह, सीएलए आरपी गुप्ता, कंसलटेंट कंपनी सीबीआरई सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

इस बैठक में फ़िल्म सिटी परियोजना के अंतर्गत बिड करने वाली चारों कंपनियों द्वारा अपना प्रेजेंटेशन दिया गया। इस प्रेजेंटेशन में विशेषकर कंपनियों द्वारा फ़िल्म सिटी परियोजना को विकसित किए जाने के संबंध में अपना विज़न, कॉन्सेप्ट, टाइम लाइन, हाइलाइट्स आदि बिंदुओं पर ज़ोर दिया गया। M/s. Bayview Projects LLP की तरफ से बोनी कपूर, आशीष भूटानी, सीईओ भूटानी इंफ्रा, अश्विनी चैटले एवं अली चैटले, राजीव अरोड़ा, अरविन्द कुमार बिन्नी द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया।

04 Lions Films Private Limited की तरफ से केसी बोकाडिय, करिश्मा जैन, विशाल, हर्ष जैन आदि द्वारा फ़िल्म सिटी परियोजना के संबंध में अपना विज़न प्रस्तुत किया गया। रूह्य. Supersonic Technobuild Private Limited की तरफ से फ़िल्म अभिनेता अक्षय कुमार द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। उनके द्वारा भी फिल्म सिटी को लेकर प्रेजेंटेशन दिया गया। प्राधिकरण कार्यालय में दिनेश विजन मैडॉक फिल्म्स, दिव्यांशु, अश्विनी सहित चेरीकाउंटी टीम के प्रतिनिधियों द्वारा अपना विजन एवं प्रस्तुतीकरण दिया गया।

M/s. Super Cassettes Industries Private Limited (T series) की तरफ से विनय कुमार मित्तल सीईओ फ़िल्म सिटी प्रोजेक्ट, शंकरण कन्नन, लीगल कंसलटेंट और सुधीर शर्मा तथा विवेक द्वारा टी सीरीज कंपनी के विज़न, डिज़ाइन, कॉन्सेप्ट का प्रेजेंटेशन प्राधिकरण कार्यालय में दिया गया।

चारों कम्पनीज को टेक्निकली क़लीफ़ाइड पाया गया। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि आगामी मंगलवार 30 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे यमुना प्राधिकरण कार्यालय के सभाकक्ष में फाइनेंसियल बिड खोली जायेगी।

# सूरजपुर वेटलैंड में 31 जनवरी को होगा प्रोग्राम

**2,000 से ज्यादा लोग नेचर और बर्ड फेस्टिवल में लेंगे हिस्सा, 2 फरवरी तक चलेगा फेस्टिवल**

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश में 27 जनवरी से नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल की शुरुआत हो गई है यह फेस्टिवल 2 फरवरी तक मनाया जाएगा। प्रकृति का यह कार्यक्रम प्रकृति प्रेमियों, पक्षी प्रेमियों के लिए एक आनंददायक अनुभव होने वाला है इसी के तहत ग्रेटर नोएडा में मुख्य कार्यक्रम 31 जनवरी को सूरजपुर वेटलैंड में होगा, जहां 2000 से अधिक लोग प्रकृति और पक्षी महोत्सव में भाग लेंगे।

ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित सूरजपुर वेटलैंड में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि 27 जनवरी से 2 फरवरी तक उत्तर प्रदेश नेचर एंड वर्ल्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी बर्ड सेंचुरी पर यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्नाव से इस कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है।



हमारे यहां पर यह मुख्य कार्यक्रम 31 जनवरी को मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारा जिला प्रशासन गौतमबुद्ध नगर की जनता के लिए अपनी छुट्टियां बिताने और वन्य जीवन की सुंदरता को सर्वोत्तम तरीके से देखने के लिए एक सुंदर स्थान बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। हम अपनी प्रकृति के प्रति सभी उम्र के लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सूरजपुर वेटलैंड में इस प्रकृति और पक्षी महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जिले के वन्य जीवन को बेहतर बनाने के लिए सभी से फीडबैक लेंगे। यूपी सरकार का लक्ष्य सूरजपुर वेटलैंड को एनसीआर का सबसे अच्छा पर्यटन स्थल बनाना है।

जिला वन अधिकारी पीके श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि 31 जनवरी का प्रकृति और पक्षी महोत्सव वैश्विक हिट होने जा रहा है क्योंकि फिल्म उद्योग, नौकरशाही और वन्यजीवन के प्रसिद्ध लोग प्रकृति और पक्षी महोत्सव में शामिल हो रहे हैं ।यह पक्षी महोत्सव अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव पर्यटकों को आकर्षित करने वाला है। आपको सूरजपुर वेटलैंड की खूबसूरती से प्यार हो जाएगा।

वहीं शेविंग्स के संस्थापक मदन मोहित भारद्वाज ने कहा कि हम सभी स्कूलों, विश्वविद्यालयों और अभिभावकों से अपने बच्चों को लाने और उन्हें विभिन्न पक्षियों और प्राकृतिक वनस्पतियों और जीवों के बारे में बताने की अपील करते हैं। सूरजपुर वेटलैंड, ग्रेटर नोएडा के मध्य में स्थित, विविध वनस्पतियों और जीवों से भरपूर, प्राकृतिक सुंदरता का खजाना है। प्रकृति और पक्षी महोत्सव का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता और संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देते हुए इस समृद्ध जैव विविधता का प्रदर्शन और जश्न मनाना है।

31 जनवरी को यहां पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगे इस कार्यक्रम में सभी की एंट्री निशुल्क रहेगी।

# जम्मू-कश्मीर में 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अगले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम स्तर की बारिश और हिमपात के आसार हैं।

श्रीनगर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को बताया कि मौजूदा समय में गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट सहित कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और हिमपात होने के साथ ही आसमान में बादल छाये हुए हैं, जिससे कश्मीर घाटी के कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में काफी सुधार हुआ है।

मौसम कार्यालय ने बताया कि गांदरबल, शोपियां, अनंतनाग और कुलगाम जिलों सहित कश्मीर के ऊपरी इलाकों में विभिन्न जगहों पर भारी हिमपात होने के साथ ही रविवार से सोमवार को देर अपराह्न तक प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश या हिमपात होने की संभावना है।

वहीं, 30 से 31 जनवरी तक प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश या हिमपात हो सकती है। इस अवधि में कुछ ऊंची चोटियों पर भारी हिमपात की संभावना है, जबकि एक से दो फरवरी को देर अपराह्न या शाम तक कई जगहों पर हल्की बारिश या हिमपात होने के साथ ही आसमान में आमतौर पर बादल छाये रहेंगे।

तीन से चार फरवरी तक प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश या हिमपात हो सकती है। मौसम कार्यालय ने कहा कि जम्मू संभाग के मैदानी इलाकों में गरज या बिजली चमकने के साथ रुक-रुक कर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने और ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी होने के आसार है। वहीं 28 जनवरी (रात) से 31 जनवरी (अपराह्न ) तक ऊंचाई वाले विभिन्न इलाकों में मध्यम स्तर की हिमपात हो सकती है।

# तेलंगाना में अवैध दवा दुकान पर छापा, दवाएं जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना औषधि नियंत्रण प्रशासन (डीसीए) के अधिकारियों ने रविवार को यहां जंगममेट, फलकनुमा में लाइसेंस के बिना अवैध रूप से चल रही एक दवा की दुकान पर छापा मारा और 1.20 लाख रुपये की दवाओं का भारी स्टॉक जब्त किया।

डीसीए के महानिदेशक वीबी कमलासन रेड्डी ने को यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि दवाओं की अवैध बिक्री के संबंध में पुख्ता जानकारी के आधार परअधिकारियों ने आज जंगमेट में शबाना क्लिनिक के बगल में के.अच्युता रेड्डी द्वारा दवा लाइसेंस के बिना संचालित एक दुकान पर छापा मारा और 40 प्रकार की दवाएं जब्त कीं।

छापेमारी के दौरान, डीसीए अधिकारियों ने बिक्री के लिए बड़ी मात्रा में दवाओं के अनधिकृत भंडारण का पता लगाया और एंटीबायोटिक्स, एंटी-डायबिटिक दवाएं, एंटी-फंगल दवाएं, एंटी-हाइपरटेंसिव दवाएं, दर्द निवारक और अल्सर रोधी औषधियाँ सहित 40 प्रकार की दवायें जब्त की। अधिकारियों ने विश्लेषण के लिए नमूने ले लिए हैं।

बयान में कहा गया है कि आगे की जांच की जाएगी और सभी आरोपियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने शनिवार को शहर के बाहरी इलाके, शिवमपेट मंडल के कोठापेट गांव में डी. श्रीनिवास द्वारा चलाए जा रहे एक झोलाछाप क्लिनिक पर भी छापा मारा और 70,000 रुपये की कीमत की दवाएं जब्त कीं।

अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान मेडक जिले के नरसापुर में कुछ थोक एजेंसियों से संबंधित खरीद बिल और नकद रसीदों के साथ-साथ एंटीबायोटिक्स, स्टेरॉयड, एनाल्जेसिक, एंटी-अल्सर दवाएं और एंटीहाइपरटेन्सिव सहित 41 प्रकार की दवाएं जब्त कीं।

### धामी ने साझा की बचपन की यादें

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को शक्ति वंदन महोत्सव के अंतर्गत रुद्रप्रयाग जिले में आयोजित ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग के दौरान विभिन्न महिला समूहों के कार्यक्रमों में शिरकत की और स्थानीय संस्कृति से रूबरू हुए । मुख्यमंत्री ने केदारनाथ धाम में एनआरएलएम के तहत काली माता स्वयं सहायता समूह और देवी धार स्वयं सहायता समूह के साथ महा प्रसाद बनाते हुए अपने बचपन की यादें उनसे साझा की। धामी ने महाप्रसाद बनाते हुए कहा कि उन्होंने बचपन में घर के कार्यों में खूब हाथ बटाया है। बचपन में वह त्योहारों के समय अपनी माता जी के साथ स्थानीय पकवान बनाने में खूब सहयोग करते थे। वहीं सिलबट्टे पर कई बार अपनी माता जी के साथ मिलकर नमक भी पीसा है। आटा गूँथने से लेकर जंगल में घास काटने तक में उन्होंने हमेशा हाथ बंटाया।

# वन नेशन वन इलेक्शन समिति ने पूर्व न्यायाधीशों, राजनेताओं से की मुलाकात

एजेंसी

नई दिल्ली। (पी एम ए) एक राष्ट्र एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) के अध्यक्ष, भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति यू.यू. ललित, मद्रास उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीब बनर्जी और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के साथ परामर्श किया।

भारत सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने से संबंधित मुद्दे की जांच करने और उस पर सिफारिशें करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में एक राष्ट्र, एक चुनाव समिति का गठन किया है।

कानून और न्याय मंत्रालय ने कहा कि न्यायमूर्ति संजीब बनर्जी, न्यायमूर्ति यू.यू. ललित और बार काउंसिल के अध्यक्ष ने इस विषय पर अपनी राय दी। संदर्भ की शर्तों के अनुसार, समिति को स्थायी आधार पर एक साथ चुनाव कराने के लिए उचित कानूनी और प्रशासनिक ढांचे के निर्माण, संविधान और संबंधित चुनाव कानूनों में आवश्यक संशोधनों की पहचान, सामान्य मतदाता सूची तैयार करने, ईवीएम/वीवीपीएटी जैसे लॉजिस्टिक्स आदि के लिए सिफारिशें करने की आवश्यकता है।

अधिकारी ने बताया कि राजनीतिक दलों के साथ अपनी चर्चा जारी रखते हुए, कोविंद ने महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, गोवा के अध्यक्ष दीपक %पांडुरंग% धवलीकर के साथ भी बातचीत की।

वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी ने कहा कि एचएलसी की चौथी बैठक शनिवार को हुई।

गुलाम नबी आजाद, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, राज्यसभा, एन.के. सिंह, पूर्व अध्यक्ष, 15वें वित्त आयोग, डॉ. सुभाष सी. कश्यप, पूर्व महासचिव, लोकसभा, संजय कोठारी, पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त और हरीश साल्वे, वरिष्ठ अधिवक्ता बैठक में भाग लिया।

समिति के समक्ष एनके सिंह और प्राची मिश्रा द्वारा सह-लिखित शोध पत्र मैक्रोइकोनॉमिक इम्पैक्ट ऑफ हार्मोनाइजिंग इलेक्टोरल साइकल, एविडेंसेज फ्रॉम इंडिया पर आधारित एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें संकेत दिया कि एक साथ चुनाव से उच्च आर्थिक विकास को गति मिलेगी और इसके चलते पूंजी और राजस्व पर अधिक सरकारी निवेश होगा।

इससे पहले इस महीने के पहले सप्ताह में समिति ने आम जनता से सुझाव आमंत्रित करने के लिए एक सार्वजनिक सूचना जारी की थी। समिति ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव करने के लिए यह पहल की गई है।

## शार्ट न्यूज

### डा मीणा होम्योपैथिक मेडिकल आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित



**नयी दिल्ली।** डा बाबू लाल मीणा दिल्ली गर्वमेंट होम्योपैथिक मेडिकल आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। एसोसिएशन की रविवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि एसोसिएशन के आज यहां संपन्न हुए आम चुनाव में डा बाबू लाल मीणा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, डा देवेन्द्र सिंह सोलंकी को उपाध्यक्ष, डा राम कुमार को जनरल सक्रेटरी , डा कोमल शर्मा को ज्वाइंट सेक्रेटरी और डा सईद अख्तर को कोषाध्यक्ष चुना गया। बारह सदस्यों को कार्यकारी सदस्य के तौर पर चुना गया है। यह संस्था दिल्ली सरकार के अधीन कार्यरत समस्त सरकारी डाक्टरों के कल्याण के लिए कार्य करती है। इसका चुनाव दो वर्ष के लिए होता है। संस्था का चुनाव डा साहू, डा प्रशांत, डा रवि अमित, डा शिरिन की चुनाव समिति ने संचालित किया।

### साकेत कोर्ट ने यूनिटेक के पूर्व प्रमोटरों संजय चंद्रा और अजय चंद्रा को दी जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की साकेत कोर्ट ने कथित तौर पर घर खरीदारों को ठगने से संबंधित एक मामले में रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक के पूर्व प्रमोटरों संजय चंद्रा और अजय चंद्रा को शनिवार को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि वे लगभग छह साल तक जेल में थे और मामले में बड़ी संख्या में गवाहों के कारण आगे की पूछताछ और सुनवाई में काफी समय लगने की संभावना है। हालांकि, चंद्रा बंधु जेल में ही रहेंगे, क्योंकि वे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नवजीत बुद्धिराजा ने कहा कि आरोपी को लंबे समय तक कारावास में रहना पड़ा और गवाहों की भारी संख्या के कारण आगे की पूछताछ और सुनवाई में काफी समय लगने की संभावना है। इसलिए अपराध की प्रकृति और विशालता को त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए अपराधी के मौलिक अधिकार के पहलू के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि दोनों छह साल से अधिक समय तक सलाखों के पीछे थे और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति की डिलीवरी के लिए प्रेरित करना) के तहत लगाए गए आरोपों में अधिकतम सात साल तक की सजा का प्रावधान है।

### पैरा खिलाड़ी की दुकान पर बुलडोजर चलाया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में नगर निगम ने ग्रीन बेल्ट में अस्थायी दुकान (खोखा) बुलडोजर से गिराकर तोड़ दिया। ये खोखा इंटरनेशनल स्तर के पैरा खिलाड़ी दीपक का था। इसे उन्होंने पीएम मुद्रा लोन से 2 लाख रुपए लेकर शुरू किया था। वो नेशनल चैम्पियनशिप खेलने गोवा गए थे। इसी बीच निगम टीम ने बिना नोटिस दिए उनका खोखा तहस-नहस कर दिया। पैरा खिलाड़ी अब एक हफ्ते से सड़क पर हैं। अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर-1 स्थित जनता फ्लैट में दीपक रहते हैं। वह पैर से दिव्यांग हैं। स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर डिस्कस थ्रो और क्लब थ्रो खेलते रहे हैं। दीपक ने बताया, 3 साल पहले मैंने पीएम मुद्रा लोन के लिए आवेदन किया। उसमें मुझे 2 लाख रुपए का लोन मिला। इससे मैंने एक लोहे की अस्थाई दुकान (खोखा) बनवाई। ये दुकान आयकर विभाग के दफ्तर के सामने रखी थी। इसमें मैं पानी की बोतल, सोडा, चिप्स, नमकीन, बिस्किट बेचता हूं और परिवार का गुजर-बसर करता हूं। दीपक ने बताया, 9 से 13 जनवरी तक मैं गोवा में चैम्पियनशिप खेलने गया था। 8 जनवरी को गोवा निकल गए थे और 15 जनवरी की रात में वापस आए।

### किशोरी को अगवा कर जबरन की शादी

मोदीनगर। गाजियाबाद में मोदीनगर थाना पुलिस ने 10 दिन पूर्व अगवा की गई 16 वर्षीय किशोरी को शनिवार सुबह बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने किशोरी को अगवा करने के बाद उससे जबरन शादी की और बंधक बनाकर 10 दिन तक दुष्कर्म किया था। नगर की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति की 16 वर्षीय पुत्री बीती 16 जनवरी को लापता हो गई थी। परिजनों ने एक युवक पर अगवा करने की आंशका जताते हुए मामले की तहरीर दी थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम किशोरी की तलाश में लगी थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस की जांच-पड़ताल में सामने आया कि आरोपी ने किशोरी को अगवा करने के बाद उससे जबरन शादी की। बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। आरोपी किशोरी को कहीं ले जाने की फिराक में था। इसी बीच पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने पकड़े गए युवक का नाम दिशांत बताया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो, एसी-एसटी और दुष्कर्म की धारांए बढ़ा दी गई हैं।

### आठ फरवरी को पास होगा एमसीडी का बजट

नई दिल्ली। एमसीडी ने अगले वित्तीय वर्ष का बजट पास करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। सदन में आठ फरवरी को बजट पास किया जाएगा। इससे पहले 30 जनवरी को नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह बजट के संबंध में सुझाव देंगे। इसके अलावा वह आयुक्त की ओर से कामकाज के संबंध में किए गए दावों पर प्रकाश डालेंगे। सदन में पांच फरवरी से बजट पर चर्चा शुरू होगी और सात फरवरी तक पार्षद सुझाव देंगे। हालांकि, बजट के संबंध में राजनीतिक दल संशोधन व प्रस्ताव एक फरवरी तक दे सकेंगे। एमसीडी के आयुक्त ज्ञानेश भारती ने स्थायी समिति का गठन न होने के कारण नौ दिसंबर को सदन में बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इससे एक दिन पहले मेयर डॉ. शैली ओबराय ने ऐलान किया था कि इस बार जनता की राय पर बजट तैयार किया जाएगा। इधर स्थायी समिति का गठन न होने के कारण सदन में नेता प्रतिपक्ष बजट पर चर्चा आरंभ करेंगे। इससे पहले सदन में स्थायी समिति के अध्यक्ष की ओर से बजट प्रस्तुत करने के साथ चर्चा शुरू होती थी और नेता प्रतिपक्ष उनकी ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले बजट प्रस्तावों पर प्रकाश डालते थे, लेकिन इस बार उन्हें आयुक्त ने प्रस्तुत किए बजट प्रस्ताव पर प्रकाश डालना पड़ेगा।

### वीके सिंह के आवास पर जाने से रोका तो धरने पर बैठे यति सन्यासी

गाजियाबाद। केंद्रीय मंत्री वीके सिंह के आवास पर आमरण अनशन करने जा रहे यति सन्यासियों को पुलिस ने रोक दिया। उसके बाद छह यति संन्यासी कलक्ट्रेट के बाहर अनशन पर बैठ गए हैं। सन्यासियों की मांग है कि श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि को जेड प्लस सुरक्षा दी जाए। इस मांग को लेकर यति सन्यासियों ने हरिद्वार में हरकी पैड़ी से 25 दिसंबर 2023 को एक पदयात्रा भी निकाल चुके हैं। रविवार सुबह छह यति सन्यासी डासना देवी मंदिर से केंद्रीय मंत्री के आवास पर जाने के लिए रवाना होने वाले थे। इससे पहले ही सुबह आठ बजे इलाके की पुलिस मंदिर में पहुंच गई। श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि को जेड प्लस सुरक्षा देने के लिए सभी सन्यासी आंदोलनरत हैं। यति सन्यासियों ने अब 21 जनवरी से केंद्रीय राज्यमंत्री एवं गाजियाबाद के सांसद जनरल वीके सिंह के आवास पर आमरण अनशन शुरू करने का एलान किया था। पुलिस ने श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को लेकर ये अनशन एक हफ्ते के लिए टालने का आग्रह किया था, उसके बाद इसकी तारीख सात दिन आगे बढ़ा दी गई थी। यति नरसिंहानंद गिरि ने बताया, पुलिस ने उनके शिष्यों को मंत्री के घर जाने से रोक दिया। पुलिस ने साफ तौर पर कहा कि वे केंद्रीय मंत्री के घर नहीं जा सकते, इसके अलावा कहीं और अनशन कर सकते हैं।

# दिल्ली में बदला मौसम, गिरा तापमान, 50 उड़ानें लेट, 2 दिन बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा। इसके चलते 50 विमानों ने देरी से उड़ान भरी। हालांकि, आठ बजे के बाद कोहरा साफ होने लगा और हल्की धूप निकलने लगी। लेकिन आसमान में बादलों की आवाजाही से रविवार को दिन भर धूप गायब रही। इसके चलते कड़ाके की सर्दियां एक बार फिर से वापस लौट आई हैं। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग की ओर से जारी वेदर अपडेट के मुताबिक, एक दिन पहले की तुलना में दिन के लगभग तापमान में साढ़े पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है।

### दिल्ली एनसीआर में बदला मौसम

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में मौसम बदल गया है। दिल्ली एनसीआर के विभिन्न इलाकों में चार से लेकर बारह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली सर्द हवाओं के चलते एकबार फिर ठिठुरन बढ़ गई है। शनिवार को पूरे दिन खिली हुई धूप निकली हुई थी। जिसके चलते अधिकतम तापमान में इजाफा हुआ था और दिल्ली के लोगों को कड़ाके की ठंड की स्थिति से राहत मिली थी। लेकिन, रविवार को धूप नहीं निकलने से एक बार फिर से कड़ाके की सर्दियां वापस लौट आईं।

### पांच डिग्री गिरा तापमान

दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजगं में दिन का अधिकतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो कि सामान्य से तीन डिग्री कम है। शनिवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा था। यानी शनिवार की तुलना में रविवार को अधिकतम तापमान में लगभग साढ़े पांच डिग्री की गिरावट आई है। इसके चलते भी लोगों को ठंड का अहसास ज्यादा रहा है। वहीं, सफदरजंग में



न्यूनतम तापमान 06 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो कि सामान्य से दो डिग्री कम है।

### मयूर विहार इलाका रहा सबसे ठंडा

दिल्ली का मयूर विहार इलाका रविवार को सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां का अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि, नरेला का अधिकतम तापमान 15.9 और रिज क्षेत्र का अधिकतम तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा देखने को मिल सकता है। जबकि, दिन के समय आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 07 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

दिल्ली के मौसम में मंगलवार के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता देखने को मिल सकती है। इसके चलते बुधवार को कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। जबकि, गुरुवार को गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। इससे मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। खासतौर पर दिल्ली के लोगों को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिल सकती है।

### कोहरे के चलते 50 उड़ानें प्रभावित

नई दिल्ली प्रमुख संवाददाता राजधानी में कोहरे का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है।

रविवार सुबह दिल्ली में हल्का कोहरा रहा जिसके चलते विमान एवं रेल यातायात पर इसका असर कम देखने को मिला। रविवार को दिल्ली एयरपोर्ट से जहां 50 विमानों ने देरी से उड़ान भरी तो वहीं दिल्ली के अलग-अलग स्टेशनों पर लगभग 40 रेलगाड़ियां देरी से पहुंची। एक दर्जन से ज्यादा रेलगाड़ियां रविवार को दिल्ली से देरी से रवाना हुई।

### खत्म होगा कोहरा

दिल्ली में कोहरे का असर लगातार कम हो रहा है। मौसम विभाग का भी मानना है कि अगले कुछ दिनों में कोहरा लगभग खत्म हो जाएगा। ऐसी स्थिति में रेल एवं विमान यातायात जल्द ही सामान्य रूप से परिचालित हो सकेंगे।

लेकिन अभी के समय में दिल्ली सहित कई राज्यों में कोहरा सुबह के समय बना हुआ है। इसकी वजह से रेलगाड़ियों के परिचालन पर ज्यादा असर देखने को मिल रहा है। अधिकारियों को उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में रेलगाड़ियों का परिचालन भी सामान्य रूप से हो सकेगा।

# जागरण के दौरान कालकाजी मंदिर में स्टेज गिरा, 17 लोग घायल; एक महिला की हुई मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कालकाजी मंदिर में जागरण के दौरान स्टेज गिर गया। स्टेज गिरने से 17 लोग घायल हो गए और एक महिला की मौत हो गई। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है।



जानकारी के मुताबिक, इस जागरण में सिंगर बी प्राक आए हुए थे, जिनको देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। इसी दौरान जब बी प्राक ने मंच पर अपना प्रदर्शन शुरू किया, तभी स्टेज गिर गया। जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई। जागरण में बी प्राक को देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। लोग मंच को ओर बढ़ रहे थे, मंदिर और पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोकने की कोशिश भी की। लेकिन वे नहीं माने और हादसा हो गया। कई लोग स्टेज के नीचे भी दब गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने स्टेज के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। बी प्राक और उनकी टीम को सुरक्षित वहां से बाहर निकाला गया।

बताया जा रहा है कि जागरण में करीब 1500 से 1600 लोगों की भीड़ पहुंची। आयोजकों और वीआईपी लोगों के परिवारों के लिए बनाए गए मंच पर लोग चढ़ गए, जिस वजह से यह हादसा हो गया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। 17 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए एम्स ट्रॉमा सेंटर और सफदरजंग अस्पताल और मैक्स में भर्ती कराया गया। फायर ब्रिगेड ने भी मौका मुआयना किया। क्राइम टीम ने घटनास्थल का दौरा किया। सभी घायलों की हालत स्थिर है।

कालकाजी मंदिर के पुजारी, सुनील सनी ने कहा, परसों कालकाजी मंदिर में 23वां वार्षिक जागरण था। प्रमुख गायक और बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे थे। जब बी प्राक पहुंचे, तो भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। वहां एक मंच था किनारे पर और जिसपर बहुत सारे लोग एकत्र हुए, जिसके परिणामस्वरूप यह ढह गया। कालकाजी मंदिर प्रशासन, पुलिस और स्वयंसेवकों ने स्थिति को नियंत्रित किया और क्षति को काफी हद तक कम कर दिया। मुख्य मंच नहीं गिरा, बगल में, भक्तों के बैठने के लिए बनाया गया एक मंच ढह गया था।

पुलिस के मुताबिक, 27-28 जनवरी की आधी रात को महंत परिसर, कालकाजी मंदिर में माता जागरण में लकड़ी और लोहे के फ्रेम से बना एक मंच गिरने से 17 लोग घायल हो गए और एक की मौत हो गई। कार्यक्रम आयोजित करने की कोई अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त कर्मचारी तैनात किए गए थे। वहां करीब 1500-1600 लोगों का जमावड़ा था। क्राइम टीम ने घटनास्थल का दौरा किया। अन्य सभी घायलों की हालत स्थिर है, जबकि कुछ को फ्रैक्चर हुआ है। इस मामले में आयोजकों के खिलाफ आईपीसी की धारा 337/304ए/188 के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

### पिता की मृत्यु से अवसाद ग्रस्त बेटे ने मेट्रो के सामने लगाई छलांग, मौके पर हुई मौत



**नई दिल्ली।** आईएनए मेट्रो स्टेशन पर शनिवार शाम एक युवक ने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर जान दे दी। मृतक की शिनाख्त अजितेज सिंह (33) के रूप में हुई है। युवक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरुआती जांच में पता चला कि पिता की मौत के बाद से युवक अवसाद रोग से ग्रस्त थे। उनका इलाज भी चल रहा था। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार 7.38 बजे आईएनए मेट्रो स्टेशन पर एक युवक के खुदकुशी करने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक सीआईएसएफ के जवान और मेट्रो कर्मी घायल युवक को ट्रैक से निकाल कर एम्स ले जा चुके थे। जहां युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में कर लिया। युवक के पास से एक मोबाइल फोन, दो मेट्रो कार्ड और कुछ दवाइयां मिली। फोन के जरिए युवक की पहचान की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि युवक बादली की ओर जाने वाली प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन के सामने छलांग लगाई थी। पुलिस ने प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। जिसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि युवक ट्रेन के प्लेटफार्म पर आने के दौरान दौड़कर वहां पहुंचा और ट्रेन के सामने छलांग लगाकर पटरी पर सो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अजितेज अपनी मां के साथ सत्य निकेतन इलाके में रहते थे। उनके पिता भूपेंद्र सिंह का देहांत हो चुका है। उनकी एक बहन है, जिनकी शादी हो चुकी है। युवक की मां ने पुलिस को बताया कि 2014 में पिता की मौत के बाद से अजितेज अवसाद रोग से ग्रस्त हो गए। उनका गंगाराम अस्पताल में इलाज चल रहा था। इससे पहले भी उन्होंने घर में दो बार खुदकुशी करने का प्रयास किया था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# गाजियाबाद की महिला के साथ 24 लाख की धोखाधड़ी

जेवर। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा गुजरान गांव के रहने वाले पिता-पुत्र पर रविवार को धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि करीब 6 साल पहले गाजियाबाद की रहने वाली एक महिला को लगभग 24 लाख रुपए में आवासीय भूखंड बेचा था।

आरोप है कि वही भूखंड अब किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया है। महिला की शिकायत के आधार पर रविवार को केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। क्षेत्र में काफी साल पहले ही यमुना प्राधिकरण ने जमीन अधिग्रहण कर ली थी। इन किसानों की जमीन का अधिग्रहण हो चुका है। उन किसानों को 7 प्रतिशत आवासीय भूखंड दिया जाना प्रस्तावित है।

काफी किसानों को आवासीय भूखंड धरातल पर मिल चुके हैं, जबकि अधिकांश किसान नक्शा 11 के आधार पर ही अपने भूखंडों को बेच रहे हैं। पीड़ित महिला एकता शर्मा का कहना है कि उसने साल 2017 में अट्टा गुजरान गांव के रहने वाले ब्रह्मपाल से एक भूखंड खरीदा था। इसके एवज में 23 लाख 90 हजार रुपए दिये गए थे। गवाह के तौर पर आरोपी के बेटे सुमित ने हस्ताक्षर किए थे।

### 2023 में किसी और को कर दी बिक्री

आरोपी ने वादा किया गया था कि यमुना प्राधिकरण द्वारा भूखंड का आवंटन होने पर पीड़ित के नाम रजिस्ट्री कर दी जाएगी। पीड़ित महिला का आरोप है कि साल 2023 में इस भूखंड को किसी अन्य व्यक्ति को बेचा जा चुका है। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने इसका विरोध किया।

# दिल्ली ग्रामोदय योजना के तहत बवाना गांव में डीएम ने क्षेत्रीय जनता और अधिकारियों के साथ किया जन-संवाद





उत्तरी जिले के डीएम श्री यश चौधरी की अध्यक्षता में आज बवाना गांव के पुराना नगर निगम स्कूल के प्रांगण में दिल्ली के उप-राज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना द्वारा शुरू किए गए दिल्ली ग्रामोदय योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों और क्षेत्रीय जनता के साथ जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आई टी सैक्रट्री श्री एचपीएस सरन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दिल्ली नगर निगम नरेला जोन के उपायुक्त श्री बी एस यादव और पईयूएचसई नरेला के मेडिकल आफिसर श्री नरेंद्र इंद्रा, डीजीएचएस से सीबीएमओ नम्रता नैयर सहित बाढ एवं सिंचाई, पीडब्ल्यूडी, डीडीए, दिल्ली नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस जन- संवाद मेंबवाना, पूठखुर्द, बरवाला, सुल्तानपुर डबास, प्रहलादपुर बांगर, घोगा, सनोठ गांव के लोगों और वहां की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। आरडब्ल्यूए बरवाला गांव के अध्यक्ष और दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने डीएम श्री यश चौधरी को बताया कि सभी गांवों की समस्याएं एक जैसी हैं। इन सभी गांवों की फिरनी रोड टूटी पड़ी हैं। गंदे पानी के निकास के लिए ड्रेनेज नहीं हैं। तालाब गंदगी से पटे पड़े हैं। घूमने के लिए पार्क और पार्किंग की सुविधाएं नहीं हैं। श्मशान घाटों में ना बिजली है ना पानी है। शव जलाने के लिए प्लेटफार्म और उपर टीन शैड तक नहीं है। यह एक गांव की नहीं सबकी समस्या है जिस पर कोई भी विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। वत्स ने डीएम से मांग की कि वह अपने बवाना क्षेत्र के किसी एक गांव को चुनकर उसे स्मार्ट और हाईटेक बनाने का पायलट प्रोजेक्ट शुरु कराएं। गांव के सामुदायिक भवन और चौपाल जर्जर हालत में हैं।

रिठाला से आगे बवाना नरेला तक मैट्रो क्नैक्टिविटि नहीं है। यातायात जाम हर समय बना रहता है। पीडब्ल्यूडी का 82फुट चौड़ा बवाना रोड अतिक्रमण के कारण 40फुट का रह गया है। दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि दिल्ली के हमारे गांवों में स्वामित्व योजना अभी तक लागू नहीं है जिसके कारण उन्हें अपनी संपत्ति का मालिकाना हक अभी तक नहीं मिला है।

# एनएचएआई करेगा नए एक्सप्रेस-वे का निर्माण

## 32 किमी का होगा पूरा एक्सप्रेस, इस सप्ताह आ जाएगी फिजिबिलिटी रिपोर्ट

नोएडा। नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे के विकल्प के तौर पर नया एक्सप्रेस वे का निर्माण एनएचएआई करेगी। प्राधिकरण ने इसके लिए एनएचएआई को पत्र लिखा है। इसके निर्माण में आने वाला खर्च भी एनएचएआई उठाएगा। निर्माण के बाद खर्चे की लागत विज्ञापन राइट्स के आधार वसूल की जा सकती है। इसका एक मसौदा भी तैयार किया जा रहा है। ये एक्सप्रेस वे 32 किमी का होगा। दिल्ली के कालिंदी कुंज से यमुना एक्सप्रेस वे यानी नोएडा एयरपोर्ट को सीधे कनेक्ट करेगा।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में एनएचएआई को पत्र लिखा गया है। जिसमें निर्माण और फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी उनकी होगी। लैंड नोएडा प्राधिकरण की ओर से उनको दी जाएगी। अभी ये तय किया जा रहा है कि एक्सप्रेस वे एलिवेटड बनाया जाए या पुश्ता के समानान्तर इसका जॉइंट सर्वे किया जा चुका है। नोएडा में




करीब 28 किमी का हिस्सा इस एक्सप्रेस वे होगा। बाकी 4 किमी का एक पेच बनाया जाएगा ये पेच यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ेगा। जिससे दिल्ली से सीधे नोएडा एयरपोर्ट तक वाहन जा सकेंगे। इस सप्ताह फिजिबिलिटी रिपोर्ट आ जाएगी। दिल्ली और यमुना एक्सप्रेस को रोटरी के जरिए जोड़ा जाएगा इसका निर्माण भी एनएचएआई ही करायागा। क्योंकि दिल्ली में इस एक्सप्रेस वे मुंबई बड़ौदा एक्सप्रेस वे से जोड़ने का प्लान है। इन सभी तथ्यों को मिलाकर ही फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस बीच ये साफ हो गया कि नोएडा प्राधिकरण इस एक्सप्रेस के निर्माण में काई रकम खर्च नहीं करेगा।

### एक्सप्रेस वे से भार होगा काम नोएडा एयरपोर्ट को मिलेगा नया लिंक

नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। व्यस्त समय में वाहन कतार लगकर चलते हैं। वाहनों के बीच गेप काफी कम रहता है। अब इस साल जेवर एयरपोर्ट शुरू होने से वाहनों की संख्या और बढ़ जाएगी। इसको देखते हुए ये एक्सप्रेस वे काफी फायदे मंद होगा। साथ लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

### छह लेन का होगा नया एक्सप्रेस वे

समिति की ओर से हाल के दिनों में नए एक्सप्रेस के लिए सर्वे किया गया। ये सर्वे नोएडा के सेक्टर-94 यानी यमुना पुश्ता से लेकर सेक्टर-150 करीब 28 किमी तक का किया गया। यहां दो विकल्प दिए गए। पहला एक्सप्रेस वे समानांतर पुश्ता के साथ एक एक्सप्रेस वे बनाया जाए या फिर मौजूदा एक्सप्रेस वे के ऊपर एलिवेटड एक्सप्रेस वे बनाए। यह सड़क नोएडा के सेक्टर 128, 135, 150, 151, 168 के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा के कुछ क्षेत्रों को जाने वाले वाहन चालकों को एक अतिरिक्त कनेक्टिविटी देगा। बता दे पुश्ता सड़क के 11 किलोमीटर के हिस्से का निर्माण पहले से ही किया गया था और जून 2014 में सार्वजनिक रूप से खोला गया था।

### बजट के लिए सुझाव न लेने के विरोध में सिविक सेंटर पर ज्ञापन चस्पा करेंगे ग्रामीण



नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ ने एमसीडी के बजट के संबंध में सुझाव लेने के लिए मेयर ने समय न देने के विरोध में सिविक सेंटर पर गांवों से संबंधित मामलों का ज्ञापन चस्पा करने का निर्णय लिया है। पंचायत संघ के पदाधिकारी पांच फरवरी को ढोल नगाड़ों के साथ ज्ञापन चस्पा करने जाएगे। यह निर्णय रविवार को मादीपुर गांव में पंचायत में किया। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि मेयर ने जनता की राय पर बजट तैयार करने का गत आठ दिसंबर को ऐलान किया था, लेकिन उनकी ओर से अभी तक बजट तैयार करने के लिए सुझाव नहीं मांगे गए है। वहीं पंचायत संघ ने अपने स्तर पर मेयर को बजट के संबंध में गांवों से जुड़े मामलों से जुड़े सुझाव देने का निर्णय लिया और उनसे मिलने का समय मांगा गया, लेकिन उन्होंने अभी तक उनको मिलने का समय नहीं दिया। जबकि आम आदमी पार्टी की सरकार ने बजट तैयार करना शुरू कर दिया है। इस तरह मेयर ने जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। वह इसके विरोध में आगामी पांच फरवरी को सिविक सेंटर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। और अपनी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन सिविक सेंटर पर चस्पा करेंगे। उन्होंने कहा कि मेयर की घोषणा के बावजूद गांवों को हाउस टैक्स से राहत नहीं मिली है। ग्रामीणों के पास लाखों रुपये हाउस टैक्स जमा कराने के नोटिस भेजे जा रहे है। उन्होंने कहा कि मेयर तत्काल अपने वादे पूरे करें, अन्यथा लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का गांवों में विरोध किया जाएगा। पंचायत में पंचायत संघ के सह प्रमुख सुनील शर्मा, शिवकुमार यादव शकूरपुर, पंच प्रमुख वेद प्रकाश यादव मादीपुर, राजकुमार ख्याला गांव, राजेंद्र शर्मा नांगलोई सईदान, अधिवक्ता यमन यादव भलस्वा गांव आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

# संपादकीय

## समृद्धि की ओर बढ़ता भारत

राजनीतिक व्यवस्था कोई भी हो, उसका लक्ष्य अपने नागरिकों की भलाई सुनिश्चित करना होता है। बीसवीं सदी में आत्मनिर्णय, प्रतिनिधित्व और लोकतंत्र औपनिवेशिक सरकारों के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलनों में नारे बन गए थे। नतीजतन, नए लोकतंत्रों का जन्म हुआ, जिनमें भारत भी है। औपनिवेशिक काल और स्वतंत्रता के बीच, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) मेंभारत की हिस्सेदारी एक-चौथाई से गिरकर लगभग पांच फीसदी रह गई थी।

जबकि, आज वैश्विक जीडीपी में हमारी हिस्सेदारी (क्रय शक्ति समता के मामले में) लगभग सात-आठ फीसदी है। हमने अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को दुनिया के विकसित देशों में शामिल कराने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। पर इस लक्ष्य का पूरा होना निरंतर आर्थिक विकास से ही मुमकिन है। अभी हमारी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,100 डॉलर है। जबकि आज उच्च आय वाला देश उसे माना जाता है, जहां प्रति व्यक्ति आय 12 हजार डॉलर से अधिक हो। यानी अभी हम उच्च आय वाले देश के छठवें हिस्से के बराबर हैं। चूंकि, वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2047 में उच्च आय वाले देशों की आय सीमा स्वाभाविक ही बहुत अधिक होगी, इसलिए प्रति व्यक्ति आय का हमारा लक्ष्य 15 हजार डॉलर सालाना से अधिक होना चाहिए। भारत को विकसित देश बनाने के लिए आज से 2047 के बीच लगातार आठ फीसदी से अधिक की विकास दर पाना जरूरी है। बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय द्वारा समर्थित निजी निवेश से इस विकास को आगे बढ़ाना होगा। केंद्र सरकार निश्चित रूप से अपना काम कर रही है। जीडीपी में 2014 और 2024 के बीच केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय का हिस्सा जीडीपी के 1.5-1.6 फीसदी से दोगुना होकर जीडीपी का 3.0-3.2 फीसदी हो गया है।

बुनियादी ढांचे में यह निवेश लॉजिस्टिक की लागत को कम करेंगे और हमारी विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में निवेश से इस क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ेगा। उच्च विकास दर हासिल करने के लिए विनिर्माण और निर्यात का भी विस्तार होना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश और व्यापार सुगमता पर ध्यान देने से व्यापार करने की लागत में कमी आएगी। हालांकि बहुत कुछ हासिल किया जा चुका है, पर अब अगली छलांग पर ध्यान देना चाहिए। राज्य स्तर पर प्रक्रियाओं, मंजूरी, लाइसेंस, फॉर्म्स आदि व्यवस्थाओं को निश्चित रूप से तर्कसंगत और सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए। अब यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने राज्यों को निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा दें। तेजी से उभर रही नई प्रौद्योगिकी के साथ भारत को तकनीकी रूप से छलांग लगाने के लिए नवाचार-समर्थक नियामक दृष्टिकोण की जरूरत है।

भारतीय नियामकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पर्याप्त क्षमता से सुसज्जित हों और नई प्रौद्योगिकियों को विकसित होने का मौका देने का लचीलापन भी दिखाएं। हमें निर्यात बाजारों को भी आक्रामक रूप से लक्षित करना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश के अलावा केंद्र एवं राज्य सरकारों को भूमि एवं श्रम सुधारों को लागू करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उद्योगों के लिए बिजली की लागत को भी अन्य समकक्ष राष्ट्रों के हिसाब से प्रतिस्पर्धी बनाना चाहिए। सरकार लागत संबंधी कमियों को दूर करने का प्रयास तो कर ही रही है, निजी क्षेत्रों को भी नवाचार, अनुसंधान व विकास और गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। भारत में अनुसंधान व विकास पर ज्यादातर खर्च सार्वजनिक क्षेत्र से होता है। खासकर उद्योग 4.0 (एआई, मशीन लर्निंग इत्यादि) में निजी अनुसंधान एवं विकास हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल कौशल और साक्षरता पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए और कौशल विकास उद्योग आधारित होने चाहिए। टिकाऊपन या स्थिरता को हमारे सभी प्रयासों के केंद्र में रखना होगा। आने वाले वर्षों में हर तरह के वैश्विक व्यापार में कार्बन तीव्रता एक महत्वपूर्ण बिंदु बनने वाली है। हमारी कंपनियों और सरकारों को इस बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए।

## डार्क वेब पर अवैध कारोबार की भरमार

इंग्लैंड का एक शहर वेल्स। 21 साल की एलोइस पैरी अपनी यूनिवर्सिटी की सबसे मेधावी छात्राओं में थी, लेकिन ज्यादा वजन को लेकर दोस्त उसका मजाक उड़ाते थे। वजन जल्द कम करने के लिए उसने डार्क वेब से जो दवा खरीदी, वह उन तत्वों से बनी थी, जिनका इस्तेमाल पहले विश्वयुद्ध में विस्फोटक के रूप में होता था। यह इतनी खतरनाक दवा थी कि इसके सेवन के बाद एलोइस बच नहीं पाई। सिर्फ एक गोली ने वसा को जलाने के साथ उसका शरीर अंदर से पूरी तरह भून दिया था।

अमेरिका के इलिनॉयस की एक नर्स। जिससे विवाह करना चाहती थी, वह शादीशुदा था। डार्क वेब पर हत्यारे उपलब्ध कराने वाली एक वेबसाइट से उसने अपने प्रेमी की पत्नी की हत्या के लिए 12 हजार डॉलर खर्च कर एक हत्यारा हायर किया। हालांकि वह पकड़ ली गई, फिलहाल जेल में है।

13 साल के दो बच्चे ग्रांट सीवर और रयान एंसवर्थ अच्छे दोस्त थे, एक ही स्कूल में पढ़ते थे। डार्क वेब से खरीदे गए एक नशीले पदार्थ के सेवन से दोनों स्कूल में मृत पाए गए। दोनों के चेहरे जहर से नीले पड़ गए थे।

'डार्क वेब', इंटरनेट की दुनिया का वह क्षेत्र है, जहां पहुंचने के लिए खास सॉफ्टवेयरों की जरूरत पड़ती है। लेकिन एक बार यहां पहुंच गए, तो खुलती है रहस्यों की रियासत। वर्ल्ड वाइड वेब की इस काली दुनिया में कई वेबसाइटें ऐसी होती हैं, जो खुद को ऐसे छिपाए रखती हैं कि दुनिया का कोई सर्च इंजन आपको उन तक पहुंचा नहीं सकता। अगर उन तक जाना है, तो आपको उनका एड्रेस मालूम होना जरूरी है। इस अंधेरी दुनिया में बाजार भी लगते हैं, जिन्हें 'डार्कनेट बाजार' कहते हैं, जिनमें ड्रग्स से लेकर खतरनाक हथियार तक बिकते हैं। यहां रुपया या डॉलर नहीं चलता, सारा भुगतान होता है क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में। हत्याओं के लिए डार्क वेब पर अलग बाजार सजता है, जहां यूजर किसी की हत्या के लिए भुगतान कर सकते हैं।


अमेरिका के जिस पूर्व राष्ट्रपति का नाम आज सबकी जुबान पर और मीडिया में छाया रहता है, कथित तौर पर उसकी हत्या के लिए क्राउडफंडिंग के लिए भी एक साइट बनाई गई थी। हालांकि ऐसी वेबसाइटों से बचने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इनमें घोटालों की भी आशंका होती है। चूंकि डार्क वेब पूरी तरह से गुमनामी में काम करता है, यह उन लोगों को पसंद आता है, जो सरकारों और प्रवर्तन एजेंसियों से छिप कर काम करना चाहते हैं। सरकार के भीतर की खबरें लीक करने वाले व्हिसल ब्लोअर्स, पत्रकारों से संवाद करने के लिए और आतंकवादी या अपराधी अपने लेनदेन को गुप्त रखने के लिए इसी डार्क वेब का इस्तेमाल करते हैं।

कल्पना करें कि पूरा इंटरनेट एक बेहद विशाल और घना जंगल है। जंगल की शुरुआत से लेकर अंत तक जाने के लिए कई रास्ते हैं, जिन्हें आप गूगल, बिंग इत्यादि लोकप्रिय सर्च इंजन माने। लेकिन इन रास्तों (गूगल) से अलग भी कई जगहें हो सकती हैं, जो पेड़ों से छिपी हों। लेकिन जब तक आपको यह न पता हो कि आप खोज क्या रहे हैं, तब तक इन रास्तों से अलग कुछ भी ढूंढ पाना नामुमकिन लगता है। डार्क वेब इसी तरह काम करता है। यह जंगल की तरह चीजों को छिपाने के साथ कार्यों और पहचान को भी छिपाता है।

वेब तीन तरह से काम करता है, ओपन (सरफेस) वेब, डीप वेब और डार्क वेब। ओपन वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जो सार्वजनिक रूप से दिखता है, जिसका दुनिया के ज्यादातर लोग गूगल, बिंग इत्यादि सर्च इंजनों द्वारा उपयोग करते हैं।

डीपवेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जो अमूमन लोगों की नजरों से छिपा रहता है और उन तक सामान्य सर्च इंजनों के माध्यम से नहीं पहुंचा जा सकता है। हालांकि डीपवेब का एक बड़ा हिस्सा डेटाबेस से बना होता है, जिसे कुछ सुरक्षा उपायों के साथ ओपन वेब पर एक्सेस किया जा सकता है।

# दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे ...



तनवीर जाफ़री

कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के नाम से सड़कों पर उतर चुके हैं। कार्यक्रमानुसार यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा लगभग 66 दिनों तक चलते हुये देश के 15 राज्यों और 110 ज़िलों से होकर गुज़रना प्रस्तावित है। 20 मार्च को मुंबई में ख़त्म होने वाली यह यात्रा 15 राज्य और 110 ज़िलों के 337 विधानसभा व 100 लोकसभा सीटों से होकर गुज़रेगी। 14 जनवरी को राहुल गांधी द्वारा मणिपुर के थौबल से शुरू की गयी यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर के बाद नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए (मुंबई) महाराष्ट्र में समाप्त होगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट 2 को पहले से भी अधिक जनसमर्थन मिल रहा है। जगह जगह लोगों की भारी भीड़ राहुल गाँधी को सुनने व देखने के लिये उमड़ रही है। परन्तु देश का रीढ़ विहीन मीडिया राहुल गाँधी की सफल भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कोई महत्व नहीं दे रहा। मीडिया तो सत्ता के सुर से अपना सुर मिलाते हुये देश को केवल यह बताने में व्यस्त है कि देश में राम राज आ चुका है। भारत जोड़ो यात्रा पार्ट 1 और भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट 2 में एक और बहुत बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। भारत जोड़ो यात्रा पार्ट 1 के समय जब राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक 145 दिनों की कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक की यात्रा करते हुये 3570 किलोमीटर के सफ़र में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया था। उस समय किसी भी पक्ष या विपक्ष के सत्तासीन राज्य से गुज़रते वक़्त इस स्तर के शासकीय विरोध का सामना नहीं करना पड़ा था जितना इस बार उन्हें भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट 2 के दौरान अपनी यात्रा के शुरुआती दौर में ही भाजपा शासित असम राज्य में करना पड़ा। असम में राहुल गाँधी की यात्रा रोकने, बाधित करने व राहुल गाँधी व उनके साथियों को हतोत्साहित करने के लिये असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपना पूरा ज़ोर लगा दिया। राजनीति में इस तरह का विरोध राजनैतिक विरोध कम व्यक्तिगत रंजिश जैसा अधिक प्रतीत होता है ? हिमंता बिस्वा सरमा ने राजनीति का कखग कांग्रेस में ही रह कर सीखा है। सरमा के कांग्रेस में रहते हुये भाजपा इन्हें देश का सबसे भ्रष्ट कांग्रेस नेता बताया करती थी। कुछ अजित पवार की ही तरह। परन्तु जब से उन्होंने भाजपा में शरण पाई तब से वे न केवल असम में एक भाजपाई मुख्यमंत्री के रूप में सुशोभित हो रहे हैं बल्कि भाजपा की नेहरू-गांधी परिवार व कांग्रेस विरोधी मुहिम के भी सबसे बड़े अगुआकार के रूप में नज़र आ रहे हैं। यहाँ तक कि कुर्सी पर बने रहने और अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचारों की आंच से महफ़ूज़ रहने के लिये वे संघ व भाजपा के साम्प्रदायिक व विभाजनकारी एजेंडे के भी नायक बने दिखाई देते हैं।



शायद तभी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांचवें दिन यानी 18 जनवरी को जब राहुल गांधी ने मणिपुर से नगालैंड होते हुये असम में प्रवेश किया तो उन्होंने असम के शिवसागर ज़िले में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा और आरएसएस देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक अन्याय कर रही है। जबकि भारत जोड़ा न्याय यात्रा का लक्ष्य हर धर्म, हर जाति के लोगों को एकजुट करने के साथ इस अन्याय के ख़िलाफ़ लड़ना भी है।

इसी तरह राहुल ने यात्रा के अगले दिन 19 जनवरी को असम के लखीमपुर ज़िले के गोगामुख में एक जनसभा में कहा कि -भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दिल्ली से हिंदुस्तान पर शासन करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस स्थानीय शासन का समर्थन करती है।

एक ओर तो असम से गुज़रते वक़्त राहुल अपनी सभाओं व वार्ताओं में संघ व भाजपा पर तथा मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आक्रामक थे तो दूसरी तरफ़ उन्हें भारी जनसमर्थन व जन उत्साह देखने को मिल रहा था। शायद यही बात भाजपा व बिस्वा सरमा से सहन नहीं हो सकी और संभवतः इसी वजह से राजनैतिक विरोध व्यक्तिगत विरोध के स्तर तक आ गया।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने 19 जनवरी को यह यह कह दिया था कि कांग्रेस की न्याय यात्रा को न तो सुरक्षा दी जाएगी, न ही यह यात्रा शहर से होकर गुज़रने दी जायेगी। इसी के अगले दिन यानी 20 जनवरी को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क़ाफ़िले पर हमला किया गया। भाजपा के कुछ कार्यकर्ता अपनी पार्टी के झंडे लेकर राहुल की बस के सामने आ गए। राहुल भी बस से बाहर निकल पड़े। कांग्रेस ने इस हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है। कांग्रेस के अनुसार- भाजपा के गुंडों ने पोस्टर-बैनर फाड़े, गाड़ियों में तोड़फोड़ की। यह लोग यात्रा को मिल रहे समर्थन से घबरा गए हैं। इसके अगले दिन यानी 21 जनवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आठवें दिन, असम में ही राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की की गयी। उनके सिक्योरिटी गार्ड राहुल को बचाते हुए बस के अंदर सुरक्षित वापस ले गए। यहां कांग्रेस के पोस्टर्स व होर्डिंग्स फाड़े गये। इसके बाद उसके अगले दिन यानी 22 जनवरी को न्याय यात्रा के नौवें दिन राहुल अपने साथियों के साथ नगांव पहुंचे। वे यहां बोर्दोवा थान में संत श्री शंकरदेव के जन्म स्थल बताद्रवा थान मंदिर में दर्शन करने के लिये जाना चाहते थे परन्तु उन्हें प्रवेश करने की इजाज़त नहीं दी गई। सुरक्षाबलों ने राहुल और अन्य कांग्रेसी नेताओं का क़ाफ़िला रास्ते में हैबरगांव में रोक दिया।

यहां सुरक्षाबलों से बहस के बाद राहुल और अन्य कांग्रेसी नेता धरने पर बैठ गए। इस विषय पर जब असम सीएम हेमंत बिस्वा सरमा से सवाल किया गया तो उत्तर था कि - आज रावण के बारे में तो बात मत कीजिए ?

इसी तरह राहुल गांधी को असम के एक विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करने के लिये प्रवेश नहीं करने दिया गया।आख़िरकार 23 जनवरी को यात्रा के 10वें दिन राहुल गांधी ने विश्वविद्यालय के छात्रों से असम-मेघालय सीमा पर सड़क पर बातचीत की और कहा-% कि मैं आपकी यूनिवर्सिटी आकर आपसे बात करना चाहता था और ये समझना चाहता था कि आप किन मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इसके बाद जब राहुल गांधी की न्याय यात्रा गुवाहाटी पहुंची तो असम पुलिस ने गुवाहाटी सिटी जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग लगाकर यात्रा को रोक दिया। यहां कांग्रेस समर्थकों के साथ पुलिस की भिड़ंत व धक्का मुक्की हुई। भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ डाली। इसके बाद राहुल गांधी सहित अन्य कई नेताओं के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी। इस संबंध में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद हम राहुल गांधी को गिरफ़्तार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान दंगा भड़काने की कोशिश की गयी थी और कांग्रेस ने असम में एक बड़ा सांप्रदायिक टकराव भड़काने की साज़िश रची थी।

सवाल यह है कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज़ दबाने का आख़िर यह कौन सा तरीक़ा है ? क्या राजनैतिक विरोध अब निजी शत्रुता जैसा रूप ले चुका है ? वैसे दलबदल व अवसरवादिता की राजनीति के इस दौर में ख़ासकर थाली के बैंगन राजनीतिज्ञों के लिये डॉ बशीर बद्र का यह शेर बहुत ही प्रासंगिक लगता है -

दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे।

जब कभी हम दोस्त हो जाएँ तो शर्मिंदा न हों।।

## सर्वांगीण शिक्षा, ज्ञान और संघर्ष जीवन में ऊंचाइयां देते हैं

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता, मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही, बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।

जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है, जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था, उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि %पाप से घृणा करो पापी से नहीं% फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था, उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था।




# देश की बेटियां आगे बढ़ना चाहती है वह पढ़ना चाहती है



गोंदिया- वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां जानती है कि महिलाओं का सम्मान और नारी शक्ति का का सशक्त मूल्यांकन और प्रोत्साहन जितना अधिक गंभीरता से भारत में होता है उतना शायद कहीं नहीं होता ।आज हम भारतीय हर क्षेत्र में नारी शक्ति का बोलबाला देख रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष तक याने जमीन से आसमान तक विकास की और तेजी से कदम बढ़ाते हुए विकसित भारत लक्ष्य प्राप्त करने में नारी शक्ति का अभूतपूर्व योगदान प्राप्त हो रहा हैजिसका ताजा उदाहरण हमने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को देखा जिसमें पूरी कर्तव्य पथ परेड और अन्य कार्यक्रम महिला केंद्रित रहे चाहे वह परेड हो या फिर संस्कृतझांकियां अधिकतम महिला सशक्तिकरण केंद्रितथी जिसकीसटीकता पर मोहर आज दिनांक शक्ति 27 जनवरी 2024 को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट 2020-21 में भी लगाई गई जिसमें कहा गया है कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं शिक्षा क्षेत्र में अधिक आ रही है। इस तरह आज माननीय उपराष्ट्रपति पीएम, शिक्षा मंत्री ने भी नारी शक्ति पर हामी भरते हुए कहा महिला सशक्तिकरण का शैक्षणिक सुधारो के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है ।चूंकि 26 जनवरी और आज 27 जनवरी 2024 को शिक्षा मंत्रालय द्वारा अपनी रिपोर्ट में बेटियों की अधिक चाहत पढ़ाई में बताई है, इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ नारी केंद्रित हो या शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट हो, हर जगह साफ दिखने को मिला बेटियां आगे बढ़ना चाहती है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 27 जनवरी 2024 को जारी शिक्षा मंत्रालय की सर्वेक्षण रिपोर्ट की करें तो, लड़कियों ने किए सबसे ज्यादा नामांकनउच्च शिक्षा को लेकर छात्राओं में सबसे ज्यादा रुचि देखी गई है2014-15 में देश में उच्च शिक्षा में नामांकन कराने वाली छात्राओं की संख्या जहां 1.57 करोड़ थी, वह 2021-22 में 2.07 करोड़ हो गई। एससी/एसटी छात्र-छात्राओं के नामांकन में भी काफी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। यूनिवर्सिटी के नए संस्थान सरकार की ओर से आयोजित उच्च शिक्षा परअखिल भारतीय सर्वेक्षण 2021 के अनुसार, 2014-15 से 341 विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर के संस्थान स्थापित किए गए हैं। वहीं छात्र/छात्राओं की बढ़ती संख्या के साथ महिला शिक्षकी संख्या 2014-15 में 5.69 लाख से बढ़कर 2021-22 में 6.94 लाख हो गई है। वर्ष 2021-22 के लिए हाल ही में जारी उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार पिछले आठ वर्षों में पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाओं ने उच्च शिक्षा में नामांकन किया है। 2014-15 के बाद से उच्च शिक्षा में कुल नामांकन में वृद्धि (91 लाख) में महिलाओं की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत है।

नवीनतम सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, कुल नामांकन 4.33 करोड़ में से 48 प्रतिशत या 2.07 करोड़ महिलाएं हैं ।2019-20 में महिला नामांकन में 1.88 करोड़ से 2.01 करोड़ की मामूली वृद्धि देखी गई ।2014-15 में कुल 3.42 करोड़ नामांकन में महिलाओं का प्रतिशत 46 प्रतिशत था। वहीं, उच्च शिक्षा में 2021-22 के सत्र में नामांकन बढ़कर लगभग 4.33 करोड़ हो गया जो इससे पिछले सत्र में 4.14 करोड़ था। विज्ञान संकाय में महिला अभ्यर्थियों के नामांकन की संख्या पुरुषों की संख्या से अधिक है। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) में यह जानकारी सामने आई है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार की रात जारी सर्वेक्षण के अनुसार कुल मिलाकर महिला नामांकन 2020-21 में 2.01 करोड़ से बढ़कर 2021-22 सत्र में 2.07 करोड़ हो गया है। एआईएसएचई की रिपोर्ट में कहा गया है, उच्च शिक्षा में कुल नामांकन2020-21 में 4.14 करोड़ से बढ़कर 2021-22 में लगभग 4.33 करोड़ हो गया है। वर्ष 2014-15 में नामांकन के आंकड़े 3.42 करोड़ में लगभग 91 लाख की वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया है, महिला नामांकन 2020-21 में 2.01 करोड़ से बढ़कर 2021-22 में 2.07 करोड़ हो गया है। वर्ष 2014-15 में महिला नामांकन में 1.57 करोड़ के मुकाबले लगभग (32 प्रतिशत) 50 लाख की वृद्धि हुईद्व रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पीएचडी में महिला नामांकन 2014-15 सत्र के 0.48 लाख से दोगुना होकर 2021-22 में 0.99 लाख हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 से 2021-22 की अवधि के लिए महिला पीएचडी नामांकन में वार्षिक वृद्धि 10.4 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि 2021-22 में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएच.डी. और एम.फिल स्तर पर 57.2 लाख छात्र विज्ञान संकाय में नामांकित हैं जिसमें छात्राओं की संख्या 29.8 लाख के मुकाबले छात्रों की संख्या (27.4 लाख) से अधिक है ।रिपोर्ट के अनुसार एसटी छात्रों का नामांकन 2014-15 में 16.41 लाख से बढ़कर 2021-22 में 27.1 लाख हो गया जिसमें 65.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। शिक्षा मंत्रालय 2011 से उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण आयोजित कर रहा है, जिसमें देश में उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया है। सर्वेक्षण के तहत विभिन्न मापदंडों जैसे छात्र नामांकन, शिक्षकों का आंकड़ा, ढांचागत एवं वित्तीय सूचनाओं आदि पर विस्तृत जानकारी एकत्र की जाती है। साथियों बात अगर हम देश की बेटियां आगे बढ़ना चाहती है वे पढ़ना चाहती है की करें तो, देश की बेटियां आगे बढ़ना चाहती हैं, वे पढ़ना चाहती हैं। उनकी यह ललक गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ की परेड हो या फिर शिक्षा मंत्रालय की और से उच्च शिक्षा को लेकर जारी अखिल भारतीय सर्वेक्षण 2021-22 की रिपोर्ट, हर जगह साफ दिखने को मिली।

उच्च शिक्षा में उनके बढ़े नामांकन ने सभी को चौंकाया है। यह वर्ष 2014- 15 के मुकाबले 32 प्रतिशत से ज्यादा है। यानी मोदी सरकार के आठ वर्षों में उच्च शिक्षा में बेटियों के पढ़ने की संख्या बढ़ी है ।2021-22 में उच्च शिक्षा के लिए 2.07 करोड़ बेटियों ने दाखिला लिया था, जबकि 2014-15 में यह संख्या 1.57 करोड़ ही थी ।पीएचडी (शोध) में दाखिला लेने को लेकर भी जबरदस्त उत्साह दिखाया: इतना ही नहीं, बेटियों ने पीएचडी (शोध) जैसे कोर्सों में दाखिला लेने को लेकर भी जबरदस्त उत्साह दिखाया है। जो 2014 15 के मुकाबले दोगुना हो गया है। वर्ष 2014-15 में पीएचडी के लिए जहां 47 हजार बेटियों ने नामांकन कराया था, वहीं 2021-22 में यह संख्या बढ़कर 99 लाख हो गई है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने उच्च शिक्षा को लेकर अखिल भारतीय सर्वेक्षण 2021-22 गुरुवार की देर रात जारी किया है। साथियों बात अगर हम रिपोर्ट के अनुसार बढ़ते शिक्षा क्षेत्र की करें तो, अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण 2021-22 के मुताबिक, देश में सबसे अधिक कालेज उत्तर प्रदेश में हैं, इनकी संख्या 8,375 है, जबकि कालेजों की संख्या में दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र (4,692 कालेज), तीसरे नंबर परकर्नाटक (4,430 कालेज), चौथे स्थान पर राजस्थान (3,934 कालेज), पांचवें पर तमिलनाडु (2,829 कालेज), छठे पर मध्य प्रदेश (2,702), सातवें पर आंध्र प्रदेश (2,602 कालेज), आठवें पर गुजरात (2,395 कालेज), नौवें पर तेलंगाना (2,083) और दसवें पर बंगाल ( 1,514 कालेज) है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
सोमवार 29 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### नाली में गिरकर डेढ़ साल के बच्चे की मौत

**जौनपुर।** जौनपुर में डेढ़ साल के बच्चे की नाली में गिरने से मौत हो गई। घरवालों को इसकी जानकारी तब हुई, जब उन्होंने काफी देर तक बच्चे को नहीं देखा। घर वालों ने बच्चे को ढूंढना शुरू किया। लेकिन बच्चे का कहीं पता नहीं चला। बच्चे की पहचान सुभाष चौरसिया के बेटे डुगडुग के रूप में हुई है। सुभाष जौनपुर के चांदमारी मोहल्ले में किराए के मकान में रहते हैं। बच्चे के पिता ने बताया कि क डुगडुग सुबह लगभग 10 बजे दूध का बोतल लेकर खेल रहा था, खेलते-खेलते नाली में गिर गया। जब वो हमें कुछ देर तक नहीं दिखा तो हम लोग उसे ढूंढने लगे। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मैं इधर उधर ढूंढ रहा था, मेरी पत्नी शिल्पी आस-पास के लोगों से पूछ रही थी। किसी को बच्चे के बारे में पता नहीं था। पिता बोले जब हम लोग ढूंढते-ढूंढते छत पर पहुंच तो छत से ही घर के पीछे नाली में देखा, तो हम लोगों को कुछ शक हुआ। भागकर नाली के पास गया तो देखा बेटा नली में पड़ा हुआ था। आनन-फानन में उसे नाली से बाहर निकाला। जब तक उसे बाहर निकालते बहुत दे हो चुकी थी। मेरे बच्चे की सांसे बंद हो चुकी थी। वो इस दुनिया में नहीं रहा।

### औरैया में चार दिन से लापता युवक का शव जंगल में पेड़ पर लटका मिला

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के अजीतमल थाना क्षेत्र में चार दिन से लापता युवक का शव जंगल में बबूल के पेड़ से लटका मिला है। युवक का शव मिलने की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गयी है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के थाना अजीतमल क्षेत्र के गांव सिकरोड़ी राजा सिंह (38 वर्ष) पुत्र राजेन्द्र सिंह चार दिन पूर्व गुरुवार को घर पर बिना कुछ बताये कहीं चला गया था। युवक के घर से गायब होने के बाद से परिजन लगातार उसकी खोज कर रहे थे। रविवार की सुबह लोगों ने यमुना के किनारे जंगल में बबूल के पेड़ से साफी के सहारे युवक का शव लटका देखा तो इसकी जानकारी परिजनों व पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गये। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पूछताछ कर मामले की जांच में जुट गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मजदूरी कर अपनी पत्नी उषा सहित चार बच्चों पुत्री अंजली व स्वाति एवं पुत्र सतेंद्र व जितेंद्र का पालन पोषण करता था।

### पीलीभीत में चलती कार में हुआ ब्लास्ट

**पीलीभीत।** पीलीभीत की बीसलपुर कोतवाली के सामने चलती अर्टिगा कार में ब्लास्ट हो गया। जिसमें ड्राइवर व कार के पास खड़े तीन लोग हुए घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे के बाद रोड के दोनों और लंबा जाम लग गया। बीसलपुर नगर में कोतवाली के सामने अचानक चलती अर्टिगा कार में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होने से कार के परखच्चे उड़ गए जिसमें बरेली जिला के थाना भुता के गांव अर्जुनपुर निवासी कार ड्राइवर पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया। वही कार के पास परचूनी दुकान पर सामान लेने आई बच्ची खुशी व मान्या सहित दुकान स्वामी धीरज वर्मा भी कार के ब्लास्ट होने पर कार के कांच से जख्मी हो गए। बामुश्किल कार ड्राइवर कार से बाहर निकाला, इसके बाद आवागमन दोनों तरफ से काफी देर तक बंद रहा फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। वहीं घायल ड्राइवर व अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कार में ब्लास्ट होने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, फिलहाल घटना के बाद इलाके के लोग दहशत में हैं। स्थानीय लोगों की माने तो जब ब्लास्ट की आवाज सुनकर वह लोग घर से बाहर निकले तो हर तरफ कांच बिखरा हुआ था। स्थानीय लोगों ने हादसे के दौरान घायल हुए लोगों को उपचार के लिए भिजवाया है।

### झांसी में कार ने पार्षद पति को रौंदा, मौत

**झांसी।** झांसी में तेज रफ्तार कार ने पार्षद पति महेंद्र शर्मा को रौंद दिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। महेंद्र शर्मा की पत्नी छतरपुर के वार्ड 23 से पार्षद है। वह भतीजी का इलाज कराने झांसी आए थे। अस्पताल के बाहर पैदल जाते वक्त कार ने टक्कर मार दी। आगे जाकर कार सड़क किनारे खड़ी क्रेन से टकराकर एक बार पलटकर सीधी हो गई। कार में 4 युवक सवार थे। एयरबैग खुलने से उनका बचाव हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। कार को कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच की जा रही है। महेंद्र शर्मा (38) पुत्र मथुरा प्रसाद शर्मा मध्य प्रदेश के छतरपुर के चौबे कॉलोनी में रहते थे। उनकी पत्नी शिखा शर्मा वार्ड 23 से वर्तमान में पार्षद हैं। महेंद्र की भतीजी को कुछ दिनों से बुखार आ रहा था। तब परिजनों ने भतीजी को झांसी में मेडिकल रोड पर मैक्स केयर हॉस्पीटल में एडमिट करवाया था। साले अंजनी कुमार शर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात करीब 12ः45 बजे महेंद्र अस्पताल के बाहर आए और अपनी कार साइड में पार्क करके वापस अस्पताल के अंदर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार में एक कार आई और उनको रौंदते हुए आगे जाकर क्रेन से टकराकर एक बार पलटकर सीधी हो गई। हादसे में महेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

### कानपुर देहात में नाबालिग से रेप

कानपुर देहात। कानपुर देहात की थाना शिवली में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी युवक से पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया है। शिवली के एक गांव में रहने वाली नाबालिक के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए ग्राम कलकपुरवा थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर निवासी झगडू (20) पर नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर नाबालिग किशोरी को मेडिकल के लिए भेज दिया था और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी थी। रविवार को मुखबिर की खास सूचना पर आरोपी झगडू की गिरफ्तारी के लिए लगी पुलिस टीम ने शिवली से गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आए जहां पर पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी शिवली ने बताया कि थाने में पीड़ित की तहरीर के आधार पर रेप और पॉक्सो एक्ट का एक मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें नामजद आरोपी झगडू फरार चल रहा था। जिसे पुलिस टीम में मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### बुजुर्ग महिला की जिंदा जलकर मौत

पीलीभीत। पीलीभीत के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के शेखापुर गांव में अलाव ताप रही एक और बुजुर्ग महिला की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव शेखापुर निवासी स्वर्गीय रोशन लाल की पत्नी कृष्णा देवी 56 वर्ष को अपनी झोपड़ी में अलाव ताप रही थी। बताते हैं कि अचानक एक चिंगारी उसके बिस्तर पर जा गिरी जिससे बिस्तर धूंधूं कर जल उठा। बताते हैं कि जिस समय आग लगी उस समय वृद्धा का पुत्र चंद्र प्रकाश गन्ने के खेत पर मजदूरी करने गया था, जबकि उसकी पत्नी पार्वती शौच को गई थी। जब वह वापस लौटी तब उसने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी ।शोर शराबा होने पर पूरा गांव एकत्र हो गया। बुजुर्ग महिला को गंभीर हालत में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने कल शाम उसे डिस्चार्ज कर दिया। बताते हैं कि वृद्धा के घर पहुंचने पर कल रात उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना राजस्व प्रशासन व पुलिस को दी गई। बताते हैं कि लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। पुलिस ने आज वृद्धा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। बताते हैं की वृद्धा कृष्णा देवी पहले से विकलांग थी जिस कारण आग लगने पर वह भाग नहीं सकी। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# रामनगरी के 2.97 लाख से अधिक घरों तक नल से जल पहुंचाने की सारथी बनी डबल इंजन सरकार

## अयोध्या में 5500 से अधिक महिलाओं को एफटीके प्रशिक्षित किया गया

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी के हर घर तक नल से जल पहुंचाने में योगी सरकार शीर्ष पर है। सूबे के सभी जनपदों में इस दिशा में तेजी से काम भी किया जा रहा है। रामनगरी में भी योगी सरकार दो लाख 97 हजार से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाने की सारथी बनी। स्वच्छ पानी से काफी हद तक बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है, इसी सोच पर कार्य करते हुए यहां 2203 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट स्वीकृत हो चुके हैं, इनमें से 1793 करोड़ रुपये खर्च कर अयोध्या के घर-घर तक योगी सरकार स्वच्छ जल भी मुहैया करा रही है। साथ ही शेष बचे घरों में भी स्वच्छ जल मुहैया कराने की तैयारी जोरों से चल रही है। यही नहीं, इन कार्यों के जरिए योगी सरकार की प्राथमिकता गांवों में युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देकर



स्वावलंबी बनाना भी है।

### 3.44 लाख में से 2.97 लाख से अधिक घरों तक नल से पहुंच चुका स्वच्छ जल

योगी सरकार ने अयोध्या को दिव्य-भव्य व नव्य नगरी बना दिया है। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत यहां पर्यटकों की आमद भी काफी अधिक हो गई है। इस भव्यता के लिए सीएम योगी ने सभी विभागों को लक्ष्य दिया था। पर्यटन हो या संस्कृति, विकास प्राधिकरण हो या नगर निगम, हर विभाग को टास्क देकर उन्हें सर्वोच्च परिणाम देने का निर्देश सीएम योगी की तरफ से दिया गया है।

इसी क्रम में अयोध्या में नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से भी युद्ध स्तर पर कार्य किया गया। यहां 3,44,708 ग्रामीण घरों में से 2,97, 788 घरों तक कनेक्शन पहुंच गए हैं। अभी तक 2203 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अयोध्या के विकास के लिए दिए गए हैं। इसमें से 1793 करोड़ रुपये के कार्य कर इस योजना को मूर्त रूप दिया गया है।

महिलाएं खुद ही पानी की शुद्धता की जांच कर सकें। इसके लिए एफटीके (फील्ड टेस्ट किट) से उनकी मदद होगी। सिर्फ रामनगरी की ही बात करें तो अब तक यहां 5515 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

यह महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर पानी की क्वालिटी चेक कर रही हैं। योगी सरकार का उद्देश्य है कि इसके जरिए आमजन को किसी पर आश्रित न रहना पड़े, बल्कि प्रशिक्षित महिलाएं ही इसकी जांच कर मददगार साबित हों। वहीं योगी सरकार की तरफ से ही दो महिला प्लंबर को भी प्रशिक्षित कराया जा चुका है।

योगी सरकार अयोध्या के गांवों को युवाओं को स्किल ट्रेनिंग भी दिला रही है। अब तक कुल 10322 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 1589 प्लंबर, 1588 पंप ऑपरेटर, 1588 इलेक्ट्रिशियन, 1587 मोटर मैकेनिक, 1589 फिटर व 2381 राजमिस्त्री को स्किल ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

# छह दिन में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए श्रीरामलला के दर्शन

**अयोध्या।** श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का जत्था अनवरत देखा जा सकता है।

प्राण प्रतिष्ठा से लेकर अबतक छह दिनों में 15 लाख से अधिक रामभक्तों ने नव्य-भव्य मंदिर में दर्शन-पूजन कर किया है।

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर गठित उच्चस्तरीय कमेटी की देखरेख में श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ दर्शन-पूजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन यानी 23 जनवरी को मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले तो लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।

जानकारी के अनुसार रोजाना दो लाख से अधिक रामभक्त श्रीरामलला के दरबार में सुगमता पूर्वक पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं।

अयोध्या नगर से लेकर मंदिर परिसर में दिनभर जय श्रीराम का जयघोष गूंज रहा है। देश-विदेश, विभिन्न राज्यों और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन को पहुंच रहे हैं। वहीं रविवार को भी करीब दो लाख कि संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए।

- रामभक्तों को रामलला के सुगम दर्शन कर लिए मुख्यमंत्री योगी ने किए हैं कई इंतेजाम

### राम-लला प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या

- 23 जनवरी - पांच लाख
- 24 जनवरी - दो लाख
- 25 जनवरी - दो लाख
- 26 जनवरी - ढाई लाख
- 27 जनवरी - दो लाख
- 28 जनवरी - दो लाख

# भदोई : किन्नरों के मड़हे में अराजक तत्वों ने लगाई आग

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के गोपीगंज के ककराही मंडी समिति के समीप दलित बस्ती में स्थित किन्नरों के मड़हे मे शनिवार की रात अराजकतत्वो ने आग लगा दिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

फायर ब्रिगेड के सूत्रों ने बताया कि गोपीगंज में मंडी के पास स्थित दलित बस्ती में किन्नरों के मड़हे में शनिवार की रात आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंची फायर कर्मियों की टीम ने आग पर काबू कर लिया। बताया जाता है कि जिले के गोपीगंज स्थित ककराही मंडी समिति के पास दलित बस्ती में बसंती नाम की किन्नर सहित कुछ अन्य किन्नर झोपड़ी बनाकर रहते हैं ।शनिवार की रात लोग खाना पीना खाकर सो गए। इसी बीच पक्के मकान के बगल किन्नरों के मड़हे में किसी अराजक तत्व ने आग लगा दी। जिसमें घर में रखा गृहस्थी का सामान लकड़ी, अनाज, ऊपली,नकदी व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि आग ने जब भीषण रूप ले लिया तब लोगो को जानकारी हुई और लोग आग को बुझाने का अथक प्रयास करते रहे।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा 17-18 फरवरी को

## दो-दो शिफ्ट में होंगे एग्जाम; एआई से होगी संदिग्धों की पहचान

लखनऊ। यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल के 60 हजार 244 पदों के लिए परीक्षा 17 और 18 फरवरी को होगी। अपर सचिव (भर्ती) की ओर से 27 फरवरी को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि इस भर्ती में कुल 50 लाख 15 हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया है। इनमें करीब 15 लाख महिलाएं हैं। ऐसे में एक पद के लिए 83 दावेदार हैं।

### परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग भी

भर्ती के लिए ऑफलाइन लिखित



परीक्षा 17-18 फरवरी 2024 को है। परीक्षा में वस्तुनिष्ठ (ऑब्जेक्टिव) प्रश्न पूछे जाएंगे। लिखित परीक्षा 300 अंकों की होगी। इसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी, संख्यात्मक और मानसिक योग्यता, मानसिक अभिरुचि, बुद्धिलब्धि, तार्किक क्षमता के कुल 150 प्रश्न होंगे। सही उत्तर पर 2 अंक मिलेंगे। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग भी है। गलत उत्तर देने पर 0.5 की नेगेटिव मार्किंग की जाएगी।

### दो शिफ्ट में होगी परीक्षा

भर्ती बोर्ड ने अनुमान लगाया था कि करीब 32 लाख रजिस्ट्रेशन होंगे। इस हिसाब से उत्तर प्रदेश में 18 फरवरी को प्रस्तावित लिखित परीक्षा के लिए 6500 से ज्यादा केंद्र बनाने की तैयारी थी। हालांकि, अब 50 लाख से ज्यादा आवेदन हुए तो दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। एग्जाम सेंटर भी बढ़ाए जाएंगे।

### एआई से होगी संदिग्धों की पहचान


कॉन्स्टेबल की इतनी बड़ी भर्ती को सफल बनाने के लिए सॉल्वर गैंग पर सख्त नजर रखेगा। इसके लिए एसटीएफ और जिलों की पुलिस को सतर्क रहने को कहा गया है। सॉल्वर गैंग और नकल माफिया गिरोह पर भी परीक्षा से पहले सख्ती बरती जाएगी। परीक्षा के समय संदिग्धों की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा भी लिया जाएगा।

# डंडे-सरिया से पीट-पीटकर बेटे ने की मां की हत्या

## बचाने आए पिता और दो भाइयों को भी किया घायल

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में बेटे ने शराब के नशे में अपनी ही मां की ही हत्या कर दी। कारण, सिर्फ इतना था कि मां ने बेटे को शराब पीकर घर आने पर टोक दिया। इसी से गुस्साए बेटे ने एक के बाद एक मां के सिर और फिर सरिया से उनके सिर पर कई वार किए, जिससे महिला खून से लथपथ हो होकर गिर गई। आवाज सुनकर बचाने आए भाइयों और पिता पर भी हमला किया। उन्हें भी बेरहमी से पीटा। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों और पड़ोसियों से घटना की




जानकारी ली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं वारदात के बाद आरोपी बेटा फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### पिता उठा रहे थे घर का खर्चा, बड़ा बेटा था शराबी

मामला थाना टूंडला क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद का है। यहां अजयपाल अपने चार बेटों और पत्नी के साथ रहते हैं। उनकी दो बेटी भी हैं, जिनकी उन्होंने शादी कर दी है। वह मेहनत मजदूरी कर घर का खर्चा उठा रहे हैं। अजयपाल के चार बेटों में सबसे बड़ा राकेश (25), दूसरे नंबर का सुभाष (23), तीसरे नंबर का गोविंद (20) और चौथे नंबर का शिवम (18) है। दूसरे नंबर का बेटा सुभाष कोटा राजस्थान में रहकर काम करता है। वहीं तीन बेटे यहीं घर पर पिता के साथ रहते हैं।

### पहले थप्पड़ मारा, फिर डंडे और सरिया से किया वार

पिता ने बताया कि शनिवार रात को राकेश शराब पीकर घर आया। जिस पर उसकी मां ने उसे टोक दिया। इस पर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। मां ने उसे डांटा तो उसने मां को थप्पड़ मार दिया। धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद डंडा उठाया और गुस्से में सिर पर मारना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर बाहर सो रहे पिता अंदर पहुंचे। पत्नी को बचाने की कोशिश की तो उसने पिता पर भी डंडे और लोहे की सरिया से हमला कर दिया। दोनों भाइयों ने उसका हाथ पकड़ने की कोशिश की तो उन पर भी हमला किया। जिससे तीनों को गंभीर चोट आई है।

# बहराइच में सड़क हादसे में एक की मौत, सात घायल

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के थाना मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत शनिवार देर रात को नानपारा-लखमीपुर हाइवे पर नैनिहा गुरुद्वारा के निकट अज्ञात वाहन और बोलेरो में टक्कर हो गई। दुर्घटना में बुलोरो चालक की मौके पर मौत हो गई और सात अन्य लोग घायल हो गए।

सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां चार घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात को नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर बोलेरो को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बोलेरो में चालक सहित कुल 08 लोग सवार थे। दुर्घटना में सभी लोग घायल हो गए और चालक0 प्रवीण दीक्षित (40) की मृत्यु हो गई। घायल होने वालों में शिवचंद (50), संजय कुमार (40), अतीक (27), शकील अहमद (45), अपसर (30), राधारमन व प्रदीप दीक्षित शामिल हैं। सभी लखीमपुर खीरी जनपद के धौरहरा कोतवाली के कस्बा निवासी हैं। ये लोग शनिवार को नेपाल गए थे। रात में सभी बोलेरो वाहन से वापस अपने घर जा रहे थे।

उसी दौरान जब वह मोतीपुर थाना क्षेत्र के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर नैनिहा गुरुद्वारे के पास पहुंचे, इनके बोलेरो वाहन में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

# महोबा में घायल व्यापारी की मौत, व्यापारियों ने जताया रोष

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के पनवाड़ी मे लुटेरों की गोली से घायल हुए सराफा व्यापारी की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो जाने पर घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार बंद करके अपना विरोध जताया। व्यापारियों ने पुलिस के खिलाफ जम कर नारेबाजी करते हुए हँगामा भी काटा।

उल्लेखनीय है की पनवाड़ी कस्बे के अलीपुरा मे गत 25 जनवरी को सरेशाम वारदात को अंजाम देते हुए बदमाशों ने दूकान बंद करके घर जा रहे सराफा व्यापारी अजय कान्त सोनी के साथ लूटपाट की घटना की थी। बदमाशों ने तब 27 वर्षीय युवा व्यापारी को गोली मारते हुए आभूषणों से भरा उसका बैग छीन लिया था ओर उसे लेकर भागकर फरार हो गए थे। पुलिस ने प्रकरण में मुकदमा पंजीकृत करके बदमाशों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये थे और घटना मे गंभीर रूप से घायल हुए व्यापारी को इलाज के लिए तत्काल झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था जहाँ इलाज के दौरान आज उसकी दु:खद मौत हो गयी। तीन दिन पुरानी इस घटना का अनावरण करने और अपराधियों को पकड़ पाने मे पुलिस नाकाम रही। उधर व्यापारी अजय कान्त की मौत की खबर मिलते ही जिले के व्यापारियों मे आक्रोश पनप उठा। पनवाड़ी कस्बे में व्यापारी अपनी दुकाने बंद करके सड़क पर आ गए तो महोबा मे सराफा बाजार बंद हो गया।

# घने कोहरे में हुई सड़क दुर्घटना,एक मरा, सात घायल

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के पचपेड़वा थानाक्षेत्र के जुडीकुइयां गांव के पास रविवार को घने कोहरे के बीच हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी जबकि सात अन्य जीप सवार घायल हो गये। पुलिस के अनुसार, सवारियों से भरी तेज रफ्तार एक जीप बढ़नी से बलरामपुर की ओर आ रही थी कि अचानक जड़ीकुइया गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खडी ट्रक से टकरा गयी। उन्होंने बताया कि घटना में जीप सवार आठ लोग घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस के जवानों नें घायलों को निकलवाकरअस्पताल पहुंचाया।

# लकड़ी तोड़ने गई महिला कुएं में डूबी, मौत

## बेटी कुएं के पास पहुंची तब चला पता, चारपाई डालकर कुएं से निकाला गया

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर में ठंड के मौसम में प्रशासनिक लापरवाही की पोल खुल गई है। ठंड से राहत के लिए अलाव का प्रबंध करने हेतु लकड़ी इकट्ठा करने गई एक महिला की कुएं में डूबकर मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम में भेजा है। वही घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, घटना जिले के मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के पदारथपुर अचली गांव की है। यहां की निवासी सरोजा निषाद (50वर्ष) पत्नी कन्हैयालाल निषाद आज घर से लकड़ी के प्रबंध के लिए निकली थी। गांव के बाहर गुरुदीन के खेत में स्थित कुएं के पास लकड़ी तोड़ते समय उसका पैर फिसल गया और वो कुएं में जा गिरी। जिससे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई।

### परिवार में सभी का रो-रोकर है बुरा हाल

घटना के काफी देर बाद 12 वर्षीय बेटी प्रिया जब मां को ढूंढते हुए वहां पहुंची तो पानी में डूबा देखकर वो चीखने चिल्लाने लगी।

शोर सुनकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कुएं के अंदर की झाड़ियां को साफ कराकर छोटी रस्सी के सहारे चारपाई कुएं में डालकर शव को निकलवाया। शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के परिवार में बूढ़ी सास, पति कन्हैयालाल के अलावा बेटा शिवपूजन (17 वर्ष) और बेटी प्रिया (12 वर्ष) है। बड़ी बेटी पूजा शादीशुदा है।

### पीएम रिपोर्ट आने पर दी जाएगी दैवीय आपदा की मदद

बताया जा रहा है कि परिवार बेहद गरीब है रहने को आवास तक नहीं है। मौके पर राजस्व निरीक्षक दियरा प्रसिद्ध नारायण मिश्र, प्रधान प्रतिनिधि अमरेश कुमार, प्रधान राजकुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे। तहसीलदार जयसिंहपुर हृदयराम तिवारी ने बताया कि मृतका के अंतिम संस्कार की व्यवस्था कर दी गई है।

# लखनऊ में लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## दोस्त से बाइक मांग कर देते थे वारदात को अंजाम, आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की होगी कार्रवाई

लखनऊ। दोस्त से बाइक मांग कर लूट करने वाले दो चोरों को लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी नशा करने के आदि हैं। डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गोमतीनगर थाना पुलिस ने रविवार को दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोनो बदमाशों ने 16 व 22 जनवरी को महिलाओं से लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही घटना का खुलासा करने वाली टीम के लिए 25 हजार रूपये के इनाम की घोषणा की गई है।

पुलिस ने दोनों आरोपितों की पहचान तरुण पांडेय निवासी कल्याणपुर व शिवा सिंह निवासी अतरौली लखनऊ के रूप में की है। आरोपित पहले भी गाजीपुर व गुडंबा थाने से आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। जेल से छूटने के बाद आरोपित दोबारा से लूट करने में लग गए थे।

महिलाओं की रेकी कर निशाना बनाते थे आरोपितः पुलिस को दी शिकायत में लूट पीड़िता प्रिया विश्वकर्मा, सेक्टर 11 इंदिरा नगर ने बताया कि कोचिंग सेंटर से दो सौ मीटर आगे पहुंचने पर पीछे से आए बाइक सवार दो लड़के बैग छीन कर भाग गए। बैग में 22 हजार 500 रूपये, स्मार्ट फोन, स्मार्ट वाच सहित अन्य दस्तावेज थे। वहीं, गोमतीनगर की अंसिका सिंह अपनी मां के साथ बैंक में पैसा जमा करने जा रही थीं। अंसिका की मां स्कूटी पर बैग लेकर बैठी हुई थीं। पीछे से आए बदमाश उनकी मां से बैग छीन कर फरार हो गए। बैग में 62, 500 रूपये की नगदी व एक मोबाइल भी था।

# रायबरेली में सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के बछरांवा इलाके में शादी में शिरकत करने जा रहे तेज़ रफ़्तार दो मोटरसाइकिल सवार में एक की फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर टकराने से दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

पुलिस सूत्रों से आज रविवार को मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात करीब 11बजे बछरांवा इलाके के फ्लाईओवर के पास अनियंत्रित होकर टकराने से मोटरसाइकिल पर बैठे दो सवारो में से एक अभिमन्यु (30) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी प्रिंस गुप्ता (28) गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

## शार्ट न्यूज

### बाजार जब ऊपर नीचे जाए तो बैलेंस्ड एडवांटेज फंड धन बचाए

देसी शेयर बाजार पिछले कुछ समय से भारी उतार-चढ़ाव झेल रहे हैं और 17 जनवरी, 2024 के दिन 1600 अंक से भी ज्यादा गिरकर सेंसेक्स ने निवेशकों को झकझोर दिया। पिछले मंगलवार को भी सेंसेक्स धड़ाम से 1053 अंक गिर गया। गिरावट इसलिए भी परेशान कर रही है क्योंकि बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर चल रहे हैं। इस गिरावट की सबसे ज्यादा मार इक्विटी म्युचुअल फंड में रकम लगाने वालों पर पड़ी है क्योंकि उनके पोर्टफोलियो की कीमत एकाएक कम हो गई। मगर म्युचुअल फंड की कुछ श्रेणियां और निवेश के तरीके उतार-चढ़ाव की तपिश को कम कर सकते हैं। इन्हें डायनमिक ऐसेट अलोकेशन फंड भी कहा जाता है। बॉन्ड और शेयर जब किफायती भाव पर मिलते हैं, उस समय ये फंड उनमें निवेश कर देते हैं। शेयर और बॉन्ड में कितना-कितना निवेश करना है, इसका फैसला करने के लिए फंड कंपनियां कीमत और चाल जैसे अलग-अलग पहलुओं पर नजर रखने वाले मॉडलों का इस्तेमाल करती हैं। फंड मैनेजर इनके हिसाब से ही शेयर और बॉन्ड चुनकर पोर्टफोलियो तैयार करते हैं। इस समय शेयरों के भाव अब तक की सबसे ज्यादा ऊंचाई पर चल रहे हैं, इसलिए मूल्यांकन पर चलने वाले बैलेंस्ड एडवांटेज फंडों ने शेयरों में आवंटन कम कर दिया है और बॉन्ड में ज्यादा रकम लगा रहे हैं।

### राज्यों का रेवेन्यू नवंबर तक 5 प्रतिशत बढ़ा

देश के 16 सबसे बड़े राज्यों की कुल राजस्व प्राप्तियां अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान पांच प्रतिशत की दर से बढ़ीं। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि 17.4 प्रतिशत रहने का बजट अनुमान है। इक्रा रेटिंग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान राजस्व वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 80 प्रतिशत घट गई। राज्यों ने चालू वित्त वर्ष में नवंबर, 2023 तक सालाना आधार पर 37 प्रतिशत अधिक कर्ज लिया है। राजस्व प्राप्ति उम्मीद से कम रहने के चलते उन्हें अपने ऋण, वेतन तथा पेंशन का भुगतान करने के लिए चालू वित्त वर्ष में भारी उधार लेना होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि राजस्व में कमी बिक्री कर में गिरावट, राज्य माल एवं सेवा कर संग्रह , उत्पाद शुल्क और स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क से कम प्राप्तियों के चलते हुई। रिपोर्ट में कहा गया कि केंद्रीय अनुदानों में कमी के चलते भी राज्यों की स्थिति तंग हुई है। इक्रा ने कहा कि चौथी तिमाही में राजस्व संग्रह बेहतर होने का अनुमान है, लेकिन यह वृद्धि कमी को पूरी तरह से दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी।

### बजट में 'मोदी की गारंटी' छाए रहने की संभावना

सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में 'मोदी की गारंटी' की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं। यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा। गर्ग ने कहा, ''वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिये मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं।'' उन्होंने कहा, ''सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों – को लक्षित किया था।

### लाल सागर मार्ग से देश का निर्यात 50 प्रतिशत, आयात 30 प्रतिशत

लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग-अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है। क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल-फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए। फिलहाल अमेरिकी और ब्रिटेन की सेना भी विद्रोहियों पर जवाबी हमले में लगी हुई है। घरेलू कंपनियां यूरोप, उत्तरी अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और पश्चिम एशिया के हिस्से के साथ व्यापार करने के लिए स्वेज नहर के माध्यम से लाल सागर मार्ग का उपयोग करती हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश से 18 लाख करोड़ रुपये का निर्यात (50 प्रतिशत) और 17 लाख करोड़ रुपये का आयात (30 प्रतिशत) इन क्षेत्रों से हुआ था।

### एफपीआई ने जनवरी में अब तक भारतीय शेयरों से 24,700 करोड़ रुपये निकाले

अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 24,700 करोड़ रुपये निकाले हैं। दूसरी ओर ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उनका उत्साह बना हुआ है। इस अवधि में उन्होंने बॉन्ड बाजार में 17,120 करोड़ रुपये का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक (25 जनवरी तक) भारतीय शेयरों से शुद्ध रूप से 24,734 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले पूरे दिसंबर में एफपीआई ने 66,134 करोड़ रुपये और नवंबर में 9,000 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''अमेरिका में बॉन्ड पर बढ़ता प्रतिफल चिंता का विषय है और इसकी वजह से हाल के दिनों में एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाल बने हुए हैं।''

# फेड रिजर्व के फैसले पर रहेगी बाजार की नजर


मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बैंकिंग और टेक कंपनियों में हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों को लेकर होने वाले फैसले पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 982.56 अंक अर्थात 1.4 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 70700.67 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 269.8 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की गिरावट लेकर 21352.60 अंक पर आ गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों पर भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 458.48 अंक अर्थात 1.2 प्रतिशत लुढ़ककर 37746.29 अंक और स्मॉलकैप 76.95 अंक यानी 0.2 प्रतिशत उतरकर 44363.74 अंक रह गया।

विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक बाजार के मिश्रित रुझान के बीच आईटी और बैंकिंग शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार में गिरावट देखी गई। भारत के पीएमआई मजबूत आंकड़ों के बावजूद बाजार को तेजी के लिए संघर्ष करना पड़ा। यह गिरावट यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के आसन्न दर निर्णयों के बारे में आशंकाओं के कारण थी।

अगले सप्ताह 30-31 जनवरी को फेड रिजर्व की होने वाली नीतिगत बैठक में ब्याज की मौजूदा दरों को यथावत बनाए रखने की संभावना से अमेरिकी बांड यील्ड में तेजी और बाजार में एफआईआई की बिकवाली हो सकती है। हालांकि अमेरिका में जारी मज़बूत




पीएमआई आंकड़ों के बीच सभी की निगाहें अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और बेरोजगारी के आंकड़ों पर हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था और संभावित नीतिगत दरों पर होने वाले निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं। विशेष रूप से विकास और वित्तीय तरलता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीबीओसी की आरक्षित अनुपात में 0.5 प्रतिशत की कटौती ने बीते सप्ताह घरेलू बाजार को अल्पकालिक समर्थन किया। हालांकि निवेशक चीन की व्यापक प्रोत्साहन योजनाओं पर अतिरिक्त विवरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

वित्तीय सलाह देने वाली कंपनी जीओजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि बीते सप्ताह ऊंचे भाव, कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों और मध्य-पश्चिम में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण बाजार बढ़त बनाए रखने में असमर्थ रहा। साथ ही मासिक वायदा सौदा निपटान का भी बाजार पर असर रहा। अगले सप्ताह प्रमुख देशों के नीतिगत दरों पर निर्णय जैसे वैश्विक कारकों पर बाजार की नजर रहेगी।

बीते सप्ताह 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर महाराष्ट्र सरकार के अवकाश की घोषणा और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश के कारण बाजार में तीन दिन ही कारोबार हुआ। इन तीन दिनों में एक दिन तेजी और दो दिन गिरावट रही।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और रिलायंस समेत 25 दिग्गज कंपनियों के शेयरों के छह प्रतिशत से अधिक तक लुढ़कने से मंगलवार को सेंसेक्स 1053.10 अंक का गोता लगाकर एक महीने के निचले स्तर 70,370.55 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 333 अंक लुढ़ककर 21,238.80 अंक पर रहा।

चीन की सरकार के बाजार को समर्थन देने के लिए नई पेशकश किए जाने की उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, धातु, तेल एवं गैस और कमोडिटीज समेत 19 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 689.76 अंक की तेजी लेकर 71,060.31 अंक और निफ्टी 215.15 अंक उछलकर 21,453.95 अंक हो गया।

वहीं, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के कमजोर परिणाम के दबाव में टेक महिंद्रा के छह प्रतिशत से अधिक लुढ़कने से गुरुवार को सेंसेक्स 359.64 अंक का गोता लगाकर 70,700.67 अंक और निफ्टी 101.35 अंक टूटकर 21,352.60 अंक रह गया।

# बिन्नी बंसल ने नया ई-कॉमर्स स्टार्ट-अप ऑपडोर लॉन्च किया

**स्टार्टअप ओपडोर एक बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) प्लेटफॉर्म है, जो ईकॉमर्स ब्रांडों को वैश्विक स्तर पर उभरने में सहायता करता है**

नई दिल्ली 28 जनवरी (पी एम ए) इस माह की शुरुआत में मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम में जानकारी मिली थी कि बिन्नी बंसल ने एक नया ई-कॉमर्स स्टार्ट-अप ओपडोर लॉन्च किया है। ओपडोर एक बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) प्लेटफॉर्म है, जो उभरते ईकॉमर्स ब्रांडों को वैश्विक स्तर पर उभरने में सहायता करता है। फ्लिपकार्ट के संस्थापक बिन्नी बंसल ने ई-कॉमर्स क्षेत्र में अपने नए उद्यम के लॉन्च के बाद कथित तौर पर कंपनी बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सचिन बंसल के साथ-साथ फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल ने कंपनी बोर्ड को इस सप्ताह की शुरुआत में इस्तीफे के बारे में जानकारी दे दी थी।

### ईकॉमर्स ब्रांडों के वैश्विक विस्तार में सहायक

इस महीने की शुरुआत में यह खबर आई थी कि बिन्नी बंसल ने ई-कॉमर्स कंपनियों को एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करने के लिए अपना नया स्टार्टअप, ऑपडोर लॉन्च किया है। ऑपडोर की वेबसाइट के अनुसार, यह प्लेटफार्म ई-कामर्स कंपनियों को वैश्विक स्तर पर विस्तार देने में सहायता करने वाला मंच है। स्टार्टअप वेबसाइट में बताया गया है कि यह प्लेटफार्म ईकॉमर्स ब्रांडों को वैश्विक बाजारों, ग्राहक व्यवहार, कराधान और अनुपालन, साझेदारी और तीसरे पक्ष के विक्रेताओं पर एंड-टू-एंड सेवाएं प्रदान करके सहायक साबित होगा।

### ऑपडोर मई 2021 में सिंगापुर में पंजीकृत की गई

कंपनी की वेबसाइट में बताया गया है कि ऑपडोर वैश्विक स्तर पर कई क्षेत्रों में निजी लेबल ब्रांडों का विस्तार करने के उद्देश्य से पूरी तरह से प्रबंधित अमेज़ॅन सेवाएं प्रदान करता है। बंसल का ऑपडोर अमेज़ॅन को एक अंतहीन अवसर के रूप में परिभाषित करता है। ऑपडोर ने अपनी वेबसाइट में बताया कि वैश्विक विस्तार को अपनाने वाले अमेज़ॅन विक्रेताओं में से लगभग दो-तिहाई या 63 प्रतिशत की बिक्री में वृद्धि देखी गई है। ऑपडोर मई 2021 में सिंगापुर में पंजीकृत की गई है। कंपनी एक वेंचर कैपिटल फर्म के रूप में काम कर रही है। इसे पहले थ्री स्टेट वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था।

### बिन्नी ने 2007 में की थी फ्लिपकार्ट की स्थापना

उल्लेखनीय है कि बिन्नी बंसल ने 2007 में बेंगलुरु में सचिन बंसल के साथ मिलकर फ्लिपकार्ट की स्थापना की थी। सचिन बंसल ने 2018 में फ्लिपकार्ट में अपनी पूरी पांच फीसदी हिस्सेदारी वॉलमार्ट को लगभग एक बिलियन डॉलर में बेच दी थी। इस खबर के सामने आने के बाद बिन्नी बंसल ने बताया कि उन्होंने कंपनी छोड़ने का फैसला किया है क्योंकि मैं देख रहा हूं कि कंपनी सक्षम हाथों में है। उन्होंने कहा मुझे पिछले 16 वर्षों में फ्लिपकार्ट समूह की उपलब्धियों पर गर्व है। फ्लिपकार्ट आज बेहद मजबूत स्थिति में है। कंपनी के पास मजबूत नेतृत्व और आगे बढ़ने का स्पष्ट रास्ता है।

### बिन्नी ज्ञान और अनुभव का एक अनूठा संयोजन

यह देखते हुए कि कंपनी मजबूत हाथों में हैं, मैंने कंपनी से अलग होने का निर्णय लिया है। बिन्नी बंसल ने शनिवार को बताया कि मैं अपनी टीम को शुभकामनाएं देता हूं, क्योंकि वे ग्राहकों के लिए अनुभव बदलना जारी रखेंगे और मैं व्यवसाय का एक मजबूत समर्थक बना रहूंगा।

वॉलमार्ट समूह ने भी इस खबर की पुष्टि की है। कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय रणनीति और विकास और क्षेत्रीय सीईओ-एशिया और वॉलमेक्स और फ्लिपकार्ट बोर्ड सदस्य लेह हॉपकिंस ने कहा कि व्यवसाय के संस्थापक के रूप में, बिन्नी ज्ञान और अनुभव का एक अनूठा संयोजन प्रदान करता है।

### फ्लिपकार्ट ने जताया सहयोग-साझेदारी के लिए आभार

लेह हॉपकिंस ने कहा हम भाग्यशाली हैं कि 2018 में वॉलमार्ट के निवेश के बाद से वह बोर्ड में बने रहे। उनकी सलाहों और अंतर्दृष्टि से कंपनी को बहुत फायदा हुआ। इस दौरान हमें उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। हम कामना करते हैं कि उनके अगले उपक्रमों में उन्हें बड़ी सफलता मिले। सीईओ और फ्लिपकार्ट बोर्ड सदस्य कल्याण कृष्णमूर्ति ने कहा कि हम पिछले कई सालों में बिन्नी के सहयोग और साझेदारी के लिए आभारी हैं। क्योंकि फ्लिपकार्ट समूह विकसित हुआ है और नए व्यवसायों में प्रवेश कर रहा है।

व्यवसाय के बारे में उनकी अंतर्दृष्टि और गहरी विशेषज्ञता बोर्ड और कंपनी के लिए अमूल्य रही है। फ्लिपकार्ट एक महान विचार और कड़ी मेहनत का परिणाम है, जिसे भारत में खरीदारी के तरीके को बदलने के लिए प्रतिबद्ध टीमों द्वारा बनाया गया है। हम बिन्नी को उनके अगले उद्यम के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# दिल्ली बाजार : अधिकांश खाद्य तेलों में टिकाव

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं अरहर दाल 500 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा सप्ताहांत पर 65 रिंगिट उबलकर 4020 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.31 सेंट की गिरावट के साथ 46.60 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सूरजमुखी तेल की 72 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13113 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19633 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12088 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10989 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8000 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 9666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पड़े रहे। सप्ताहांत पर चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 11500-11600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे स्थिर रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2700-2800 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4150-4250, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4550-4650 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# जोखिम बगैर करमुक्त और ऊंचा रिटर्न देती है सुकन्या समृद्धि योजना

सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना पर ब्याज दर इसी महीने बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दी, जिसके बाद इस पर भी वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के बराबर ब्याज मिलने लगा है।


छोटी बचत योजनाओं में अब सबसे ज्यादा रिटर्न इन्हीं दोनों पर मिल रहा है। सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2 फीसदी के रिटर्न पर कर भी नहीं लगता। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर भी इतना ही रिटर्न मिलता है मगर उस पर कर लगता है।

सेबी में पंजीकृत निवेश सलाहकार दीपेश राघव कहते हैं, 'अगर कोई व्यक्ति 30 फीसदी कर के दायरे में आता है तो किसी योजना में कर चुकाने के बाद 8.2 फीसदी रिटर्न तभी हासिल होगा, जब योजना 12 फीसदी रिटर्न दे रह हो।'

लोक भविष्य निधि पर भी कर नहीं लगता मगर उस पर ब्याज केवल 7.1 फीसदी है। सुकन्या समृद्धि में निवेश डूबने का जोखिम भी नहीं है। साथ ही कर बचत का फायदा मिलता है। राइट होराइजंस के संस्थापक और मुख्य कार्य अधिकारी अनिल रेगो कहते हैं, 'धारा 80 सी के तहत इसमें कर योग्य आय 1.5 लाख रुपये तक घट जाती है।' सुकन्या समृद्धि में तरलता कम होना भी फायदे की बात है।

# नोएडा समेत कई शहरों में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

नई दिल्ली । (पी एम ए) वैश्विक बाजार में रविवार को एक बार फिर से कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा दर्ज किया गया. 28 जनवरी को जहां डब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम में 0.84 प्रतिशत यानी 0.65 डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी हुई तो वहीं ब्रेंट क्रूड के दाम 1.36 फीसदी यानी 1.12 डॉलर महंगे हो गए. इसके बाद डब्ल्यूटीआई क्रूड का भाव बढ़कर 78.01 डॉलर प्रति बैरल तो वहीं ब्रेंट क्रूड की कीमत 83.55 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई. इसी के साथ देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बदल गईं. हालांकि, देश के चार प्रमुख महानगरों में ईंधन के दाम आज भी स्थिर बने हुए हैं। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में रविवार




को ईंधन के बाद बदल गए. दिल्ली से सटे नोएडा-ग्रेटर नोएडा में पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम हुई हैं. यहां पेट्रोल-डीजल 18-18 पैसे सस्ता होकर 96.76 और 89.93 रुपये लीटर बिक रहा है.

जबकि वाराणसी में पेट्रोल 23 पैसे महंगा होकर 97.49 और डीजल 22 पैसे चढ़कर 90.67 रुपये लीटर बिक रहा है.

जबकि आगरा में पेट्रोल-डीजल 25-25 पैसे गिरकर 96.20 और 89.37 पैसे लीटर पर आ गया है.

वहीं प्रयागराज में पेट्रोल 26 तो डीजल 25 पैसे सस्ता होकर क्रमशः 97.53 और 90.71 रुपये लीटर बिक रहा है. गोरखपुर में पेट्रोल 5 पैसे सस्ता होकर 96.74 और डीजल 5 पैसे गिरकर 89.92 रुपये लीटर बिक रहा है. सुल्तानपुर में पेट्रोल-डीजल 34-34 पैसे चढ़कर क्रमशः 98.51 और 91.66 रुपये लीटर बिक रहा है.

### देश के अन्य राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दाम

पश्चिम बंगाल के नादिया में पेट्रोल 48 पैसे चढ़कर 107.25 और डीजल 45 पैसे महंगा होकर 93.90 रुपये लीटर बिक रहा है. जबकि नॉर्थ 24 परगना में पेट्रोल का भाव 67 पैसे महंगा होकर 106.70 और डीजल 62 पैसे चढ़कर 93.38 रुपये लीटर पहुंच गया है. वहीं हावड़ा में पेट्रोल-डीजल क्रमशः 39-37 पैसे महंगा होकर 106.42 और 93.13 रुपये लीटर बिक रहा है. बिहार के गोपालगंज में पेट्रोल-डीजल क्रमशः 28 और 25 पैसे गिरकर 108.24 और 94.98 रुपये लीटर पर आ गया है।

# फरवरी में 11 दिन बैंक शाखाओं पर नहीं होगा काम, आरबीआई के अनुसार इन तिथियों को बंद रहेंगे बैंक

नई दिल्ली। साल 2024 का पहला महीना यानी जनवरी खत्म होने वाला है।

फरवरी महीने की शुरुआत होने वाली है। 2024 लीप वर्ष है इसलिए इस बार फरवरी महीना 29 दिनों का है। बैंक छुट्टियों की बात करें तो फरवरी महीने में 11 दिन बैंक शाखाओं पर विभिन्न छुट्टियों के कारण काम नहीं होगा। ऐसे अगर आपको फरवरी के महीने में बैंक से जुड़ा ऐसा कोई काम है, जिसे शाखा पर जाकर ही निपटाया जा सकता है तो बचे 18 दिनों में ही निपटाना पड़ेगा। आइए जानते हैं फरवरी महीने में पड़ने वाली बैंक छुट्टियों के बारे में।

### 4, 10 और 11 फरवरी

फरवरी महीने की पहली छुट्टी 4 तारीख को रहेगी, क्योंकि इस दिन रविवार है। इस दिन पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। इसके बाद 10 फरवरी को दूसरा शनिवार होने के कारण बैंकों में छुट्टी रहेगी।

11 फरवरी को रविवार होने के कारण देशभर में फिर बैंक बंद रहेंगे। 10 फरवरी को लोसर का त्योहार भी है, जो गंगटोक में मनाया जाता है।

### 14, 15 और 18 फरवरी

बसंत पंचमी यानी सरस्वती पूजा भी फरवरी में मनाई जाएगी। ऐसे में कुछ जगहों पर इस दिन बैंकों में छुट्टी रहेगी। इस साल बसंत पंचमी 14 फरवरी को है।

इस दिन पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और उड़ीसा में बैंकों में छुट्टी रहेगी। इसके अलावा 15 फरवरी को लुई-लगाई-नी के कारण मणिपुर में बैंक बंद रहेंगे और 18 फरवरी को रविवार होने के कारण देशभर के बैंक बंद रहेंगे।

### ऑनलाइन सुविधाओं का इस्तेमाल कर ग्राहक निपटा सकेंगे अपना काम

भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक, सभी राज्यों की बैंक छुट्टियां स्थानीय मान्यताओं और पर्व त्यौहारों के आधार पर अलग-अलग दिनों को होती है। आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर इन छुट्टियों की पूरी लिस्ट दी जाती है। जिसमें राज्यों के हिसाब से अलग त्योहारों पर मिलने वाली छुट्टियों का पूरा ब्यौरा दिया होता है। इन छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन बैंकिंग की सुविधा जारी रहती है, ऐसे में ग्राहकों का काम चलता रहता है और उन्हें बैंक शाखाएं बंद होने के बावजूद परेशानी नहीं होती है। ग्राहक छुट्टियों के दिन भी ऑनलाइन बैंकिंग की सहायता से बैंकिंग से जुड़े अपने ज्यादातर काम निपटा सकते हैं।

### 19, 20 और 24 फरवरी

19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी जयंती है। ऐसे में इस दिन महाराष्ट्र के बैंकों में अवकाश रहेगा।

20 फरवरी के दिन स्टेट डे के होने के कारण अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में बैंकों की छुट्टी रहेगी। 24 फरवरी को चौथा शनिवार होने के कारण बैंक बंद रहेंगे।

### 25 और 26 फरवरी

25 फरवरी को रविवार होने के कारण देशभर के बैंकों में छुट्टी रहेगी। 26 फरवरी के दिन अरुणाचल प्रदेश में न्योकुम होने के कारण बैंकों की छुट्टी रहेगी। बाकी जगहों पर बैंक खुले रहेंगे।

### धारावी पुनर्विकास योजना के तहत रहने वाले लोगों के आंकड़े इकट्ठा किए जाएंगे

नई दिल्ली। भारतीय अरबपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाली एक फर्म फरवरी में मुंबई में धारावी के पुनर्विकास योजना के हिस्से के रूप में 10 लाख गरीब निवासियों के डेटा और बायोमेट्रिक्स एकत्र करने का काम शुरू करेगी। इसे एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में से एक माना जाता है। सर्वेक्षण इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे यह करने में मदद मिलेगी कि धारावी के निवासियों में से कौन पुनर्विकास किए जा रहे क्षेत्र में एक मुफ्त घर प्राप्त करने का पात्र होगा। अधिकारियों ने इस क्षेत्र को पुनर्विकसित करने के लिए दशकों तक संघर्ष किया है। यह स्लम एरिया 640 एकड़ में फैला हुआ है। अदाणी समूह ने अंततः महाराष्ट्र राज्य के साथ मिलकर क्षेत्र के पुनर्विकास के लिए बोली जीती है, हालांकि यह अनुबंध सौंपे जाने पर भी कानूनी विवाद विचाराधीन है।

# एलन मस्क को पीछे छोड़ बर्नार्ड अरनॉल्ट बने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति

वाशिंगटन। फोर्ब्स ने वर्तमान समय के अरबपतियों की सूची जारी की है। लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम अरबपतियों की सूची के मुताबिक, वैश्विक लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के सीईओ अरनॉल्ट और उनके परिवार की कुल संपत्ति शुक्रवार को 23.6 बिलियन डॉलर की वृद्धि के बाद 207.8 बिलियन डॉलर हो गई। वहीं मस्क के 204.5 बिलियन डॉलर से अधिक है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 25 जनवरी को टेस्ला को शेयर बाजार से झटका लगा, जिसके चलते उनकी संपत्ति में 13 फीसदी की गिरावट आई। जिसके कारण मस्क की कुल संपत्ति 18 बिलियन डॉलर से भी ज्यादा कम हो गई है। वहीं दूसरी ओर,



एलवीएमएच के शेयरों में 13 फीसदी से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई थी। फोर्ब्स के मुताबिक एलवीएमएच का मार्केट कैप शुक्रवार को 388.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया।

टेस्ला के शेयरों में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। मस्क ने आगाह किया था कीमतें कम करने के बावजूद बिक्री बढ़ोतरी कम हो जाएगी। जिसके चलते पहले ही दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी निर्माता के मार्जिन में सेंध लग गई है। इससे पहले मस्क ने बुधवार को कहा कि विकास काफी कम होगा क्योंकि टेस्ला 2025 की दूसरी छमाही में अपने टेक्सास कारखाने में सस्ते अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रिक वाहन बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा।

हालांकि उन्होंने कहा कि नए मॉडल के उत्पादन में तेजी लाने से चुनौतियां पैदा होंगी क्योंकि इसमें नवीनतम तकनीकें शामिल होंगी।

## शार्ट न्यूज

### सिनर ने मेदवेदेव को हराकर जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल का खिताब



मेलबर्न। इटली के युवा टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल के फाइनल में रूस के डेनियल मेदवेदेव को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है। आज यहां सिनर ने पहले दो सेटों में पिछड़ने के बाद मेदवेदेव पर तीन सेट लगातार जीतते हुए 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से मुकाबला अपने नाम किया। पहले सेट मेदवेदेव ने सिनर को 6-3 के अंतर से हराया। दूसरे सेट में भी मेदवेदेव ने तूफानी खेल दिखाया। उन्होंने सिनर को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। इस तरह मैच में वह 2-0 से आगे हो गए। सिनर ने वापसी करते हुए तीसरा सेट 6-4 से और चौथा सेट भी 6-4 के अंतर से जीत लिया है। तीसरे सेट को उन्होंने 6-3 से जीतकर मैच को अपने नाम कर लिया। इसकी खिताबी जीत के साथ ही सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल का फाइनल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गये है।

### रिदम और उज्जवल ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक

काहिरा। भारत के रिदम सांगवान और उज्जवल मलिक ने आईएसएसएफ विश्व कप 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय निशानेबाजी टीम ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अर्मेनियाई जोड़ी एल्मिरा करापेटियन और बेनिक खलघटयान को 17-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं कजाकिस्तान की इरिना यूनुसमेतोवा और वेलेरी राखिमजान ने इटली की चियारा जियानकामिल्ली-फेडेरिको निलो मालदिनी की जोड़ी को 16-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन राउंड में भारतीय जोड़ी ने 580 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि करापेटियन-खलघटयान 581 अंकों के साथ 24 निशानेबाज़ों के बीच में शीर्ष पर रहे। मनु भाकर और रविंदर सिंह ने आठवें स्थान के लिए 575 का स्कोर हासिल किया और मेडल राउंड में जगह नहीं बना सके। मनु भाकर ने भी शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत राउंड में निराशाजनक प्रदर्शन किया और 18वें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। इस बीच, अर्जुन बाबुता और सोनम मास्कर को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के सियोनैड मैकिन्टोश और डीन बेल से 16-14 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### दीप ग्रेस एक्का ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपियन और भारतीय महिला हॉकी की दिग्गज डिफेंडर एवं पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीप ग्रेस एक्का ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी के अपने शानदार करियर को अलविदा कह दिया। एक्का ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने संन्यास की घोषणा की। हॉकी इंडिया ने एक्का को भारतीय महिला हॉकी टीम के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में एक्का का सफर 2011 में ही शुरू हुआ था जब वह केवल 17 वर्ष की थीं। उन्होंने अर्जेंटीना में फोर नेशन टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया। इसके बाद वह बैंकॉक, थाईलैंड में अंडर18 गर्ल्स एशिया कप में खेलने गईं और उनके मजबूत प्रदर्शन के कारण वह राष्ट्रीय शिविर में नियमित रूप से शामिल हो गई। ओडिशा के सुंदरघ जिले के लुलकीडीही गांव की रहने वाली एक्का ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह जिस भारतीय जूनियर टीम का हिस्सा थीं उसने जर्मनी में 2013 महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। उस वर्ष उन्होंने जूनियर और सीनियर दोनों टीमों में जगह बनाई, 2013 में महिला एशिया कप में सीनियर टीम के साथ कांस्य और 2013 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीता।

### सु वेई और मर्टेंस की जोड़ी ने किया कमाल

मेलबर्न। ताइवान की अनुभवी टेनिस खिलाड़ी हसीह सु वेई ने रविवार को इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना दूसरा खिताब जीता। मिश्रित युगल में अपनी सफलता के बाद उन्होंने बेल्जियम की एलिस मर्टेंस के साथ मिलकर महिला युगल का खिताब जीत लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 11वीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक और लातविया की येलेना ओस्टापेंको की जोड़ी को परास्त किया। सु वेई और मर्टेंस ने मिलकर मेलबर्न में रविवार (28 जनवरी) को मैच को 6-1, 7-5 से अपने नाम कर लिया। 38 साल की उम्र की सु वेई अमेरिका की लिसा रेमंड के बाद ग्रैंड स्लैम युगल खिताब जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बन गई हैं। रेमंड ने 2011 यूएस ओपन में सफलता मिलने के समय सु वेई से सिर्फ आठ दिन बड़ी थीं। ऑस्ट्रेलियन ओपन में सु वेई और मर्टेंस ने मिलकर पहली बार महिला युगल का खिताब जीता है। हालांकि, दोनों खिलाड़ी इससे पहले मिलकर एक ग्रैंडस्लैम जीत चुकी थीं। सु वेई और मर्टेंस ने विम्बलडन 2021 में सफलता हासिल की थी। इस तरह दोनों ने मिलकर दूसरा ग्रैंडस्लैम जीता है।

### पाकिस्तान ने भारतीय टीम के लिए जारी किया वीजा, 3-4 फरवरी को भिड़ेंगी दोनों टीमें

नई दिल्ली। नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग ने पाकिस्तान और भारत के बीच डेविस कप में विश्व ग्रुप -1 प्लेऑफ मैच खेलने के लिए सहयोगी स्टाफ सहित भारतीय डेविस कप टीम को वीजा जारी किया है। विश्व ग्रुप 1 प्ले-ऑफ मुकाबला तीन और चार फरवरी को इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जाना है। नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक बयान में कहा पाकिस्तान उच्चायोग, नई दिल्ली ने डेविस कप खेलने के लिए सहयोगी स्टाफ सहित भारतीय डेविस कप टीम को वीजा जारी किया है। पाकिस्तान और भारत के बीच विश्व ग्रुप 1 प्लेऑफ मैच होना है। भारतीय डेविस कप टीम 1964 के बाद पहली बार पाकिस्तान की यात्रा करेगी। भारत ने 2019 में अपने सबसे हालिया तटस्थ साइट मैच में पाकिस्तान को 4-0 से हराया। इससे पहले, अखिल भारतीय टेनिस संघ ने पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप 2024 विश्व ग्रुप I प्ले-ऑफ के लिए छह सदस्यीय भारतीय टेनिस टीम चुनी, जो तीन और चार फरवरी को इस्लामाबाद में होगी। मैच पाकिस्तान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ग्रास कोर्ट पर होंगे। पूर्व खिलाड़ी रोहित राजपाल भारतीय डेविस कप टीम के गैर-खिलाड़ी कप्तान बने रहेंगे, जबकि जीशान अली कोच होंगे।

### वंदना कटारिया की महिला हॉकी टीम में वापसी

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की विफलता से उबरते हुए सविता पूनिया की अगुवाई वाली 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच प्रो लीग मैच में ताजा शुरुआत करने की कोशिश करेगी। उत्तराखंड की वंदना कटारिया की चोट से उबरने के बाद वतौर उप कप्तान टीम में वापसी हुई है। इसी चोट के कारण वह इस महीने के शुरू में रांची में ओलंपिक क्वालिफायर्स में नहीं खेल पाई थीं। रांची में भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिससे वह ओलंपिक में जगह बनाने से चूक गई जबकि पिछले दो चरण में टीम ने क्वालिफाई किया था। टोक्यो ओलंपिक में टीम चौथे स्थान पर रही थी। प्रो लीग का भुवनेश्वर चरण तीन से नौ फरवरी तक चलेगा जबकि राउरकेला चरण 12 से 18 फरवरी तक होगा। भारत दोनों चरण में अमेरिका, नीदरलैंड, चीन और ऑस्ट्रेलिया से दो-दो बार भिड़ेगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत तीन फरवरी को मौजूदा एशियाड चैम्पियन चीन के खिलाफ करेंगी।

# इंग्लैंड ने भारत को 28 रनों से हराया




हैदराबाद। हार्टली की सात विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को भारत को दूसरी पारी में 202 रनों पर समेत कर 28 रन से मुकाबला जीत लिया है। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

231 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम तू चल मैं आया की तर्ज पर एक के बाद एक विकेट गंवाते हुए 69.1 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। कप्तान रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 39 रन बनाये। केएल राहुल 22 रन, अक्षर पटेल 17 रन, यशस्वी जायसवाल 15 रन, रवींद्र जडेजा दो रन और शुभमन गिल खाता खोले बगैर आउट हुए। श्रेयस अय्यर 13 रन, श्रीकर भरत और आर अश्विन 28-28 रन और मोहम्मद सिराज 12 बनाकर आउट हुये। बुमराह छह रन पर नाबाद रहे।

इंग्लैंड की ओर से हार्टली को सात विकेट मिले। जो रूट और जैक लीच ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड को दूसरी पारी में लंच से पहले 420 के स्कोर पर समेट दिया है, और अब भारत टीम को मुकाबला जीतने के लिए 231 रन बनाने है।

राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आज सुबह के सत्र मे इंग्लैंड ने तीसरे दिन के अपने स्कोर छह विकेट पर 317 रन से आगे खेलना शुरू किया है। बुमराह ने रेहान अहमद को 28 रन पर भरत के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड को सातवां झटका दिया। इसके बाद अश्विन ने टॉम हार्टली 34 रन बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। नौवें विकेट के रूप में मार्क वुड शून्य को जडेजा ने भरत के हाथों कैच आउट कराया।

इंग्लैंड की ओर से ओली पोप ने सबसे ज्यादा रन बनाये उन्हें बुमराह ने 196 के स्कोर पर बोल्ड कर दोहरा शतक बनाने से रोका और इसी के साथ इंग्लैंड की दूसरी पारी 420 रनों पर सिमट गई। इंग्लैंड को 230 रन की बढ़त मिली है और भारत को जीत के लिए 231 रन बनाने है।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिये। आर अश्विन को तीन विकेट मिले। रवींद्र जडेजा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। अक्षर पटेल को एक विकेट मिला। टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 316 रन बना कर भारत के खिलाफ 126 रनो की बढ़त बनाई थी। लंच के बाद के बाद इंग्लैंड ने अच्छा प्रदर्शन किया। चाय के समय जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने मेहमान टीम पांच विकेट 172 पर लुढ़का दिये थे। लेकिन पोप ने कड़ा संघर्ष करते हुए डटे रहे और नाबाद 148 रन बनाकर इंग्लैंड को खेल में वापस ला दिया। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में शतक बनाने वाले वह पहले विदेशी बल्लेबाज है। बेन फॉक्स और पोप के बीच छठे विकेट के लिए 112 रन की शानदार साझेदारी हुई।

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में कल के स्कोर सात विकेट से 421 रन से आगे खेलना शुरु किया मगर जो रूट की खतरनाक फिरकी के आगे मेजबानो की एक न चली और भारत की पहली पारी अपने कल के स्कोर में मात्र 15 रन का इजाफा करके पवेलियन लौट गयी। रूट ने जडेजा को 87 रन के स्कोर पर पगबाधा आउट किया जबकि रुट ने बुमरा को खूबसूरती से क्लीन बोल्ड कर दिया।

# हॉकी इंडिया ने हरबिंदर को पद्मश्री मिलने पर दी बधाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को अनुभवी हॉकी स्टार हरबिंदर सिंह को प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई दी।

हरबिंदर सिंह सेंटर फॉरवर्ड के रूप में 1964 में टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की जीत का हिस्सा थे। टीम ने फाइनल में प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया था और अपना पहला ओलंपिक खेल रहे हरबिंदर सिंह ने चतुष्कोणीय स्पर्धा में पांच गोल किए थे।

उन्होंने 1961 और 1972 के बीच भारत के लिए खेला, तीन ओलंपिक खेलों में भाग लिया और प्रत्येक में पदक जीता। 1964 में स्वर्ण पदक के अलावा, वह 1968 मैक्सिको ओलंपिक और 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। वह भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग का हिस्सा थे जब टीम ने 1966 में एशियाई खेलों में स्वर्ण और 1970 में रजत पदक जीतकर एशिया में अपना दबदबा बनाया था। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने हरबिंदर सिंह को बधाई देते हुए कहा, हमें बहुत खुशी है कि हरबिंदर सिंह को हॉकी में उनके अनुकरणीय करियर के लिए प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह एक आदर्श रहे हैं। हममें से कई लोगों के लिए और वह युवा हॉकी सितारों की इस पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। मैं उन्हें यह पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई देता हूं।

हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोला नाथ सिंह ने कहा, हॉकी इंडिया की ओर से, मैं हरबिंदर सिंह को बधाई देता हूं।

वह हमेशा भारत के बेहतरीन सेंटर फॉरवर्ड में से एक के रूप में जाने जाएंगे, उन्होंने इच्छानुसार स्कोर करते हुए देश के लिए कई पुरस्कार जीते। वह आज भी खेल की सेवा कर रहे हैं। किसी भी क्षमता में शामिल होने के लिए हमेशा तैयार रहते है और वह हमारे लिये प्रेरणादायक है।

### ऐतिहासिक ग्रैंड स्लैम जीतने के बाद मालामाल हुए रोहन बोपन्ना, इनाम में मिले करोड़ों रुपये

**नई दिल्ली।** भारत के रोहन बोपन्ना ने शनिवार को अपने साथी मैथ्यू एबडेन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत। वह पुरुष युगल इतिहास में सबसे उम्रदराज नंबर एक खिलाड़ी भी बन चुके हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने रॉड लेवर एरेना में गैर वरीय इतालवी जोड़ी सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी पर 7-6 (7/0), 7-5 से जीत दर्ज की। एक टीम के रूप में यह इन दोनों का पहला खिताब था और पिछले 60 ग्रैंड स्लैम के बाद बोपन्ना का पुरुष युगल में पहला खिताब था। बोपन्ना सबसे ज्यादा मैच खेलने के बाद चैंपियन बनने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अगले सप्ताह नई रैंकिंग जारी होने पर 43 वर्षीय बोपन्ना पुरुष युगल इतिहास में सबसे उम्रदराज नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के पुरुष युगल फाइनल के विजेता रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन को कुल 730,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि मिली, जो लगभग तीन करोड़ 98 लाख भारतीय रुपये है। टेनिस के उच्च गुणवत्ता वाले खेल में, दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटे और 39 मिनट तक चले फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल की।

# वेस्टइंडीज की एहतिहासिक जीत, ऑस्ट्रेलिया को आठ रन से हराया



ब्रिस्बेन। शमार जोसेफ सात विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को रोमांचक मुकाबले में एहतिहासिक जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया को आठ रनों से हरा दिया है। और इसी के साथ में वेस्टइंडीज ने सीरीज 1-1 से बराबर कर ली हैं।

वेस्टइंडीज के लिए यह जीत बहुत बड़ी है। वर्ष 2003 के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को किसी मुकाबले में हराया है। वेस्टइंडीज ने करीब 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जीता है।

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में शुरुआती खराब रही और स्मिथ को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। कैमरून ग्रीन ने 42 रन बनाकर आउट हुये। ग्रीन और स्मिथ के बीच 127 गेंद में 71 रन की साझेदारी हुई। इन दोनों के अलावा ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ा स्कोर मिचेल स्टार्क 21 रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में सबसे ज्यादा रन स्टीव स्मिथ नाबाद 91 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 216 रनों की जरूरत थी लेकिन पूरी टीम 207 रन पर ही ढेर हो गयी।


वेस्टइंडीज के लिए शमर जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दूसरी पारी में सात विकेट लिये। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले। जस्टिन ग्रीव्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

कल दिन का खेल खत्म होने के समय सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ नाबाद 33 रन के साथ कैमरन ग्रीन नाबाद नौ रन क्रीज पर थे। आक्रामक अंदाज से मैच को अपने पक्ष में करने के लिये आस्ट्रेलिया चौथे दिन की शुरुआत कैरिबियाई गेंदबाजों पर प्रहार के साथ कर सकता है हालांकि केमार रोच, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स के सामने लक्ष्य के लिये जरुरी 156 रन बनाने आसान नहीं होंगे।

पहली पारी में 22 रन की अहम बढ़त के बाद वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पहला विकेट जल्द गंवाने के बावजूद ठीक कर खेलेने का प्रयास किया।

# इराक से बचे हुए सैनिक निकालेगा अमेरिका

**पहले राउंड की बैठक हुई; इराकी पीएम ने कहा था- आपसी लड़ाई के लिए हमारी जमीन इस्तेमाल न करें**



इराक में मौजूद अमेरिकी सेना को निकालने के लिए शनिवार को बगदाद में पहले राउंड की बैठक हुई। इसमें इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया-अल-सुदानी सहित कई सीनियर अधिकारी और इराक की सेना के अफसर मौजूद रहे।

पीएम ऑफिस ने अपने स्टेटमेंट में कहा- इराक और अमेरिका के बीच सैन्य गठबंधन को खत्म करने के लिए पहली बैठक हुई है। मिलिट्री एक्सपर्ट्स मिलकर आईएसआईएस के खिलाफ बने वैश्विक गठबंधन के सैन्य मिशन को खत्म करने का नेतृत्व करेंगे। फिलहाल इराक में करीब 2500 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं।

#### इराक में आईएसआईएस के खतरे की जांच होगी

इराक के पीएम ऑफिस की स्टेटमेंट के मुताबिक, अमेरिकी सैनिकों की वापसी के लिए 3 वर्किंग ग्रुप बनाए गए हैं। ये इस बात की जांच करेंगे कि इराक में फिलहाल आईएसआईएस का कितना खतरा है। इसके अलावा इराकी सेना को मजबूत करने के लिए कितनी ट्रेनिंग और सपोर्ट की जरूरत है। अमेरिका के मुताबिक, सैन्य मिशन खत्म करने की शर्तों पर बातचीत के लिए एक कमेटी बनाई गई थी। इसकी पहली बैठक पिछले साल हुई थी। लेकिन गाजा में इजराइल की जंग तेज होने के बाद से इराक में मौजूद ईरान-समर्थक गुटों ने इराक और सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर कई हमले किए। इसके जवाब में अमेरिका ने कार्रवाई की। हालांकि, इराक में इसका जमकर विरोध हुआ। अमेरिका ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि इराक से सेना को निकालने का फैसला 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले से पहले हो चुका था। हालांकि, इराक में मौजूद आईएसआईएस ने दावा किया है कि उनके हमलों के बाद अमेरिका ने इराक छोड़ने का फैसला किया है। आईएसआईएस ने कहा- अमेरिका सिर्फ दबाव और हमलों की भाषा जानता है। हम उन पर हमले जारी रखेंगे। इससे पहले 20 जनवरी को भी इराक में मौजूद अमेरिकी फौज पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला हुआ था। इसमें कई सैनिक घायल हो गए थे। अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने इस हमले के पीछे ईरान के समर्थन वाले गुट को बताया था। हमले में अमेरिका के अल असद एयरबेस को निशाना बनाया गया था। इजराइल-हमास जंग शुरू होने के बाद से इराक-सीरिया में अमेरिका पर 140 से ज्यादा बार हमला हुआ है। इराक के प्रधानमंत्री अल सुदानी ने अपने देश में और अमेरिकी सैनिकों के घुसने पर पाबंदी लगा दी है। सुदानी ने कहा है कि अमेरिकी सैनिकों को इराक से निकालने के लिए एक समय सीमा तय करने की जरूरत है। दरअसल, सुदानी नहीं चाहते की ईरान और अमेरिका की दुश्मनी से उनके देश में कोई नई जंग छिड़ जाए। सुदानी ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में कहा था कि ये हमें बिल्कुल मंजूर नहीं है कि कुछ देश आपसी लड़ाई के बीच हमारी जमीन का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

### तुर्किए को एफ-16 लड़ाकू विमान बेचने की मंजूरी

वाशिंटन। अमेरिका ने तुर्किए को एफ-16 लड़ाकू जेट की बिक्री को मंजूरी दी है। इस सप्ताह तुर्किए की संसद द्वारा स्वीडन की उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की सदस्यता को मंजूरी देने के बाद अमेरिका ने इस देश को एफ-16 लड़ाकू विमान की बिक्री को मंजूरी दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कांग्रेस को नाटो सहयोगी तुर्किए को युद्धक विमान और ग्रीस को 8.6 अरब डॉलर के उन्नत एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने के 23 अरब डॉलर के समझौते के बारे में शुक्रवार को सूचित किया। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यह समझौता तुर्किए द्वारा स्वीडन के नाटो में शामिल होने के लिए वाशिंगटन में अपना अनुमोदन पत्र प्रस्तुत करने और कई प्रमुख कांग्रेस सदस्यों द्वारा अपनी आपत्तियां उठाने के बाद आया है। तुर्किए ने अक्टूबर 2021 में एफ-16 विमान का अनुरोध किया था, लेकिन स्वीडन की नाटो बोली को मंजूरी देने में अंकारा की देरी ने कांग्रेस की मंजूरी में बाधा उत्पन्न की थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, 20 महीने के बाद, तुर्किए संसद ने स्वीडन की बोली को मंजूरी दे दी, और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने कांग्रेस से बिना किसी देरी के एफ-16 बिक्री को मंजूरी देने का आग्रह किया। डेमोक्रेटिक सांसद बेन कार्डिन ने कहा, एफ-16 विमान खरीदने के तुर्किए के अनुरोध को मेरी मंजूरी स्वीडन की नाटो सदस्यता के लिए तुर्किए की मंजूरी पर निर्भर है। लेकिन कोई गलती न करें- यह कोई ऐसा निर्णय नहीं था जिस पर मैं आसानी से सहमत हुआ।

### इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 26,422 हुई

गाजा। हमास की ओर से संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि गाजा पट्टी पर सात अक्टुबर 2023 से हो रहे इजरायली हमलों में फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 26,422 हो चुका है। मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों में 165 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 290 अन्य को घायल किया। बयान के अनुसार, वर्तमान में चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष में कम से कम 65,087 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। बड़ी संख्या में पीड़ित अभी भी मलबे में दबे हुए हैं और उन तक एम्बुलेंस और नागरिक रक्षा दल नहीं पहुंच सके हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हवाई और तोपखानों की बमबारी देखी जा रही है, विशेष रूप से दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में। उन्होंने कहा कि बमबारी शहर के पश्चिमी इलाकों और नासिर अस्पताल और अल-अमल अस्पताल के आसपास के क्षेत्र में केंद्रित है। इस बीच, फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक बयान में कहा कि इजरायली बलों द्वारा निरंतर घेराबंदी करने से अल-अमल अस्पताल का ऑक्सीजन स्टॉक खत्म हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिछले दो दिनों में, खान यूनिस ने सात अक्टूबर, 2023 को लड़ाई शुरू होने के बाद से सबसे भयंकर इजरायली हमले देखे जा रहे हैं।

### राहत फतेह के हमले के वीडियो की शीघ्र होगी जांच

लंदन। ब्रिटेन के 'ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट' ने जानेमाने पाकिस्तानी गायक राहत फतेह अली खान के हाल के मारपीट के वीडियो वायरल होने के संदर्भ में कहा है कि दुर्व्यवहार के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए मामले की शीघ्र ही जांच का आदेश दिया जायेगा। समाचार पत्र डेली मेल ने कहा कि पाकिस्तानी गायक घरेलू हिंसा विरोधी ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट के राजदूत है। उनका एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह बैंड के एक सदस्य को थप्पड़ मारते और पीटते हुए दिख रहे हैं। किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा स्थापित हिंसा विरोधी ट्रस्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक बयान जारी करके कहा, हम दुर्व्यवहार के सभी आरोपों को गंभीरता से लेते हैं और हम इसकी तत्काल जांच करेंगे। विडियों में गायक को एक व्यक्ति पर थप्पड़, लात और जूते से हमला करते हुए देखा गया है, जबकि व्यक्ति ने उनसे ऐसा नहीं करने की विनती कर रहा है। यह हमला पिछले साल टेक्सास के ह्यूस्टन में हुआ था। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए गायक ने शनिवार रात इस विवाद पर प्रतिक्रिया दी और सफाई दी कि मामला वास्तव में वैसा नहीं था जैसा कि वीडियो में दिखाया गया है। इस बीच, उस व्यक्ति, जिसकी वीडियो में पिटाई हो रही है, और जो गायक का छात्र बताया जा रहा है।

# फ्रांस में मोनालिसा पेंटिंग पर सूप फेंका

**हेल्दी फूड का अधिकार मांग रहे हैं प्रदर्शनकारी; पेंटिंग को कोई नुकसान नहीं**



**पेरिस।** फ्रांस के पेरिस शहर के लूव्र म्यूजियम में रखी विश्व प्रसिद्ध पेंटिंग मोनालिसा पर रविवार को दो महिलाओं ने सूप फेंक दिया। ये महिलाएं एक सामाजिक संगठन की कार्यकर्ता हैं, जो फ्रांस में पोषक और टिकाउ भोजन को संवैधानिक अधिकार बनाए जाने की मांग कर रहा है।

मोनालिसा की पेंटिंग को घटना में कोई नुकसान नहीं हुआ। यह बुलेट प्रूफ ग्लास में रखी गई है। 1911 में यह चोरी हो चुकी है। 1913 में इसे बरामद किया गया था। इसके बाद से इस पेंटिंग की सिक्योरिटी फ्रांस की स्पेशल डिफेंस यूनिट करती है।

#### वीडियो भी वायरल

16वीं सदी में इस पेंटिंग को लियोनार्दो द विंची ने बनाया था और यह दुनिया की बेशकीमती धरोहरों में गिनी जाती है। इसको बुलेटप्रूफ ग्लास कवर में रखा जाता है। यही वजह है कि रविवार को हुई घटना में इस पेंटिंग को कोई नुकसान नहीं हुआ। जिन दो महिलाओं ने इस पेंटिंग पर सूप फेंका, उनकी टी-शर्ट्स पर 'फूड काउंटरअटैक' लिखा था।

इन महिलाओं ने कहा- आप ही बताइए, हमारे लिए क्या जरूरी है? कोई आर्ट वर्क या हेल्दी फूड राइट्स? सरकार का एगीकल्चर सिस्टम खुद बीमारू हो चुका है। किसान मर रहे हैं। हम फूड काउंटरअटैक ग्रुप के सदस्य हैं और इस हमले की जिम्मेदारी भी लेते हैं।

दूसरी तरफ, कल्चर मिनिस्टर रेचिदा दाती ने कहा- मोनालिसा की पेंटिंग को टारगेट करना गलत है। ये हमारी विरासत और धरोहर है। 2019 में हमने इसकी नए सिरे से सुरक्षा तय की थी। 2022 में एक एक्टिविस्ट ने इस पर केक फेंक दिया था।

### अंतरिक्ष में तीन सैटेलाइट प्रक्षेपित किया

**तेहरान।** ईरान ने रविवार को कहा कि उसने अपने अंतरिक्ष इतिहास में पहली बार एक साथ तीन स्वदेश निर्मित उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजा। यह जानकारी ईरानी छात्र समाचार एजेंसी (आईएसएनए) ने दी। आईएसएनए की रिपोर्ट के अनुसार, उपग्रहों को पृथ्वी की सतह से न्यूनतम 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक अण्डाकार कक्षा में प्रक्षेपित किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि तीन उपग्रहों में एक संचार और अनुसंधान उपग्रह, महडा और दो नैनो उपग्रह, कीहान-2 और हतेफ-1 शामिल हैं और उन्हें सेमनान के केंद्रीय प्रांत से स्वदेश निर्मित प्रक्षेपण वाहन सिमोर्ग (फीनिक्स) द्वारा प्रक्षेपित किया गया। महडा का प्राथमिक उद्देश्य कई कार्यों में सिमोर्ग के प्रदर्शन का आकलन करना और अंतरिक्ष में नए डिजाइन और प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन करना है।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित

संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# शार्ट न्यूज

## महाकवि जयशंकर प्रसाद की जयंती 30जनवरी को मनाई जाएगी


वाराणसी। महाकवि के प्रसाद मंदिर चेतगंज में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें ट्रस्ट की संयोजक कविता कुमारी प्रसाद ने बताया कि 30 जनवरी को प्रसाद मंदिर में महाकवि जयशंकर प्रसाद की जयंती मनाई जाएगी उन्होंने यह भी बताया कि भारत के विभिन्न शहरों में भी प्रसाद जी की जयंती का उत्सव मनाया जाएगा। कॉन्फ्रेंस की अगली कड़ी में अवधेश जी ने बताया कि चित्रकला नाटक कहानी निबंध के महाकवि प्रसाद जी थे उनके नाम से वाराणसी में एक कॉरिडोर बनवाया जाए जिसका नाम जयशंकर प्रसाद कॉरिडोर रखा जाए जिसमें सभी साहित्यकारों की रचनाएं प्रदर्शित की जाए एवं वाराणसी के साहित्यकारों या जो बाहर से वाराणसी में आकर रहे ऐसे साहित्यकारों के रचनाओं को भी उसमें प्रदर्शित किया जाए एक इक्वेटोरियम का निर्माण किया जाए एक खुला मंच बने इसके लिए मंत्री जी से हस्ताक्षर करवा करके डीएम को ज्ञापन दिया गया है पर्यटन सचिव का भी इसमें सहयोग है अवधेश जी ने यह भी बताया कि आज 28 जनवरी और 29 जनवरी को प्रसाद मंदिर में चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई है और 30 तारीख को यहां प्रसाद जी का जन्म उत्सव मनाया जाएगा एवं 18 फरवरी को प्रसाद मंदिर में चित्रकला प्रदर्शनी एवं संगोषी का आयोजन किया जाएगा और 21 फरवरी को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के महामना सभागार में संगोष्ठी एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा एवं 24 से 26 फरवरी तक शताब्दी प्रेक्ष बीएचयू में नाटक चित्रकला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

## सात दुकानों का ताला तोड़कर लाखों के सामान, और नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

गाजीपुर। (पीएमए) करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के उतरांव मोड़ बाजार के हार्टमनपुर चर्च गेट के सामने कटरे में स्थित सात दुकानों का ताला तोड़कर चोरों ने बृहस्पतिवार की रात लाखों रुपये के सामान और एक लाख रुपये नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुटी रही, लेकिन चोरों को दबोचना तो दूर चिन्हित करने में भी सफलता नहीं मिली। उतरांव मोड़ बाजार के हार्टमनपुर चर्च गेट के सामने कटरे में स्थित दुकानों को बंदकर दुकानदार प्रतिदिन की तरह घर चले गए। दूसरे दिन सुबह जब बाजार के लोगों की नजर खुले हुए दुकानों पर पड़ी तो शोर मचाना शुरू कर दिया। अफरोज अंसारी की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से टेलीविजन, प्रेस, हिटर, इंडेकशन सहित 80 हजार रुपये नगदी सामान गायब थे। रितेश सिंह के रेडिमेड की दुकान से पचास हजार रुपये मूल्य के कपड़ों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। अमित राम के जनसेवा केंद्र की दुकान से इंवर्टर, बैट्री और नगदी गायब थी। कलावती की ब्यूटी पार्लर की दुकान से मेकअप के सामान, मशीन और कपड़ा तथा 20 हजार नगदी, सतेंद्र के इलेक्ट्रॉनिक दुकान से भी सामान गायब थे। वहीं डिग्री कॉलेज के पास एक ब्यूटी पार्लर का भी सामान चोरों ने गायब कर दिया था। इस संबंध में करीमुद्दीपुर थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया की तहरीर मिली है। सीसीटीवी कैमरे से चोरों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## वरिष्ठ आईएएस के पिता का 92 वर्ष की आयु में निधन

प्रमुख संवाददाता। गौरवशाली भारत




रेवाड़ी। जिला महेन्द्रगढ़ में अपनी प्रशासनिक सेवा दे चुके वरिष्ठ आईएएस डॉ. जय कृष्ण आभीर के पूजनीय पिता रामकंवार जी का 92 वर्ष की आयु में बुधवार 24 जनवरी को निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। श्री आभीर के पिता के निधन पर सचिवालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दुख जताते हुए शोक प्रकट किया है। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत पुण्यात्मा की शान्ति हेतु श्री हरि बैकुण्ठ धाम में विष्णु चरण शरण के लिए मौन प्रार्थना की। साथ ही शोकाकुल परिवार को इस विडंम्बना घड़ी में परमात्मा धैर्य साहस शक्ति देने की विशेष प्रार्थना की। पुण्यात्मा राम कंवार जी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रविवार 4 फरवरी उनके पैतृक निवास कृष्ण कुंज, गाँव पीथनवास, जिला रेवाडी में किया जाएगा। आध्यात्मिक शांति हेतु हवन, प्रसाद कार्यक्रम भी इसी दिन निर्धारित किया गया है। हवन- प्रात: 8 बजे, प्रसाद- प्रात: 11 बजे से प्रभु इच्छा तक और श्रद्धांजलि सभा के लिए दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक का समय निश्चित किया गया है।

# निरंकारी संत समागम में उमड़ा लाखों का जन सैलाब

## परमात्मा के दर्शन करने से ही होता है भक्ति का आरम्भ : सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

नागपुर। प्रभु परमात्मा को जिस किसी भी नाम से पुकारा जायें पर ब्रह्मज्ञान द्वारा इसके दर्शन करने से ही वास्तविक भक्ति का आरंभ होता है। यह दिव्य प्रवचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा महाराष्ट्र के 57वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के प्रथम दिन उपस्थित श्रद्धालुजनों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में नागपुर के मिहान एसईजेड़ इलाके में आयोजित इस तीन दिवसीय सन्त समागम में देश-विदेश से लाखों का जन परिवार सम्मिलित हुआ और सभी ने सतगुरु के दिव्य दर्शन एवं पावन प्रवचनों का आनंद प्राप्त किया।

सतगुरु माता जी ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि निराकार परमात्मा जो सर्वत्र समाया हुआ है, समूचे ब्रह्माण्ड का कण कण जिसमें निहित है, जो स्थिर, अनंत एवं सर्वव्यापी है ऐसे परमात्मा का बोध होने के उपरांत जब हम इससे भावरुप में इकमिक हो जाते हैं, तब हमारे अंदर मानवीय गुणों का स्वत- ही समावेश हो जाता है। तभी हम समस्त संसार एक परिवार की भावना से युक्त होकर जीवन जीते चले जाते हैं।

सतगुरु माता जी ने आगे समझाया कि हमारी जीव आत्मा इस परमपिता परमात्मा का ही अंश है जो इससे उभरकर अंत में इसी में समाहित हो जाती है। ब्रह्मानुभूति से हमें यह जब बोध हो जाता है कि हमारी वास्तविक पहचान यह शरीर नहीं अपितु हमारी आत्मा है जो इस परमात्मा से ही उत्पन्न हुई है। तो हमारी मुक्ती का मार्ग सहज ही सुलभ हो जाता है।

### सेवादल रैली

समागम के दूसरे दिन का शुभारम्भ एक आकर्षक सेवादल रैली द्वारा हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में सेवादल के भाईयों एवं बहनों ने वर्दियों में सुसज्जित होकर भाग





लिया। सतगुरु माता जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी का रैली में आगमन होते ही मिशन के सेवादल अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर दिव्य युगल का हार्दिक स्वागत किया गया। सेवादल रैली का अवलोकन करने के उपरान्त सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने मिशन के शान्ति के प्रतीक श्वेत ध्वज को लहराया।

इस रैली में शारीरिक व्यायाम के अतिरिक्त योगा, एरिएल सिल्क्स, मानव पिरामिड, रोप स्कीपिंग तथा अनेकों प्रकार के खेल कूद और करतब प्रस्तुत किए गए। इसी तरह मिशन की सिखलाई पर आधारित विभिन्न भाषाओं के माध्यम से लघु नाटिकायें प्रस्तुत की गई जिनके माध्यम से भक्ति में सेवा के महत्व को उजागर किया गया। यह प्रस्तुतिकरण नागपुर, मुंबई, पुणे, रत्नागिरी, गडचिरोली, छत्रपती संभाजी नगर, बारामती, रायगढ़ एवं वसई आदि क्षेत्रों के सेवादल यूनिटों द्वारा किया गया।

सेवादल रैली को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि सेवा में समर्पण का भाव सबसे अहम होता है। इसी भावना से प्रेरित होकर सेवादल के सभी सदस्य अपनी निर्धारित वर्दी में जहां जैसी भी आवश्यकता हो वहां पर तुरंत पहुंच कर अपनी सेवायें निष्काम भाव से निभाते हैं।

साथ ही अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए भी मिशन एवं समाज के प्रति सेवाओं के लिए निरंतर तत्पर रहते हैं। ऐसे समर्पित भाव के साथ ही सेवा, सुमिरण एवं सत्संग को जीवन में अपनाते हुए इस परमात्मा को प्राथमिकता देकर समूची मानवता की सेवा में सदैव तत्पर रहना सेवादल के सदस्यों का मूल भाव होता है।

### निरंकारी प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र

समागम में आयोजित भव्य 'निरंकारी प्रदर्शनी' श्रद्धालु भक्तों एवं समागम में आने वाले जनसाधारण के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस प्रदर्शनी को मुख्य प्रदर्शनी के अतिरिक्त बाल प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य व समाज कल्याण विभाग प्रदर्शनी के रूप में दर्शाया गया है।

उल्लेखनीय है कि निरंकारी बच्चों द्वारा विभिन्न मॉडल, आधुनिक तकनिकी, एनीमेशन इत्यादि के आधार पर बनाई गई बाल प्रदर्शनी को देखने के लिए नागपुर एवं आस पास के स्कूलों के छात्र सैंकड़ों की संख्या में समागम के तीन दिन पहले से ही आ रहे हैं। इस प्रदर्शनी में आधुनिक युग के जीवन में आ रही समस्याओं का सटीक समाधान मिशन की सिखलाई का आधार लेकर प्रस्तुत किया गया है। इस प्रदर्शनी को देखने वाले छात्र, उनके अभिभावक एवं अध्यापक वर्ग अत्यंत प्रभावित हैं और इस बाल प्रदर्शनी की काफ़ी सराहना की जा रही है।

इसके अतिरिक्त शारीरिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन, युवा एवं महिला सशक्तीकरण की दिशा में मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों को दर्शाने वाली समाज कल्याण प्रदर्शनी को भी जनसाधारण द्वारा सराहा जा रहा है।

# ट्रिनिटी द्वारका के10वें दीक्षांत समारोह में 218 छात्रों को मिली डिग्री, वीसी डॉ महेश वर्मा ने दिए ख़ास 'टिप्स'

नई दिल्ली. ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ('टिप्स'), द्वारका का दसवां वार्षिक दीक्षांत समारोह आजदीन दयाल उपाध्याय कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी, के एम्फीथिएटर में आयोजित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आर.के. टंडन, ने मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, इंजीनियर इंडिया लिमिटेड के डॉयरेक्टर श्री जय प्रकाश तोमर, औरगुरु गोविन्द सिंह यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा का बुके और मोमेंटो देकर स्वागत किया और कार्यक्रम में आने के लिए आभार भी व्यक्त किया.

समारोह की शुरूआत विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के %दीप प्रज्ज्वलन% के साथ हुई. इस अवसर पर छात्रों के द्वारा%सरस्वती वंदना% भी हुई. इस दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथियों के द्वाराडिग्री वितरण समारोह की शुरुआत की गई जिसमें सबसे पहलेटॉपर्स को गोल्ड मेडल दिए गए और फिर कुल 218छात्र-छात्राओं को स्नातक की डिग्री प्रदान की गई. डिग्री प्राप्त किए छात्र जनर्लिज्म, कंप्यूटर सी.एस.आईटी और मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के थे.




मुख्य अतिथि लोकसभा के सांसद माननीय श्री परवेश वर्मा ने अपने भाषण की शुरूआत जय श्री राम के जयघोष के साथ किया. उन्होंने छात्रों को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन से मिली शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया. उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी शिक्षा को समाज और देश की भलाई में लगाएंवहीं इंजीनियर इंडिया लिमिटेड के निदेशक और सम्मानित अतिथिश्री जय प्रकाश तोमर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन आपके लिए ऐतिहासिक दिन है, ये दिन हर किसी को नहीं मिलता। हर किसी छात्र को ट्रिनिटी जैसे संस्थान में पढ़कर आईपी यूनीवर्सिटी से डिग्री मिलने का सौभाग्य नहीं मिलता, आपको मिली इस डिग्री से आपके करियर और जीवन में नया सवेरा आएगा, आपको नए जोश के साथ अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करना होगा. इसी के साथ सी उन्होंने छात्रोंको उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के कुलपतिप्रोफेसर (डॉ.) महेश वर्मा ने छात्रों को अहम टिप्स दिए. उन्होंने छात्रों से लर्न, अनलर्न और रि-लर्न का सूत्र दिया.

साथ ही उन्होंने कहा कि पहला लक्ष्य बड़े सपने देखने का रखो दूसरा लक्ष्य उन सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत, धैर्य और सतत रुप से सीखते रहना चाहिए। डिग्री पाने वाले छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग अपनी शिक्षा का उपयोग अपने परिवार, अपने समाज, अपने देश के लिए करते हैं उन्हीं को दुनिया याद रखती है बाकी पैसे तो हर कोई कमा कर अपना जीवन यापन कर लेता है. उन्होंने संस्थान के चेयरमैन, डॉयरेक्टर, फैकल्टी मेंबर्स, के साथ साथ स्टूडेंट्स और उनके पैरेंटस को भी बधाई दी.

इस अवसर परट्रिनिटी के चैयरमैन डॉ. आर.के. टंडन नेबेस्ट टीचर अवार्ड की घोषणा भी की. ये अवार्ड सी.एस.आईटी विभाग कीडॉ. अपर्णा चतुर्वेदी को मिला. उन्होंने चेयरमैन को धन्यवाद देते हुए ये अवार्ड अपने साथी शिक्षकों को समर्पित किया.

अंत में, समारोहका समापनऔर वोट ऑफ थैंक्स संस्थान के डॉयरेक्टर प्रोफेसर (डॉ.) आशुतोष अग्रवाल ने दिया। उन्होंने इस समारोह को सफल बनाने में अपनी उपस्थिति के लिए गणमान्य व्यक्तियों, माता-पिता और संकाय को धन्यवाद दिया और स्नातकों के लिए सफलता और सीखने से भरी एक अद्भुत जीवन यात्रा की कामना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा हुआ। इससमारोह में डॉ. संध्या मैत्रा, डॉ. शशि बाला, डॉ मुक्ता शर्मा, डॉ. दीपालीसलूजा, डॉ. मुक्ता शर्मा,डॉ. अरुणेश द्विवेदी, डॉ अरविंद सागर समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे.

# कड़ाके की ठंड में चढ़ा महादानियों का पारा, 50 यूनिट रक्तदान

चंदौली। (पीएमए) खून की जरूरत वही समझ सकता है जिसकी एक-एक सांस उसपर टिकी हो। खून के जरूरतमंदों की मजबूरी समझते हुए और मानवता का धर्म निभाते हुए 8 डिग्री कड़ाके की ठंड में भी महादानियों का पारा चढ़ा रहा। चंदौली पुलिस की पहल पर लगे रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्तदान हुआ। आम जन की सुरक्षा में जुटे पुलिसकर्मियों ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार की पहल पर ठाना है कि उनके जिले में किसी की मृत्यु खून की कमी से नहीं होने दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक चंदौली ने गाँधी जयन्ती से संकल्प लिया तब से लगातार जनपद चन्दौली के अलग-अलग सर्किल में रक्तदान शिविरों का आयोजन करा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने अधीनस्थों से किए गए आह्वान पर सभी आला अधिकारियों ने मिलकर एक योजना बनाई कि जरूरतमंदों के लिए यह खाकी रक्तवीर बनकर लोगों की मदद करेगी।

इसी क्रम में रविवार दिनांक 28.01.2024 को पं0 कमलापति त्रिपाठी जिला संयुक्त चिकित्सालय चन्दौली के चिकित्सक/ विशेषज्ञों की टीम के तत्वाधान में डॉ0 अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक चन्दौली की अध्यक्षता में कोतवाली चन्दौली में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि टी. निखिल फुण्डे, जिलाधिकारी चन्दौली व डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक चन्दौली ने रक्तदान करके रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया।

जिलाधिकारी चन्दौली ने रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि रक्तदान एक महादान है जिससे दूसरों की जिन्दगी बचाई जा सकती है। इसके लिए रक्तदान करना जरुरी है। इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

एसपी डॉ0 अनिल कुमार ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। यह एक बहुत नेक कार्य है। ऐसा करके हम किसी को नया जीवन प्रदान कर सकते हैं। जागरूकता की कमी होने के कारण कई बार मरीजों को रक्त नहीं मिल पाता जिससे उनको बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हमारा मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान को लेकर भ्रान्तियों को दूर करना हैं। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान करने हेतु प्रेरित हो। जिससे थैलेसीमिया मरीजों को और दुर्घटना/ सर्जरी में पीड़ितों/मरीजों को समय से रक्त उपलब्ध हो सके।

# देश के विकास में समस्त शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : पंकज कुमार

सिलीगुड़ी। सिलीगुड़ी शहर के एक निजी होटल में स्थानीय संस्था ग्रोव कंसल्टेंसी एवम दिल्ली एनसीआर के ग्रेटर नोएडा में स्थित देश की जानी मानी संस्था जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस द्वारा संयुक्त रूप से सिलीगुड़ी एवम आसपास के शिक्षाविदों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज के इस आयोजित कार्यक्रम आयोजित इस कार्यक्रम में में लगभग 100 शिक्षकों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के सम्मान में सम्मानित किया गया।सर्वप्रथम जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के ग्रुप हेड आउटरीच पंकज कुमार एवं ग्रोव कंसल्टेंसी सिलीगुड़ी के निदेशक राजीव कुमार, राहुल कुमार एवं विकास कुमार जी के द्वारा समस्त शिक्षकों का स्वागत किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर आज के इस शिक्षाविद सम्मान समारोह कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई।




जीएनआईओटी संस्था के ग्रुप हेड आउटरीच श्री पंकज कुमार जी ने अपने उद्बोधन के दौरान सर्वप्रथम सिलीगुड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों से इतनी बड़ी संख्या में आए हुए समस्त शिक्षकों का अभिवादन किया और ग्रोव कंसल्टेंसी के समस्त सदस्यों का सिलीगुड़ी शहर में इस तरह के भव्य आयोजन के लिए अपनी ओर से धन्यवाद प्रेषित किया।

ग्रोव कंसल्टेंसी सिलीगुड़ी के निदेशकों ने अपने उद्बोधन में समस्त शिक्षकों का अभिवादन करते हुए बताया की गुरु सम्मान से बड़ा कोई सम्मान नहीं तथा इसी कड़ी में आज संस्था द्वारा सिलीगुड़ी शहर में इस तरह के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

उन्होंने बताया की इस तरह के सम्मान समारोह में सहयोग के लिए देश की नामी संस्था जीएनआईओटी ग्रुप का आभार व्यक्त किया।

जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के उपनिदेशक डॉ रुचि हयात ने अपने उद्बोधन में समस्त उपस्थित शिक्षाविदों का अभिवादन करते हुए बताया की हमारे समाज में एक गुरु को भगवान का रूप माना जाता है।

तथा आज के समय में देश एवम समाज के विकास में समस्त शिक्षाविदों का अहम योगदान है तथा आज सिलीगुड़ी शहर में इतनी बड़ी शिक्षकों के साथ अपने आप को देखकर गौरवान्वित महसूस कर रही हूं तथा उन्होंने ग्रोव कंसल्टेंसी के समस्त सदस्यों का इस तरह के भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद प्रेषित करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करते रहने का अनुरोध किया।

आज के इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

जीएनआईओटी प्रबंधन संस्थान के रीजनल हेड प्रदीप डे ने बताया की संस्था के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में शिक्षाविदों का सम्मान करना हम सब के लिए बहुत ही गर्व की बात है क्योंकि शिक्षा ही देश के विकास में रीड की हड्डी होते हैं।

घर-घर शिक्षा की अलख जगाने में शिक्षाविदों का अहम योगदान होता है शिक्षाविद कई तरह की चुनौतियों को पार करते हुए हमारे देश में शिक्षा के क्षेत्र में एक अद्भुत मिसाल कायम कर रहे हैं तथा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सपनों को भी सरकार कर रहे हैं। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए समस्त शिक्षाविदों से बालिका शिक्षा को और आगे बढ़ाने में भरपूर सहयोग की अपील की।

आज के इस कार्यक्रम में जीएनआईओटी संस्था की ओर से कबीर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## राम जानकी मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

कानपुर। (पीएमए) उत्तर प्रदेश के कानपुर में राम जानकी मंदिर को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। बम की धमकी वाले कई पोस्टर दीवारों पर चिपकाए गए थे और मंदिर के फर्श पर बिखरे हुए थे। भाजपा नेता रोहित साहू कानपुर के राम जानकी मंदिर के ट्रस्टी हैं। उन्हें भी धमकी भरा पत्र मिला है। खबरों के मुताबिक, अयोध्या में राम जानकी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। रोहित साहू के छोटे भाई राहुल साहू ने कहा, मुझे सुबह मंदिर की दीवारों पर चिपकाए गए और फर्श पर बिखरे हुए धमकी भरे पत्रों की जानकारी मिली। जब मैं यहां आया, तो मैंने भी हर जगह धमकी भरे पत्र बिखरे हुए देखे। मैं डर गया। किसी भी संभावित स्थिति से बचने के लिए मैंने दरवाजे बंद कर दिए और पुलिस बैरिकेड्स लगा दिए।

# भूमिहार समाज के खिचड़ी भोज में बोले पीठासीन अधिकारी, हर व्यक्ति में होनी चाहिए त्याग की भावना

लखनऊ। समाज की इकाई परिवार है। उसके बाद गांव और बिरादरी आता है। हम यदि परिवार को संगठित नहीं कर सकते तो फिर समाज को संगठित करने की कल्पना कैसे कर सकते हैं। हम सभी को मिलकर इस पर विचार करना चाहिए और अपनी बिरादरी व परिवार की सहायता के लिए त्याग करने की भावना होनी चाहिए। ये बातें श्रम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी बी.के. राय ने कही। वे भूमिहार समाज के खिचड़ी भोज कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह आयोजन लखनऊ के गांधी भवन में हुआ था, जिसका नेतृत्व अजय राय ने किया। बी.के. राय ने कहा कि हमारी विचारधारा संकीर्ण नहीं होनी चाहिए। संकीर्णता के कारण ही लोग अपनी



बिरादरी की बात करने से हिचकते हैं। हम अपनी बिरादरी का नाम ले रहे हैं, इसका मतलब यह नहीं कि हम दूसरों से अलग हो रहे हैं। हम तो अपनी बिरादरी को इकट्ठाकर राष्ट्रहित के हर काम में आगे आने के लिए इच्छुक हैं। इस अवसर पर समाजसेवी, पर्यावरण प्रेमी कृष्णानंद राय ने कहा कि हम हर जगह हैं, हमें अपनी उपस्थिति का एहसास कराने की जरूरत है। इसके लिए हम सभी को एक साथ आगे बढ़ना होगा। हम समाज के हित के लिए हम स्व में एकजुट रहें तो बेहतर होगा। इसके लिए बुजुर्गों के मार्गदर्शन में युवाओं को आगे आना होगा। वहीं एस.एन. राय ने संगठन को आगे बढ़ाने के लिए पंजीकृत कराने पर जोर दिया। मंच का संचालन गोपाल राय ने कहा कि हम सभी को समाज के काम के लिए आगे आना चाहिए। समाज से हम हैं। हमसे समाज नहीं है। यह सोच युवा वर्ग में डालने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के लिए जहां भी जरूरत रहती है, हम आगे रहते हैं। वहीं इटावा से आयीं ऋचा राय ने कहा कि हमारे पूज्य भगवान परशुराम हैं। हम हमेशा अपनी आन-बान-शान के लिए जीते हैं। इसको जीने के लिए हमें संगठित होना होगा। आगे भी हमारी शान बरकरार रहे, इसके लिए हम सभी को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। अजय राय के आग्रह पर सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से गांधी भवन के लाल बहादुर राय, अरूण राय, भूपेश राय, एडवोकेट कृपा शंकर राय, मुरलीधर राय, राकेश राय, सत्येन्द्र राय, सुधाकर राय आदि लोग उपस्थित थे।

# विद्यापीठ कोचिंग सेंटर में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया



केंद्रीय मंत्री मंत्री श्री राम दास आठवले जी के कार्यालय में कानूनी सलाहकार एडवोकेट अरुण बिडलान जी की सुपुत्री कराटे चैंपियन योशिता बिडलान को जन्म दिवस 28 जनवरी पर बधाई



दोसडका के विद्यापीठ कोचिंग सेंटर में, उड़ान वेलफेयर सोसायटी ने, संस्थान के बच्चों के साथ मिलकर गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया, जिसमे सभी ने भारत माता की जय का उदघोष किया संस्थान के संचालक सुखविंदर सिंह ने सभी को लड्डू बांटे। उड़ान संस्था के चेयरमैन परवीन धीमान ने अपने विचार सांझा किए। केंद्रीय मंत्री श्री राम दास आठवले जी के कार्यालय के कानूनी सलाहकार एडवोकेट अरुण बिडलान ने गणतंत्र दिवस का महत्व बताया, बताया कि 26 जनवरी 1950 को बाबा साहेब डा अंबेडकर द्वारा रचित भारत का संविधान लागू किया गया था, इस प्रकार भारत पूर्ण रूप से गणतंत्र देश बन गया था, इसी लिए प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया जाता है।

## सभी नावों में 31 मार्च तक सीएनजी इंजन लगा दिया जायेगा : अ.न.आ.

वाराणसी। (पीएमए) नगर निगम के अपर नगर आयुक्त ने बताया कि गंगा नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त किये जाने हेतु अनेक योजनाएं चलायें जा रहे हैं। स्वच्छ काशी एवं सुन्दर काशी में अधिकांश पर्यटक आते है एवं गंगा नदी में नौकायान भी करते है। उन्होने बताया कि गंगा नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त करने के लिए भारत सरकार द्वारा डीजल इंजन चलित नावों में सी0एन0जी0 लगवाया जा रहा है। जिसमें नगर निगम में पंजीकृत कुल 1202 नावों में से 784 नावों में सी0एन0जी0 लगा दी गयी है। शेष नावों में सी0एन0जी0 हेतु नाविकों के साथ बैठक की जा चुकी है।